


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़

लखनऊ वर्ष : 5 अंक : 217 रविवार, 20 सितम्बर 2026 भाद्रपद माह, शुक्ल, दशमी, विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 5 रुपया




## गृह मंत्री अमित शाह को फूड पॉइजनिंग

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को शनिवार को कर्नाटक दौरे के दौरान फूड पॉइजनिंग हो गई। तबीयत खराब होने के कारण उन्होंने हुब्बली में होने वाले एक कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया। केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता प्रल्हाद जोशी ने बताया कि फूड पॉइजनिंग के कारण शाह को उल्टी हुई और इससे उन्हें कमजोरी महसूस हुई। जोशी ने कहा कि अब अमित शाह पूरी तरह ठीक हैं। शाह शुक्रवार देर रात हुब्बली पहुंचे थे और शनिवार को उन्हें कई कार्यक्रमों में शामिल होना था।

अमित शाह को फूड पॉइजनिंग होने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी। इसी वजह से वह हुब्बली में केएलई जगद्गुरु गंगाधर महास्वामिगलु मूरुसाविरमठ मेडिकल कॉलेज की नई शैक्षणिक इमारत और 1,200 बिस्तरों वाले केएलई अस्पताल एवं मेडिकल रिसर्च सेंटर के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके।

## भारत में सुपर अल-नीनो की आहट: 180 से अधिक वैज्ञानिकों ने जताई चिंता

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** भारत में 180 से अधिक वैज्ञानिकों और पारिस्थितिकीविदों ने आगामी संभावित सुपर अल नीनो को लेकर शोधकताओं और क्षेत्रीय विशेषज्ञों से तैयारियां तेज करने की अपील की है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, यह घटना देश की प्राकृतिक प्रणालियों और उन पर निर्भर समुदायों पर गंभीर असर डाल सकती है।

अल नीनो के दौरान उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर के सतही जल का तापमान असामान्य रूप से बढ़ता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, प्रशांत क्षेत्र में तापमान अगस्त में 2.6 डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ चुका है और कुछ अनुमान 4 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा विसंगति की आशंका जता रहे हैं। जो बीते 1000 वर्ष में सबसे अधिक है।

## मानसून की विदाई के बीच प्रदेश के कई जिलों में बारिश की चेतावनी, 21 के बाद नहीं होगी बरसात

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** प्रदेश में मौसम की स्थिति लगातार बदल रही है। इसको लेकर मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार ने बताया कि शनिवार को प्रदेश के केंद्रीय भागों कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी आदि क्षेत्रों में बारिश हुई। जबकि आज दक्षिण पूर्वी क्षेत्रों बनारस, प्रयागराज में बारिश की संभावना है। बाकी के क्षेत्रों में मौसम सामान्य रहेगा। हालांकि कुछ क्षेत्रों में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी।

अतुल कुमार ने बताया कि निचले एवं मध्य क्षोभमंडल में प्रदेश के उत्तर पूर्वी भाग से उत्तर पूर्वी अरब सागर तक जा रही द्रोणी के कारण अरब सागर से आ रही नमी के अतिरिक्त प्रदेश के उत्तरी पश्चिमी भाग पर अवस्थित पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आज प्रदेश में कुछ स्थानों पर हुई हल्की से मध्यम वर्षा हुई।

इसके साथ ही शनिवार को पश्चिमी राजस्थान से मानसून वापसी आरंभ होने के साथ ही 20 सितंबर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं 21 सितंबर को पूरे प्रदेश में वर्षा का वर्तमान दौर थम जाएगा। इसके उपरांत उत्तरी अंडमान सागर पर बने निम्न दबाव क्षेत्र के उत्तरोत्तर मजबूत होते हुए दक्षिण उड़ीसा-उत्तरी आंध्रप्रदेश तट की ओर बढ़ने की संभावना के दृष्टिगत 23 सितंबर को पूर्वांचल से वर्षा का नया दौर आरंभ होकर 25 सितंबर तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश पहुंचने की संभावना है।

### एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए बड़ा बदलाव

# बुकिंग के लिए 1 अक्तूबर से आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** घरेलू एलपीजी सिलिंडर लेने वाले उपभोक्ताओं के लिए एक अक्तूबर 2026 से बड़ा बदलाव होने जा रहा है। सब्सिडी के साथ तय खुदरा कीमत पर घरेलू एलपीजी रिफिल बुक करने के लिए बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा। सरकार के मुताबिक, 27.43 करोड़ सक्रिय घरेलू एलपीजी उपभोक्ता पहले ही यह प्रक्रिया पूरी कर चुके हैं। यह कुल सक्रिय उपभोक्ताओं का 89.9 प्रतिशत है। जिन लोगों ने प्रमाणीकरण करा लिया है, उन्हें अब कोई अतिरिक्त कार्रवाई नहीं करनी होगी और उन्हें पहले की तरह एलपीजी रिफिल मिलता रहेगा।

एक अक्तूबर 2026 से सब्सिडी वाले घरेलू एलपीजी रिफिल की बुकिंग के लिए बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण जरूरी होगा। प्रमाणीकरण पूरा कर चुके उपभोक्ताओं को कोई अतिरिक्त प्रक्रिया नहीं करनी होगी। जिन उपभोक्ताओं ने प्रमाणीकरण नहीं कराया है, उन्हें सब्सिडी वाली दर पर रिफिल बुक करने की सुविधा प्रमाणीकरण पूरा करने के बाद मिलेगी।




आधार प्रमाणीकरण रिफिल की डिलीवरी के समय, एलपीजी वितरक के शोरूम या तीनों सरकारी तेल कंपनियों के मोबाइल ऐप के जरिए किया जा सकता है।

इंडेन उपभोक्ता इंडियनऑयल वन ऐप, भारतगैस उपभोक्ता हेलोबीपीसीएल और एचपी गैस उपभोक्ता एचपी पे के जरिए घर बैठे प्रमाणीकरण कर सकते हैं।

जो उपभोक्ता प्रमाणीकरण नहीं कराना चाहते या नहीं करा सकते, वे एलपीजी लेना जारी रख सकते हैं, लेकिन उन्हें बिना सब्सिडी बाजार कीमत पर सिलिंडर मिलेगा। जिन घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं ने अभी तक बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण नहीं कराया है, उनके लिए एक अक्तूबर के बाद सब्सिडी वाली दर पर रिफिल बुक करने की सुविधा प्रमाणीकरण पूरा करने के बाद ही उपलब्ध होगी। हालांकि, ऐसे उपभोक्ताओं को एलपीजी से वंचित नहीं किया जाएगा। वे अपनी पसंद दर्ज कराकर बाजार कीमत पर एलपीजी ले सकेंगे। इसके लिए तेल कंपनियों के डिजिटल चैनल, उपभोक्ता पोर्टल, मोबाइल ऐप, व्हाट्सऐप चैटबॉट और आईवीआरएस जैसी सुविधाओं का इस्तेमाल किया जा सकेगा। ऐसे उपभोक्ताओं को स्थानीय उपलब्धता के आधार पर 5 किलोग्राम या 10 किलोग्राम का सिलिंडर भी दिया जा सकता है।

आधार प्रमाणीकरण की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए सरकारी तेल कंपनियों ने अपने मोबाइल ऐप पर सुविधा उपलब्ध कराई है।

# सीएम योगी ने 21 युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

### बोले- हमने ग्रुप-3 व 4 भर्ती में इंटरव्यू सिस्टम बंद किया

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** योगी सरकार की ओर से शनिवार को प्रदेश भर में 818 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग व उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के तहत व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग में अनुदेशक, सूक्ष्म-लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग में सहायक सांख्यिकीय अधिकारी, आयुष विभाग में प्रोफेसर, रीडर, लेक्चरर व फार्मासिस्ट तथा चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में एक्सरे टेक्नीशियन के पद पर चयनित युवाओं को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र मिला।

उन्होंने कहा कि हमने मॉडर्न व ट्रेडिशनल मेडिसिन पर काम किया। अब आयुष विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज आदि बन रहे हैं। भर्ती प्रक्रिया (विज्ञापन से नियुक्ति पत्र वितरण तक) की समयबद्धता, मेरिट को लेकर समीक्षा हो रही है। पहले विज्ञापन जारी होते ही सिंडिकेट व गिरोह वसूली के धंधे में व्यस्त हो जाते थे। बची-खुची कसर इंटरव्यू पूरी कर देता था।



हमने ग्रुप-3 व 4 भर्ती में इंटरव्यू सिस्टम समाप्त कर दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ह्यमिशन रोजगारह्व के अंतर्गत शनिवार को एक लाख नई नौकरियों का शुभारंभ किया। उन्होंने नवचयनित 818 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे और उन्हें शुभकामनाएं दीं। सरकार पर प्रश्न खड़ा करने वाले समाजवादी पार्टी के नेताओं से सीएम योगी ने कहा, आप गिनते जाइए, हम छह महीने में एक लाख से अधिक नौजवानों को नियुक्ति देंगे। आज तीन विभागों के नियुक्ति पत्र दे रहे हैं।

रविवार को भी लगभग हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे। यह प्रक्रिया अनवरत चलेगी। यूपी पुलिस में 36 हजार, होमगार्ड में 41-42 हजार युवाओं की नियुक्ति करेंगे।

### हापुड़ में केशव मौर्य का अखिलेश पर तंज

## '2017 के चुनाव में पहुंच गए सपा प्रमुख', बोले- भाजपा 300 पार जाएगी

**एजेंसी न्यूज**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एक बार फिर सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसा है। एआई से वीडियो बनाने के मामले में उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव वर्ष 2017 के चुनाव में वापस पहुंच गए हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पूर्व से लेकर पश्चिम तक




कमल खिल रहा है। उत्तर प्रदेश में भाजपा 300 से अधिक सीटें जीतने जा रही है। अब अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनने के लिए मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का कुछ नहीं होने वाला है। बुलंदशहर से पिलखुवा जाते समय हाईवे-09 पर कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। वह पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष लज्जारानी गर्ग के आवास पर उन्हें श्रद्धांजलि देने जा रहे थे। इस दौरान जिंदाबाद के नारे लगा रहे कार्यकताओं को उन्होंने रोक दिया।

## महाराष्ट्र में सूखे का संकट: सीएम फडणवीस का एलान- करेंगे हरसंभव मदद

### किसानों को राहत देने की तैयारी में सरकार

**एजेंसी न्यूज**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि लंबे समय से बारिश नहीं होने के कारण राज्य के कई जिलों में सूखे जैसे हालात पैदा हो गए हैं और इससे फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। इससे कृषि उत्पादन में गिरावट की आशंका भी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रभावित किसानों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल ही में हुई कैबिनेट बैठक में मंत्रियों को अपने-अपने जिलों में फसलों की स्थिति का जायजा लेने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार अगले सप्ताह प्रारंभिक समीक्षा करेगी। इसके बाद फसल नुकसान का औपचारिक आकलन करने के लिए पंचनामे किए जाएंगे, ताकि प्रभावित किसानों को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार की फसल ऋण माफी योजना पर काम जारी है। अब तक लाभार्थियों की तीन सूचियां जारी की जा चुकी हैं। शेष सूचियों का काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पात्र किसानों को



राज्य सरकार की फसल ऋण माफी योजना पर काम जारी है। अब तक लाभार्थियों की तीन सूचियां जारी की जा चुकी हैं। शेष सूचियों का काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पात्र किसानों को योजना का लाभ मिल सके।

*देवेंद्र फडणवीस, मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र*

योजना का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि अल नीनो के संभावित प्रभाव को देखते हुए प्रशासन ने पहले से ही चारा उत्पादन की तैयारी शुरू कर दी थी। इसके साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में चारे की तत्काल आपूर्ति के लिए व्यवस्था की गई है। पेयजल की उपलब्धता बनाए रखने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

खड़ी फसलों को बचाने के लिए कुओं से सिंचाई करने वाले किसानों को शाम के समय अतिरिक्त बिजली उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सिंगल-फेज बिजली वाले क्षेत्रों में भी बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसान अपनी फसलों को सूखने से बचा सकें।

## यूपी: पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल, 35 आईपीएस अधिकारियों के तबादले

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शनिवार को 35 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इनमें पुलिस उपायुक्त, अपर पुलिस उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और सेनानायक स्तर के अधिकारी शामिल हैं। जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव को डीसीपी लखनऊ और कपिल देव सिंह को एसपी यातायात मुख्यालय बनाया गया है। चारु निगम को पुलिस अधीक्षक यूपी-112 लखनऊ से सेनानायक 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद बनाया गया। श्रवण कुमार सिंह पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्धनगर के पद पर भेजे गए। प्रमोद कुमार को एसपी साइबर मुख्यालय में तैनाती दी गई। रवि शंकर निम सेनानायक 02वीं वाहिनी एसएसएफ गोरखपुर बनाए गए हैं। अतुल शर्मा-क्क एसपी अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ और सोनम कुमार को डीसीपी प्रयागराज बनाया गया। डीसीपी रविंद्र कुमार आगरा पुलिस कमिश्नरेट भेजे गए हैं। नीरज कुमार पांडेय को एसपी पुलिस मुख्यालय प्रयागराज बनाया गया है। ममता रानी चौधरी और मो. इरफान अंसारी को एसपी सीआईडी बनाया गया। डीसीपी साद मियां खां को आगरा कमिश्नरेट और डीसीपी सैयद अली अब्बास को गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट में तैनाती दी गई है। एडीसीपी श्रुति श्रीवास्तव को प्रयागराज कमिश्नरेट, एडीसीपी विक्रम दहिया को एएसपी चंदौली बनाया गया। आयुष श्रीवास्तव को एसपी सिटी उन्नाव और राजेश गुनावत को एडीसीपी वाराणसी के पद पर तैनाती दी गई। अनंत चंद्रशेखर को एसपी सिटी जौनपुर होंगे। देवेश चतुर्वेदी को एएसपी पश्चिमी अयोध्या, विवेक तिवारी को एएसपी उत्तरी बाराबंकी और सुमित सुधाकर रामटेके को एएसपी उत्तरी संभल बनाया गया। अरीबा नोमान को एडीसीपी कानपुर, मनोज कुमार यादव को एडीसीपी आगरा और रिजुल को एडीसीपी गाजियाबाद के पद पर तैनाती मिली है। गौतम राय को एएसपी ग्रामीण बिजनौर और मेविस टॉक को एएसपी सोनभद्र बनाया गया। जोगेंद्र नाथ प्रसाद को कमिश्नरेट आगरा में डीसीपी के पद की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह बलवंत कुमार चौधरी को बतौर डीसीपी गाजियाबाद भेजा गया।

# सीएम योगी बोले- सपा सरकार में बिना आवेदन के ही होती थी नियुक्तियां, सरकार ने पैदा किए थे बिचौलिए

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन रोजगार के अंतर्गत शनिवार को एक लाख नई नौकरियों का शुभारंभ किया। लोकभवन सभागार में उन्होंने नए चयनित 818 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए। साथ ही सरकार पर सवाल खड़ा करने वाले सपा नेताओं से कहा कि आप गिनते जाइए, हम छह महीने में एक लाख से अधिक नौजवानों को नियुक्ति देंगे।

सीएम ने कहा कि सपा में बहुत सारी भर्तियां ऐसी हुई थीं। इसमें आवेदन न करने वालों को भी नियुक्ति पत्र मिल गया और आवेदन करने वाले देखते रह गए। सीएम ने युवाओं से अपील की कि आपके भविष्य से खिलवाड़ करने वालों के भविष्य से आप खिलवाड़ करें। आपको यह ताकत बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से दी है। सीएम ने आरोप लगाया कि 2017 से पहले उपदेशक चाचा-भतीजे की जोड़ी बेखौफ नौकरियों पर डकैती डालने निकलती थी, लेकिन 2027 के बाद ये उपदेश देने लायक भी नहीं रह पाएंगे।

उन्होंने कहा कि आज तीन विभागों के नियुक्ति पत्र दे रहे हैं। रविवार को भी युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे। यह प्रक्रिया अनवरत



चलेगी। पुलिस में 36 हजार, होमगार्ड में 41-42 हजार युवाओं की नियुक्ति करेंगे। इनके मेडिकल व फिजिकल की प्रक्रिया चल रही है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) के अगले छह महीने में जारी होने वाले परिणामों से 25-30 हजार नए युवाओं को अवसर मिलेंगे।

उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग से भी 20-25 हजार युवाओं की भर्ती होगी। तीन-चार महीने में इसके परिणाम आ जाएंगे। यूपीपीएससी की परीक्षाओं के बाद भी 15-16 हजार युवाओं को अलग-अलग विभागों में नियुक्ति मिलेगी। उन्होंने लोक सेवा आयोग व अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अधिकारियों को बधाई दी।

सीएम ने कहा कि आयोग व बोर्ड जब शासन की राजनीति का शिकार नहीं होते और परीक्षा की शुचितापूर्ण प्रक्रिया होती है, तो परिणाम भी ऐसे ही दिखते हैं। इस अवसर पर आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, चिकित्सा शिक्षा व परिवार कल्याण राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, एमएसएमई राज्यमंत्री हंसराज विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

सीएम ने कहा कि अब तक 9.50 लाख नौजवानों को नियुक्ति दी गई है। हम छह महीने में एक लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र देने जा रहे हैं। 2017 के पहले गदर मचाने वाले गिनती करें, हम नियुक्ति पत्र देते जाएंगे। 2017 के पहले तत्कालीन सरकार ने आयोगों-बोर्डों में भाई-भतीजों को बैठाकर पूरी प्रक्रिया को बदनाम कर दिया था। एक भी भर्ती ईमानदारी से नहीं होती थी।

सीएम ने कहा कि 2017 के पहले एक अयोग्य व्यक्ति को लोक सेवा आयोग का चेयरमैन बना दिया गया। उसके गदर के कारण सड़क पर उतर कर युवाओं को कहना पड़ा कि इसे जिंदगी भर जेल में सड़ाओ।

## चुनावी मोड में भाजपा

## पार्टी ने जारी की जिला प्रभारियों की सूची; आगामी चुनावों को लेकर कसी कमर

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** प्रदेश में अगले साल होने वाली चुनाव तैयारियों को तेज करते हुए भाजपा ने शनिवार को सभी 98 संगठनात्मक जिला प्रभारियों की सूची जारी कर दी है। सूची में कई पदाधिकारी और एमएलसी को प्रभारी बनाया गया है। सूची में प्रदेश संगठन से मुक्त किए गए कई एमएलसी और पदाधिकारी भी शामिल हैं। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष रहे त्रयंबक त्रिपाठी को लखनऊ महानगर तो हरदोई के पूर्व जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्रा को लखनऊ जिला का प्रभारी बनाया गया है। जबकि नीरज शर्मा को बाराबंकी जिला का प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की ओर से जारी सूची में कई मौजूदा जिला प्रभारियों के प्रभार वाले जिलों में बदलाव भी किए गए हैं। सूची के मुताबिक पार्टी के उपाध्यक्ष शिवभूषण सिंह को अयोध्या महानगर और एमएलसी अनूप गुप्ता को अयोध्या जिला का प्रभारी बनाया गया है। वहीं,



एमएलसी और पूर्व पार्टी उपाध्यक्ष संतोष सिंह को उन्नाव और अंबेडकर नगर के पूर्व जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी को श्रावस्ती, पार्टी उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह को रायबरेली और नीरज सिंह को लगातार दूसरी बार सीतापुर का प्रभारी बनाया गया है।

इसी तरह से एमएलसी और पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक को लखीमपुर, प्रदेश महामंत्री अवधेश श्रीवास्तव को अंबेडकर नगर, अवध के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा को हरदोई, अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री राहुलराज रस्तोगी को गोंडा, बृजभूषण सिंह को सुल्तानपुर, सुनील सिंह को अमेठी और रामकिशोर मौर्या को बलरामपुर का जिला प्रभारी बनाया गया है।

# समाधान दिवस में अचानक पहुंचे कमिश्नर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फरीदपुर (बरेली)।** तहसील फरीदपुर सभागार में एडीएम राजस्व एवं वित्त संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में औचक रुप से पहुंचे कमिश्नर शंभू कुमार ने फरियादियों को सुना।समाधान दिवस में ग्राम रम्पुरिया के निवासी लोगों ने सामूहिक रूप से गांव में बंदरों के आतंक की समस्या का समाधान करने की मांग की। ग्राम चठिया के निवासी लोगों ने सार्वजनिक पानी के नाले से अतिक्रमण हटवाकर जल निकासी सुचारु करने को लेकर सामूहिक शिकायत की।

ग्राम बाहनपुर में शमशान भूमि तक पहुंचने के लिए रास्ता, विश्राम स्थल, पानी आदि की व्यवस्था न होने को लेकर गांव वासियों ने शिकायत की। ग्राम नगला जसी निवासी कृष्णा कुमारी ने स्टेट बैंक शाखा फतेहगंज पूर्वी द्वारा उनकी खरीदी गई जमीन पर विक्रेता का केसीसी खाता बंद न किए जाने शिकायत थी। ग्राम मल्हपुर निवासी जाकिर अली ने शाहजहांपुर जिले के निवासी मो. आफाक द्वारा फर्जीबाड़ा कर सामान्य निवास प्रमाण पत्र जारी कराने की शिकायत की। ग्राम खानपुर के लोगों ने सामूहिक शिकायत करते हुए बताया कि पीडब्ल्यूडी ने सड़क चौड़ीकरण के कारण पुराना नाला पाट दिया था जिससे गांव में जल भराव व कीचड़ हो गई है। पीडब्ल्यूडी द्वारा 6 माह में दूसरा नाला बनाने का आश्वासन दिया गया था लेकिन अभी तक कार्य शुरू नहीं किया। बिथरी चैनपुर के ग्राम चंद्पुर बिचपुरी निवासी अय्यूब ने बिजली विभाग में सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर 50 हजार की ठगी करने की शिकायत की। ग्राम करतौली, बेहरा, नगरिया कला, हरेला, पचौमी, ढंडूली व केसरपुर के ग्राम प्रधानों ने सैलाब व अधिक बरसात के कारण चारा नहीं मिल पाने के चलते सामूहिक रूप से गौशाला के संचालन में अक्षमता बताकर समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दिया। समाधान दिवस में कुल 69 शिकायतें पहुंची जिनमें से 09 का निस्तारण मौके पर संभव हो सका। समाधान दिवस के पश्चात कमिश्नर ने तहसील परिसर में पौधारोपण भी किया। इस दौरान एडीएम संतोष कुमार सिंह, एसडीएम विदुषी सिंह, सीओ संदीप कुमार, आरएफओ ऋषि ठाकुर, बीडीओ फरीदपुर जितेन्द्र कुमार, बीडीओ भुता अर्जुन कुमार, ईओ पुनीत कुमार, पूर्ति निरीक्षक शम्भूनाथ सहित सभी तहसील के सभी थानों के प्रतिनिधि व अन्य विभागों के अधिकारी अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों को सुनते कमिश्नर शंभू कुमार, एडीएम, एसडीएम आदि अधिकारी। -जागरण मोर्चा

### कमिश्नर ने लंबित फाइलें न दिखा पाने पर पेशकारों को फटकारा

समाधान दिवस के दौरान कमिश्नर ने एसडीएम और तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण किया। तीन से पांच वर्ष से लंबित वादों की फाइलें मांगने पर पेशकार संबंधित अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सके। कर्मचारियों के नए होने की जानकारी पर उन्हें अभिलेखों के रखरखाव और जानकारी दुरुस्त रखने की हिदायत दी गई। कमिश्नर ने रिस्टोरेशन फाइलों का समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए। कुछ फाइलों में खामियां मिलने पर उन्हें साथ ले गए।

### 32 शिकायतें पहुंचीं, पांच का मौके पर निस्तारण

**मीरगंज।** तहसील परिसर में शनिवार को तहसील समाधान दिवस आयोजित किया गया। एसडीएम न्यायिक दिव्या ओझा ने अधिकारियों की मौजूदगी में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 32 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें पांच का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतें संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश दिए गए। सबसे अधिक 10 शिकायतें राजस्व विभाग की रहीं। पूर्ति विभाग की आठ, पुलिस की छह, बिजली की चार, ग्राम विकास की तीन तथा स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग की एक शिकायत प्राप्त हुई। एसडीएम ने अधिकारियों को शिकायतों का आवश्यकता के अनुसार मौके पर सत्यापन कर निष्पक्ष जांच के बाद निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्रवाई की जानकारी शिकायतकर्ता को भी उपलब्ध कराने को कहा। इस दौरान एसडीएम निधि शुक्ला, तहसीलदार आशीष कुमार सिंह समेत अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### श्रद्धा भाव से मनाई गई राधाष्टमी

**बहेड़ी।** भगवान् श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाए जाने के एक पखवाड़े बाद राधाष्टमी का पर्व परंपरागत रूप से बड़े ही उल्लास तथा श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। घरों में साफ सफाई के बाद विधिवत पूजा अर्चना की गई। धूप, दीप तथा नैवेद्य के साथ हवन पूजन कर राधारानी की आरती उतारी गई। श्री राधारानी की मूरत को हिंडोले पर बिठाकर उन्हें झूला झुलाया गया। तत्पश्चात प्रसाद व चरणामृत का भोग लगाकर श्रद्धालुओं ने वितरण किया और फिर स्वयं भी प्रसाद का पान कर व्रत का पारायण किया।

### 135 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मीरगंज।** शाही थाना पुलिस ने 135 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार बरामद स्मैक की कीमत करीब 13 .50 लाख रुपये है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है। पुलिस की ओर से जारी प्रेस नोट के मुताबिक, 18 सितंबर की रात करीब 10 :55 बजे पुलिस टीम फरीदापुर रोड पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिया के पास से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान बबलू पुत्र जमील अहमद निवासी ग्राम हरहरपुर मझकली, थाना फरीदपुर, जनपद बरेली के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 135 ग्राम अवैध स्मैक पाउडर बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ थाना शाही में मुकदमा अपराध संख्या 334/2026, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले भी मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक आशुतोष द्विवेदी, देवेंद्र सिंह, दिनेश कुमार, कांस्टेबल शुभम राठौर और मयंक शामिल रहे ।शाही पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर थाना प्रभारी की सक्रियता और अपराध नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की जा रही है।

### 511 ग्राम अफीम के साथ दो गिरफ्तार

**भमोरा।** पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 511 ग्राम अवैध अफीम, दो मोबाइल फोन और 310 रुपये की नकदी के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी झारखंड से अफीम लाकर बरेली में ट्रक चालकों और अन्य लोगों को बेचते थे। पुलिस ने दोनों को बमियाना रेलवे स्टेशन रोड पर चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान महेंद्र पुत्र सिपट्टर निवासी सिसौना थाना विशारतगंज और कुलदीप पुत्र राकेश यादव निवासी कल्यानपुर पट्टी थाना अलीगंज के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### आंवला में अवैध अफीम के साथ दो युवक गिरफ्तार

**आंवला।** पुलिस ने शुक्रवार देर रात दो युवकों को 1.606 किलो अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बाइक को सीज करने के साथ दोनों के कब्जे से दो मोबाइल भी बरामद किए हैं। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा है। पुलिस के अनुसार,बीती रात टीम ने आंवला-भमोरा मार्ग के मोहम्मदपुर पथरा गांव के समीप कच्चे रास्ते पर दो युवकों द्वारा बाइक लेकर किसी व्यक्ति के आने के इंतजार करते समय गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में दोनों ने अपने नाम अनिल और रोहित निवासी ग्राम कल्यानपुर थाना अलीगंज बताया है। तलाशी में उनके पास से 1 किलो 606 ग्राम अफीम, एक रेडमी और एक सैमसंग मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में दोनों ने बताया कि बैग में रखी अफीम किसी व्यक्ति को देने के लिए लाए थे और उसके आने का इंतजार कर रहे थे। पुलिस ने बरामद बाइक को सीज कर दिया है।

### राष्ट्रीय सर्पदंश जागरूकता दिवस पर सीएचसी मीरगंज में लोगों को किया जागरूक

**मीरगंज।** राष्ट्रीय सर्पदंश जागरूकता दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) मीरगंज में लोगों को सर्पदंश से बचाव, प्राथमिक सावधानियों और समय पर उपचार के प्रति जागरूक किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों को बताया कि सांप के काटने की स्थिति में घबराने के बजाय पीड़ित को जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाना चाहिए। समय पर उपचार मिलने से सर्पदंश के गंभीर प्रभावों से बचाव संभव है। कार्यक्रम में डॉ. रोहन दिवाकर ने सर्पदंश की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सांप के काटने के बाद किसी भी तरह की झाड़- फूंक या घरेलू उपचार के चक्कर में समय बर्बाद नहीं करना चाहिए। पीड़ित को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल ले जाना चाहिए, जहां चिकित्सकीय जांच के बाद आवश्यक उपचार किया जा सके। उन्होंने बताया कि सर्पदंश के बाद प्रभावित व्यक्ति को शांत रखें और अनावश्यक रूप से चलने-फिरने न दें। काटे गए स्थान पर चीरा लगाना, जहर चूसने का प्रयास करना, कसकर रस्सी या कपड़ा बांधना तथा बिना चिकित्सकीय सलाह के दवा देना नुकसानदायक हो सकता है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने की अपील की। फार्मासिस्ट संदीप कटियार और विनय पाल भदौरिया ने भी सर्पदंश की स्थिति में प्राथमिक स्तर पर बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने लोगों से बारिश के मौसम और खेतों में काम करते समय विशेष सावधानी बरतने की अपील की। स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि सर्पदंश की स्थिति में सही जानकारी और समय पर चिकित्सकीय सहायता ही सबसे महत्वपूर्ण है। लोगों को अंधविश्वास से बचते हुए वैज्ञानिक उपचार को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# मजदूर का बेटा बना लोको पायलट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फतेहगंज पश्चिमी।** तंगहाली में पढ़ाई करने वाले नौगवां निवासी अरविंद मौर्य का रेलवे में लोको पायलट पद पर चयन हुआ है। उन्हें इज्जतनगर मंडल में तैनाती मिली है। इस उपलब्धि पर यूनिक मॉडल इंटर कॉलेज में उनका अभिनंदन किया गया।

विद्यालय के प्रबंधक रमन कुमार जायसवाल और प्रधानाचार्य जसवीर सिंह ने माला पहनाकर उन्हें सम्मानित किया और मुंह मीठा कराया। अरविंद ने कक्षा चार से 12वीं तक की शिक्षा इसी विद्यालय में पाई। वर्ष 2017 की इंटरमीडिएट परीक्षा में उन्होंने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। विद्यालय के शिक्षकों के अनुसार वे शुरू से ही अनुशासित और पढ़ाई में तेज रहे। समारोह में उनके पिता ऋषिपाल मौर्य और माता रूपा मौर्य भी उपस्थित रहीं। अपनी कामयाबी का श्रेय अरविंद ने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। पिता ऋषिपाल मौर्य कम आमदनी में भी बच्चों की पढ़ाई से कभी समझौता नहीं करते थे। लगभग 15 साल पहले वे साइकिल से बरेली के शास्त्री मार्केट स्थित एक मेडिकल एजेंसी में काम पर जाते थे। अब वे परसाखेड़ा की एक प्लाईवुड फैक्टरी में मजदूरी करते हैं और आज भी साइकिल से ही आते-जाते हैं। ऋषिपाल खुद इंटर तक नहीं पढ़ पाए, जबकि मां रूपा इंटर पास हैं। बेटे की सफलता पर भावुक पिता ने प्रबंधक और प्रधानाचार्य का आभार जताया। विद्यालय परिवार ने अरविंद को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बताया।



# समाधान दिवस में 200 शिकायतें हुईं दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** माह के तीसरे शनिवार को डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित किया गया। इसमें राजस्व, पुलिस, आपूर्ति और बिजली विभाग समेत विभिन्न विभागों से संबंधित करीब 200 फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराईं। गांव जाम सावंत में वक्फ की जमीन को अवैध रूप से बेचकर उसकी प्लाटिंग किए जाने की शिकायत पर डीएम ने मामले को स्वयं देखने के निर्देश दिए।

गांव गरगैया के प्राथमिक विद्यालय में दो सप्ताह से मिड-डे मील नहीं बनने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने बीएसए और प्रधानाध्यापिका को तलब कर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सभासदों ने सरकारी अस्पताल की अव्यवस्थाओं की शिकायत की, जिस पर डीएम ने सीएमओ को व्यवस्था में सुधार कराने के निर्देश दिए। केसर शुगर मिल पर बकाया गन्ना भुगतान को लेकर किसान संगठनों ने ज्ञापन सौंपा। डीएम ने जल्द निस्तारण का आश्वासन देते हुए कहा कि गांव मुड़िया मुकर्रमपुर स्थित मिल की जमीन की 25 सितंबर को प्रस्तावित नीलामी से प्राप्त धनराशि भी किसानों के भुगतान में खर्च की जाएगी। उन्होंने हाईवे पर फर्जी टीआरपी लेकर गुजरने वाले ओवरलोड ट्रकों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। समाधान दिवस के बाद डीएम और सीडीओ देवयानी ने तहसील परिसर में नवनिर्मित प्रेरणा कैंटीन का उद्घाटन किया। इस दौरान एसपी उत्तरी मुकेश मिश्रा, एसडीएम गोपाल शर्मा, तहसीलदार भानु प्रताप सिंह, सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह सहित अधिकारी मौजूद रहे।



समाधान दिवस में जन शिकायत सुनते डीएम। -जागरण मोर्चा

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**भमोरा।** बदायूं से मेला देखकर बाइक से बरेली लौट रहे दो दोस्तों की बाइक में सिरोही गांव के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान सुभाषनगर बरेली निवासी सनी शर्मा (30) की मौत हो गई, जबकि उसका मित्र अनुराग शर्मा गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सनी शर्मा अपने मित्र अनुराग शर्मा के साथ शुक्रवार शाम बदायूं स्थित अपनी ससुराल से मेला देखकर बाइक से बरेली लौट रहे थे। पुठी मोड़ के पास पहुंचते ही अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान सनी शर्मा ने दम तोड़ दिया। अनुराग की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक के भाई सोनू शर्मा पुत्र रामवीर शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस वाहन और उसके चालक की तलाश कर रही है।




# चित्रकला में कस्तूरबा की छात्राएं अव्वल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फरीदपुर (बरेली)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में 'मेरे सपनों का भारत' चित्रकला सेवा अभियान के अंतर्गत सरकारी, मान्यता प्राप्त विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में कक्षा 5 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला, भाषण एवं क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसी क्रम में शनिवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय फरीदपुर में आयोजित कार्यक्रम में एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, प्रदेश मंत्री सुभाषिनी जायसवाल ने पहुंचकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। सर्वप्रथम छात्राओं ने अतिथियों का स्वागत किया तथा विभिन्न मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। छात्राओं ने 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर अपनी कल्पनाओं को चित्रों के माध्यम से जीवंत रूप प्रदान किया। अतिथियों ने छात्राओं द्वारा बनाई गई चित्रकला एवं अन्य कलाकृतियों का अवलोकन किया और उनकी रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस तथा उनके सार्वजनिक जीवन में सेवा, स्वच्छता, डिजिटल तकनीक, शिक्षा, महिला सशक्तीकरण, आत्मनिर्भरता और जनभागीदारी जैसे विषयों पर किए गए कार्यों का भी उल्लेख किया गया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को देश के विकास में अपनी भूमिका निभाने तथा 'विकसित भारत' की परिकल्पना को साकार करने में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।



चित्रकला का अवलोकन करते एमएलसी कुं. महाराज सिंह साथ में प्रदेश मंत्री सुभाषिनी जायसवाल।

### चलती ट्रेन की चपेट में आकर युवक गंभीर रूप से घायल

**फरीदपुर (बरेली)।** पीलीभीत से शाहजहांपुर जा रहा ध्रुव (24) पितांबरपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से गिरकर गंभीर घायल हो गया। पानी पीने के लिए उतरने के बाद ट्रेन चलने पर उसने दौड़कर पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन पैर फिसलने से नीचे गिर गया। हादसे में उसका बायां हाथ और दायां पैर कट गया। उसे बरेली के निजी अस्पताल भेजा गया।

# ट्रक ने दसवीं के छात्र को रौंदा, इकलौते भाई की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फतेहगंज पूर्वी।** थाना क्षेत्र के टिसुआ चौराहे पर शनिवार को दर्दनाक सड़क हादसे में एक किशोर की जान चली गई। सड़क पार करते समय घोड़ा ट्रक की चपेट में आने से अनमोल की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। अनमोल पांच बहनों का इकलौता भाई था। जानकारी के अनुसार बाकरगंज गांव निवासी राजपाल का 15 वर्षीय पुत्र अनमोल टिसुआ चौराहे पर कोचिंग पढ़ने आया था। इसी दौरान सड़क पार करते समय वह तेज रफ्तार घोड़ा ट्रक की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अनमोल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों के अनुसार अनमोल निकशुआ स्थित श्री कस्तूरी लाल जुक्खी सिंह इंटर कॉलेज में कक्षा 10 में पढ़ता था। पांच बहनों के बीच इकलौते भाई की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

टिसुआ चौराहा लंबे समय से हादसों का केंद्र बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चौराहे के आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों का इसी मार्ग से आवागमन होता है। सड़क के बीच डिवाइडर है, लेकिन सुरक्षित क्रॉसिंग या कट की समुचित व्यवस्था नहीं है। ऐसे में राहगीरों को मजबूरी में डिवाइडर पार कर सड़क पार करनी पड़ती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि टिसुआ क्षेत्र में आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। कई बार भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) से ओवरब्रिज या सुरक्षित क्रॉसिंग की मांग की जा चुकी है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। लोगों का कहना है कि टिसुआ चौराहा अब एक्सीडेंटल जोन के रूप में सामने आ रहा है और आए दिन होने वाले हादसों में लोगों की जान जा रही है। स्थानीय लोगों ने NHAI और प्रशासन से टिसुआ चौराहे पर सुरक्षित क्रॉसिंग, कट अथवा ओवरब्रिज की व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि राहगीरों को सड़क पार करने के लिए अपनी जान जोखिम में न डालनी पड़े। सीसी टीम के प्रभारी श्याम सिंह ने बताया कि छात्र के साथ उसका दूसरा साथ मोहित भी था। जो बाइक को साइड से खड़ी कर पानी पीने लगा। इतने में ही अनमोल उसे बगैर बताए। बाइक लेकर हाईवे क्रास करने लगा। इसी दौरान हाईवे पर तेज गति से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। घटना के बाद उसे सीएचसी फरीदपुर भिजवाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।





## एक नजर

### सर्पदंश से बचाव को लेकर लोगों को किया जागरूक

**बरेली।** अंतर्राष्ट्रीय सर्पदंश जागरूकता दिवस पर यूपीएचसी सीबीगंज की ओर से ग्रामीणों, विद्यार्थियों और मरीजों को सर्पदंश से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह के मार्गदर्शन और नोडल एनयूएचएम डॉ. अजमेर सिंह के निर्देशन में अभियान चलाया गया। डॉ. मधु गुप्ता ने ग्राम सैनेय्या, डॉल्फिन स्कूल और स्वास्थ्य केंद्र में लोगों को प्राथमिक उपचार की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सांप के काटने पर घबराने के बजाय पीड़ित को शांत रखकर प्रभावित अंग को स्थिर करें और तुरंत अस्पताल पहुंचाएं। काटे स्थान पर चीरा लगाने, जहर चूसने, घाव जलाने या कसकर रस्सी बांधने से बचें। झाड़-फूंक में समय न गंवाने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में प्रिंसिपल अजय द्विवेदी समेत यूपीएचसी टीम के सदस्य मौजूद रहे।

# ओटीएस में देरी पर भड़के नगर आयुक्त

## अतिरिक्त ब्याज का भार बढ़ने पर जिम्मेदार कर्मचारी से वसूली की चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** नगर निगम के कर विभाग में एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) की प्रगति और राजस्व वसूली की समीक्षा को लेकर नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य की अध्यक्षता में बैठक हुई। समीक्षा के दौरान ओटीएस से जुड़े कई आवेदन विभिन्न स्तरों पर लंबित मिलने पर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई और संबंधित कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए।

जांच में सामने आया कि ओटीएस के तहत मिले आवेदनों पर लिपिक स्तर से गणना चार्ट तैयार कर आगे भेजने में देरी हो रही है। जोनल अधिकारियों द्वारा भी इन आवेदनों की नियमित निगरानी नहीं की जा रही थी। इस पर जोनल अधिकारियों और कर निरीक्षकों को चेतावनी देते हुए आवेदनों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया। राजस्व निरीक्षक और कर समाहर्ता स्तर पर भी ऐसे प्रार्थना पत्र लंबित मिले, जिनमें स्थलीय जांच या परीक्षण किया जाना था। इसके अलावा भवन स्वामियों की ओर से बकाया मूलधन और ब्याज की अलग-अलग गणना कराने के लिए दिए गए आवेदन भी अनावश्यक रूप से रोके गए थे। नगर आयुक्त ने मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को निर्देश दिए कि बिना उचित कारण पत्रावलियां लंबित रखने वाले कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए। नगर आयुक्त ने ओटीएस को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सभी वार्डों के लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। तय समय में लक्ष्य पूरा नहीं करने वाले संबंधित कर्मचारियों और राजस्व निरीक्षकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई। उन्होंने कहा कि यदि भवन स्वामी मूलधन और ब्याज की अलग-अलग गणना के लिए आवेदन करता है और कर्मचारी उसे बेवजह लंबित रखता है, जिससे अतिरिक्त ब्याज या बिल की राशि बढ़ती है, तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित लिपिक, राजस्व निरीक्षक या कर समाहर्ता की होगी। निर्धारित अवधि में कार्रवाई नहीं होने पर बढ़ी हुई राशि की वसूली दोषी कर्मचारी के वेतन से करने के निर्देश दिए गए। बैठक में वित्तीय वर्ष की राजस्व वसूली की भी समीक्षा हुई। पिछले वर्ष की तुलना में कम वसूली करने वाले राजस्व निरीक्षकों और कर संग्रहकर्ताओं को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। सबसे कम वसूली वाले वार्डों में तैनात कर्मचारियों के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि के लिए प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने को भी मुख्य कर निर्धारण अधिकारी से कहा गया।

## मजदूर की मौत मामले में ठेकेदार को सजा

**बहेड़ी, बरेली।** न्यायिक मजिस्ट्रेट योगेश कुमार चौधरी की अदालत ने मजदूर की लापरवाही से हुई मौत के 11 साल पुराने मामले में आरोपी ठेकेदार शैलेश गर्ग को धारा 304-ए आईपीसी के तहत दोषी करार देते हुए दो वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। मामले में जगदीश चंद्र ने 14 मई 2015 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि उसका भाई शिवदयाल बिजली के खंभे लगाने का काम करता था। 13 मई 2015 को ठेकेदार ने उसे बिना सेफ्टी बेल्ट खंभे पर चढ़ने के लिए मजबूर किया, जिससे गिरकर उसकी मौत हो गई। विवेचना में आनंद पंडित की संलिप्तता नहीं मिली, जबकि शैलेश के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य पाए गए। पुलिस ने 20 जुलाई 2015 को आरोप पत्र दाखिल किया था। राज्य की ओर से अभियोजन अधिकारी नीलेश सिंह और बचाव पक्ष से अधिवक्ता सचिन अग्रवाल ने पैरवी की।

## संक्षेप समाचार



### श्रुति गंगवार ने गणेश पूजा पंडालों में नवाया सिर

**बहेड़ी।** झारखण्ड राज्य के राज्यपाल की बेटी श्रुति गंगवार ने भगवान् गणेश की मूर्ति विसर्जन की पूर्व संध्या पर गणेश पूजा पंडालों में जाकर अपना शीश नवाया और आरती में हिस्सा लिया। शेखूपुर , 84 घंटा मंदिर, गौरी शंकर मंदिर तथा मोहल्ला कानून गोयान में पालिका अध्यक्ष पति बाबी जायसवाल तथा क ई अन्य समर्थकों के साथ श्रुति गंगवार ने धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ कमाया।

### लेखपाल संघ ने मांगो को लेकर सौंपा ज्ञापन

**आंवला।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की ओर से शनिवार को तहसील में अपनी मांगो को लेकर प्रदेश के मुख्यसचिव को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार आंवला अतुल सेन सिंह को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि लेखपालों पर लगातार कार्यभार बढ़ रहा है, जबकि संसाधनों की कमी, लंबित पदोन्नति, वेतन विसंगति, अतिरिक्त कार्यभार और अवकाश के दिनों में ड्यूटी जैसी समस्याएं बनी हुई हैं। संघ ने अंतर्मंडलीय स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन पोर्टल दोबारा खोलने की मांग की है। बताया गया कि वर्ष 2025 में 2669 लेखपालों के आवेदन लिए गए थे, लेकिन इस पर आगे की कार्रवाई नहीं हुई। संघ ने चयन वर्ष 2025-26 की विभागीय पदोन्नति समिति की 29 अप्रैल 2026 को पूरी हो चुकी कार्यवाही के बाद भी पदोन्नति सूची जारी न होने का मुद्दा उठाया है। इसके अलावा चयन वर्ष 2024 के नव नियुक्त लेखपालों की प्रशिक्षण परीक्षा का परिणाम और प्रमाणपत्र जारी करने की मांग की गई है। ज्ञापन में स्टेशनरी भत्ता 100 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये प्रतिमाह, वाहन भत्ता 1500 रुपये प्रतिमाह और विशेष भत्ता 100 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये प्रतिमाह किए जाने की मांग भी शामिल है। भूलेख कार्यालयों और अन्य पटलों पर संबद्ध लेखपालों को अवमुक्त करने, ग्राम सचिवालय रोस्टर की व्यावहारिक समस्याओं का समाधान करने, प्रारंभिक वेतनमान लेवल-5 (ग्रेड पे-2800) किए जाने तथा वेतन विसंगति दूर करने की मांग की गई है। लेखपाल संघ ने डिजिटल और ऑनलाइन कार्यों को देखते हुए लेखपाल पद को तकनीकी पद घोषित करने तथा लैपटॉप और मोबाइल उपलब्ध कराने की मांग भी की है। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि मांगों पर तत्काल निर्णय नहीं लिया गया तो 22 सितंबर से प्रदेश के लेखपाल अपने मूल हल्के में कार्य करते हुए अतिरिक्त हल्के के कार्य का बहिष्कार करने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान तहसील अध्यक्ष अखिलेश भदौरिया, तहसील मंत्री पंकज सक्सेना समेत तहसील के अधिकांश लेखपाल मौजूद रहे।




### बाल विधा पीठ स्कूल में आयोजित हुई विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**आंवला।** बाल विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को चमेली सरला स्मारक विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और भगवान गणेश की प्रतिमा के अनावरण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। प्रतियोगिता में कक्षा नौ से 12 तक के 228 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कुल 38 टीमों में छह-छह विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता छह चरणों में आयोजित की गई। इसमें प्रथम आइंस्टीन प्रीलिमिनरी चरण, द्वितीय रदरफोर्ड क्वालिफायर-1, तृतीय डॉ. हरगोविंद खुराना क्वालिफायर-2, चतुर्थ सीवी रमन क्वार्टर फाइनल, पंचम चार्ल्स डार्विन सेमीफाइनल और अंतिम चरण अरस्तू के नाम से आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में टीम संख्या 11 के कपिल शर्मा (9-ए), दीपांशु (9-बी), हर्षित (10-ए), अभिमन्यु और अहम सिंह (10-बी), हमदान अंसारी (11- विज्ञान वर्ग) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम संख्या 35 की माही बंसल (10-डी), आराध्या (10-सी), क्षमा (9-डी), दृष्टि (11-कामर्स), प्रिया और सोनाक्षी (12-विज्ञान वर्ग) ने दूसरा स्थान हासिल किया। टीम संख्या आठ के शिवांश दीक्षित (11-ए), लव भदौरिया (9-बी), अहम सिंह (10-ए), सत्यम और हरिओम यादव (10-बी) तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की तार्किक एवं बौद्धिक क्षमता के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामान्य विज्ञान के प्रति रुचि को बढ़ावा देना रहा। प्रतियोगिता में कक्षा नौ से 12 तक के विज्ञान विषय के पाठ्यक्रम से संबंधित प्रश्न शामिल किए गए। शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के आयोजक मंडल में संजीव पाठक, रोहिताश कुमार, दीपक सक्सेना, सुधांशु यादव, सूरज प्रजापति, रमणु मिश्रा, आयुषी सुपरस्टार, शोभित कुमार, रश्मि चंद, एकता पांडे, नैना श्रीमाली, सौम्या गोयल, भावना गुप्ता, नवीन गुप्ता, देवेंद्र शर्मा, विजय शर्मा, अभिषेक सक्सेना, अभिषेक सिंह चौहान, अभिषेक गुप्ता, रमा सिंह और रैना आदि शामिल रहे। मंच का संचालन यतेंद्र गोस्वामी, अखिलेश सिंह, डेमोक्रेट, साइमा बी और एसडीओपी कुमार शर्मा ने किया। निर्णायक की भूमिका निदेशक डॉ. रमेश चंद्र गुप्त, प्रबंधक डॉ. संजीव गुप्त, प्रधानाचार्या सारिका गुप्ता और समन्वयक रक्षपाल सिंह तोमर ने निभाई।

# कूड़ा प्लांट में व्यवस्था सुधारने के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ आयुक्त ने किया 500 टीपीडी प्लांट का निरीक्षण, सीसीटीवी, इन-हाउस लैब और लीचड ट्रीटमेंट प्लांट पर जोर

**बरेली।** शहर से निकलने वाले ठोस कचरे के बेहतर निस्तारण को लेकर नगर निगम ने सथरापुर स्थित 500 टन प्रतिदिन क्षमता वाले प्रोसेसिंग प्लांट की व्यवस्थाओं की जांच की। शनिवार को नगर आयुक्त ने प्लांट का निरीक्षण कर मशीनों के संचालन और कचरा निस्तारण की व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित फर्म को कई जरूरी निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान प्लांट में दो सेट मशीनें लगी मिलीं। इनके सुचारू संचालन के लिए मानकों के अनुरूप जनरेटर लगाने को कहा गया। पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने और इन-हाउस लैब स्थापित करने के भी निर्देश दिए गए। बारिश के दौरान काम प्रभावित न हो, इसके लिए टिपिंग एरिया को कवर करने को कहा गया। प्लांट के प्रवेश द्वार पर वेटिंग ब्रिज को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने तथा लीचड ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए। संबंधित फर्म पाथेया, दिल्ली के प्रतिनिधि आदित्य कुमार ने बताया कि लीचड ट्रीटमेंट प्लांट तैयार हो चुका है और तीन दिन में उसे दिल्ली से यहां लाया जाएगा। इसके बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निरीक्षण कर सहमति पत्र जारी करने की प्रक्रिया होगी। पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लांट के चारों ओर पौधारोपण कराने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, प्रभारी अधिकारी एसडब्ल्यूएम राजीव कुमार राठी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। नगर निगम की निविदा प्रक्रिया में फर्जी अनुभव प्रमाणपत्र लगाने पर एक फर्म के खिलाफ कार्रवाई की गई है। राज्य वित्त आयोग/निगम निधि के तहत आमंत्रित निविदा में मैसर्स श्री बालाजी इलेक्ट्रॉनिक्स, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कॉलोनी ने प्रतिभाग किया था। सत्यापन के दौरान फर्म की ओर से लगाया गया अनुभव प्रमाणपत्र फर्जी पाया गया। नगर आयुक्त के आदेश पर फर्म को दो वर्ष के लिए डिबार कर दिया गया है। साथ ही निविदा में जमा की गई धरोहर राशि जब्त करने के निर्देश भी दिए गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक फर्जी दस्तावेज के जरिए निविदा हासिल करने का प्रयास किए जाने पर यह कार्रवाई की गई।

## कार हटाने को लेकर कहासुनी, दंपती को पीटा

**बरेली।** कैंट क्षेत्र के ठिरिया निजावत खां में पिता की चालीसवीं के कार्यक्रम के दौरान कार खड़ी करने को लेकर विवाद हो गया। वार्ड नंबर तीन निवासी उस्मान खान ने पुलिस को तहरीर देकर पड़ोसियों पर मारपीट का आरोप लगाया है। उसने बताया कि 16 सितंबर की शाम वह कार्यक्रम में कार लेकर पहुंचा था। कार हटाने को लेकर मिस्किना, नूर फातिमा, अनीसा, आलिया और बुशरा से कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसके बाद लाठी-डंडों से उसके साथ मारपीट की गई। बचाने पहुंची पत्नी सबीना के साथ भी हाथापाई की गई। उस्मान ने एक अज्ञात किराएदार और अमीर पर भी मारपीट में शामिल होने का आरोप लगाया है। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# यूपीआई के एमडीआर पर ऐरन दंपती ने उठाए सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** यूपीआई से होने वाले निर्धारित व्यापारी लेन-देन पर 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) को लेकर बहस तेज हो गई है। पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री प्रवीण सिंह ऐरन और पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अलग-अलग पत्र भेजकर व्यवस्था की समीक्षा की मांग की है। उन्होंने छोटे और मध्यम व्यापारियों पर पड़ने वाले संभावित आर्थिक प्रभाव को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था लागू करने का आग्रह किया। ऐरन दंपती ने कहा कि छोटे दुकानदार पहले से महंगाई, कर और विभिन्न शुल्कों के दबाव में कारोबार कर रहे हैं। ऐसे में डिजिटल भुगतान से जुड़ी अतिरिक्त लागत उनके सीमित मुनाफे को प्रभावित कर सकती है। उन्होंने सवाल उठाया कि एमडीआर की लागत व्यापारी वहन करेंगे या इसे कीमतों में शामिल किया जाएगा। दोनों नेताओं के अनुसार, दो हजार रुपये तक के व्यापारी यूपीआई भुगतान तथा कुछ छोटे व्यापारियों के लेन-देन पर शून्य एमडीआर रहेगा और करीब 96 प्रतिशत पी2एम लेन-देन प्रभावित नहीं होंगे। प्रवीण सिंह ऐरन ने कहा कि डिजिटल भुगतान व्यवस्था का विरोध नहीं है, लेकिन अतिरिक्त लागत छोटे दुकानदारों पर नहीं पड़नी चाहिए। सुप्रिया ऐरन ने भी व्यापारियों को प्रोत्साहित करने के साथ उनकी लागत बढ़ने के व्यापक प्रभावों पर विचार करने की मांग की। उन्होंने मुख्यमंत्री से मुद्दा केंद्र के समक्ष उठाने का आग्रह किया।

# बीडीए सचिव बदले, हिमांशु गुप्ता को मिली जिम्मेदारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) में शासन स्तर से प्रशासनिक बदलाव किया गया है। सचिव वंदिता श्रीवास्तव को उनके पद से कार्यमुक्त करते हुए उच्च शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज में उपनिदेशक (प्रशासन) की जिम्मेदारी दी गई है। उनके स्थान पर सहकारी चीनी मिल संघ के प्रधान प्रबंधक हिमांशु कुमार गुप्ता को बीडीए का नया सचिव नियुक्त किया गया है। शासन से तबादला आदेश जारी होने के बाद वंदिता श्रीवास्तव को बीडीए से रिलीव कर दिया गया। वहीं नए सचिव हिमांशु कुमार गुप्ता जल्द बरेली पहुंचकर अपना कार्यभार संभालेंगे। इससे प्राधिकरण की प्रशासनिक व्यवस्था में बदलाव की प्रक्रिया पूरी होगी। नए सचिव के सामने बीडीए की विभिन्न विकास परियोजनाओं को गति देने के साथ प्राधिकरण के कामकाज को प्रभावी बनाए रखना बड़ी जिम्मेदारी होगी। शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई, लंबित प्रकरणों का निस्तारण और विकास कार्यों की निगरानी भी उनके प्रमुख कार्यों में शामिल रहेगी। कार्यभार संभालने के बाद नए सचिव की प्राथमिकताओं पर भी नजर रहेगी। बीडीए उपाध्यक्ष सौम्या पांडेय ने सचिव के तबादले की पुष्टि करते हुए बताया कि वंदिता श्रीवास्तव को कार्यमुक्त कर दिया गया है। नए सचिव हिमांशु कुमार गुप्ता जल्द ही पदभार ग्रहण करेंगे।

# पुराने ईट भट्ठों के नवीनीकरण की राह हुई आसान

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** ईंट भट्ठों की स्थापना और संचालन को लेकर लागू उत्तर प्रदेश ईंट भट्ठा स्थापना हेतु स्थल मापदण्ड (प्रथम संशोधन) नियमावली-2026 की जानकारी देने के लिए शनिवार को आईएमए सभागार में बैठक आयोजित की गई। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से हुई बैठक में बरेली के साथ पीलीभीत, बदायूं और शाहजहांपुर के ईंट भट्ठा संचालक और एसोसिएशन के पदाधिकारी शामिल हुए।

मुख्य पर्यावरण अधिकारी रामगोपाल ने भट्ठा संचालकों को नियमावली के तहत सहमति जल एवं वायु के नवीनीकरण की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि वर्ष 2012 से पहले स्थापित भट्ठों के संचालक पुराने अभिलेखों के आधार पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए वाणिज्यकर विभाग का पुराना पंजीकरण प्रमाणपत्र, जिला पंचायत कर पंजीकरण या रसीद, किरायानामा, रॉयल्टी, भू-अभिलेख समेत उपलब्ध संबंधित दस्तावेज लगाए जा सकते हैं। क्षेत्रीय अधिकारी चन्द्रेश कुमार ने कहा कि निर्धारित मानकों को पूरा करने वाले पुराने भट्ठों में जिग-जैग या हाईड्राफ्ट तकनीक अपनाना जरूरी है। इसके साथ ही धूल और धुएं के नियंत्रण के लिए पर्याप्त बाउंड्रीवाल, पौधारोपण और पानी के छिड़काव की व्यवस्था भी करनी होगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2012 से बंदी आदेश झेल रहे भट्ठा संचालक भी पुराने वैध दस्तावेजों के साथ अपना प्रत्यावेदन बोर्ड मुख्यालय को भेज सकते हैं। जांच के बाद बंदी आदेश हटाने की प्रक्रिया नियमानुसार की जाएगी। बैठक में भट्ठा संचालकों ने नियमावली से जुड़े विभिन्न सवाल रखे, जिनका अधिकारियों ने जवाब दिया। कार्यक्रम में सहायक पर्यावरण अभियंता अंशुल शर्मा, ईंट भट्ठा एसोसिएशन के अध्यक्ष यूनूस खान, अफरोज चौधरी, विजय कलानी, दीपक राठौर समेत बड़ी संख्या में प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# एसआरएमएस में एआई पर अंतरराष्ट्रीय मंथन

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमएस सीईटी) में एडवांस कंप्यूटिंग एवं इंटेलिजेंट सिस्टम में प्रगति विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ICACIS-2026 का शनिवार को समापन हुआ। 18 और 19 सितंबर को हुए सम्मेलन में देश-विदेश के शोधकर्ताओं ने हिस्सा लिया। दस तकनीकी सत्रों में 90 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। सम्मेलन का आयोजन बुंदेलखंड इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, झांसी के सहयोग से हुआ। उद्घाटन चेयरमैन देव मूर्ति, ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति, BIET निदेशक प्रो. (डॉ.) जितेंद्र कुमार शर्मा और मलेशिया की यूनिवर्सिटी टेक्नोलॉजी मारा की डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) जसनी मोहम्मद जैन ने दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से किया। मुख्य वक्ता प्रो. जसनी मोहम्मद जैन ने कहा कि तकनीक का इस्तेमाल मानवता के हित में होना चाहिए। उन्होंने एआई में डेटा और इंटेलिजेंस के साथ सुरक्षा को भी महत्वपूर्ण बताया। प्रो. जितेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि 36 वर्षों में तकनीक ने तेजी से बदलाव देखा है। कंप्यूटर से एआई तक का सफर लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से तकनीकी विकास को समाज के हित से जोड़ने का आह्वान किया। कांफ्रेंस डायरेक्टर एवं प्राचार्य प्रो. (डॉ.) प्रभाकर गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। कन्वीनर डॉ. ज्योति अग्रवाल ने सम्मेलन की थीम 'इंटेलिजेंट और सुरक्षित कंप्यूटिंग में हाल के ट्रेंड्स' की जानकारी दी। दूसरे दिन डॉ. प्रदीप अत्रेय, डॉ. सोमेश कुमार, प्रो. एहतिराम रजा खान और सतगुर प्यारी पद्नाभन ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

# बच्चे बने स्वच्छता दूत सीखा कचरा प्रबंधन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**भमोरा।** स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और बच्चों को कचरा प्रबंधन की जानकारी देने के उद्देश्य से स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 2026 के तहत शनिवार को ग्राम पंचायत सिरसा बिछुरैया में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के बाद बच्चों को ग्राम पंचायत में निर्मित संसाधन पुनर्प्राप्ति केंद्र का भ्रमण कराया गया। ग्राम प्रधान सर्वेंद्र कुमार और प्रधानाध्यापक उदित विक्रम सिंह के नेतृत्व में बच्चों को कचरे के उचित प्रबंधन और उपयोगी पदार्थों को अलग करने की प्रक्रिया समझाई गई। स्वच्छ भारत मिशन के ब्लॉक समन्वयक मेंघेद्र मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें कम उपयोग, पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण के सिद्धांतों की जानकारी दी गई। बताया गया कि अनावश्यक वस्तुओं का उपयोग कम करने, उपयोगी वस्तुओं का दोबारा इस्तेमाल करने तथा पुनर्चक्रण योग्य सामग्री अलग रखने से कचरे की मात्रा घटाई जा सकती है। बच्चों को घरों से निकलने वाले चार प्रकार के कचरे को अलग-अलग रखने की प्रक्रिया भी समझाई गई। ग्राम पंचायत की ओर से घर-घर किए जा रहे कूड़ा संग्रहण में सहयोग करने और कचरा निर्धारित व्यवस्था के अनुसार देने की अपील की गई। इस दौरान बच्चों ने स्वच्छता को दिनचर्या का हिस्सा बनाने और परिवार व आसपास के लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
में डिस्पले, क्लासीफाइड, शोक संदेश, बधाई संदेश , नोटिस एवं टेन्डर नोटिस के विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413

# रोडवेज कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के अंतर्गत शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम बदायूं में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी एवं एड्स कार्यक्रम अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित शिविर का उद्घाटन एआरएम राजेश पाठक ने किया।

शिविर में चालक-परिचालकों को एचआईवी एड्स से बचाव, जागरूकता और स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी गई। कुल 70 लोगों का सेल्फ रिस्क असेसमेंट कराया गया। वहीं 103 चालक-परिचालकों की एचआईवी व सिफलिस की जांच की गई। जांच में सभी की एचआईवी रिपोर्ट नॉन रिएक्टिव पाई गई, जबकि सिफलिस की जांच में एक व्यक्ति की रिपोर्ट रिएक्टिव मिली। संबंधित व्यक्ति की काउंसलिंग एसटीआई परामर्शदाता राजीव कुमार ने की और आवश्यक दवा लेने की सलाह दी।

शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच, एचआईवी एवं सिफलिस परीक्षण, नेत्र परीक्षण तथा सामान्य दवाओं की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। नेत्र सर्जन डॉ. उत्पल रस्तोगी समेत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। इस दौरान चिकित्साधिकारी डॉ. विक्रम सिंह पटेल, परामर्शदाता सुषमा सिंह, लैब टेक्नीशियन सौरभ सक्सेना, परियोजना प्रबंधक सनी दुबे, फार्मासिस्ट प्रशांत सिंह, एसटीएस सुदेश सक्सेना, एसटीएलएस शाहिद हुसैन, एसटीआई परामर्शदाता राजीव कुमार, आउटरीच वर्कर सुनील कुमार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम बदायूं के कर्मचारियों का सहयोग रहा।

# ओरछी में भेड़िए का आतंक, घर में घुसकर वृद्धा और डेढ़ माह की मासूम बच्ची को नोंचकर किया लहूलुहान

## गांव के बाहरी छोर पर स्थित मकान का गेट खुला होने पर अंदर घुसा हिंसक जानवर, मची चीख-पुकार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ओरछी।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ओरछी गांव में वृहस्पतिवार की रात उस समय हड़कंप मच गया, जब एक हिंसक भेड़िए ने आबादी में घुसकर दो लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में एक 50 वर्षीय महिला और उनकी डेढ़ महीने की नातिन गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। घटना के बाद से पूरे गांव और आसपास के इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है।मिली जानकारी के अनुसार, ओरछी गांव के बाहरी छोर पर सूरज पाल का मकान स्थित है। वृहस्पतिवार रात करीब नौ बजे घर का मुख्य गेट खुला हुआ था, जिसका फायदा उठाकर एक खूंखार भेड़िया



घायल महिला। -जागरण मोर्चा

अचानक घर के भीतर दाखिल हो गया। आंगन में सामने मौजूद सूरज पाल की पत्नी शकुंतला देवी (50 वर्ष) पर जानवर ने अचानक हमला बोल दिया। हिंसक जानवर ने शकुंतला देवी के दाहिने हाथ के बाजू को अपने जबड़े में दबोच लिया और वहां से मांस का काफी हिस्सा नोच लिया।महिला की चीख-पुकार सुनकर बाहर सड़क पर लगे सरकारी हैंडपंप पर नहा रहे उनके पति सूरज पाल घर के अंदर की तरफ भागे। इसी बीच, घर के गेट के पास ही बैठी डेढ़ महीने की मासूम बच्ची अनन्या (शकुंतला देवी की नातिन) पर भी भागते हुए जानवर ने हमला कर दिया। भेड़िए ने मासूम की गर्दन पर झपट्टा मारकर वहां से भी मांस नोच लिया।ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से खदेड़ा, 15-20 साल बाद दिखा ऐसा जानवरशोर-शराबा और चीख-पुकार सुनकर लाठी-डंडे लेकर भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। ग्रामीणों की भारी भीड़ और ललकार सुनकर हिंसक जानवर घायलों को छोड़कर पास ही स्थित रेलवे लाइन के किनारे घने जंगलों की तरफ भाग गया। आनन-फानन में दोनों लहूलुहान घायलों को निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के रूप में उनकी पट्टी करवाई गई है।ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में करीब 15 से 20 साल पहले ऐसा जानवर देखा गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हमलावर जानवर का मुंह काफी बड़ा था, शरीर पर बड़े-बड़े बाल थे और उसकी पूंछ जमीन पर घिसट रही थी। उसकी दौड़ने की रफ्तार इतनी तेज थी कि पल झपकते ही वह खेतों में ओझल हो गया। रेलवे लाइन के पास घना जंगल होने के कारण वन्यजीवों का आबादी में आने का खतरा हमेशा बना रहता है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में पिंजरा लगाकर हिंसक जानवर को जल्द से जल्द पकड़ने और गांव में सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है।

## संक्षेप समाचार

### रविवार को बदायूं पहुंचेंगे शिवपाल यादव, सांसद आदित्य यादव रहेंगे साथ



सपा नेता शिवपाल यादव।

**बदायूं।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व मंत्री एवं जसवंतनगर विधायक शिवपाल सिंह यादव रविवार को बदायूं पहुंचेंगे। उनके पूरे प्रवास के दौरान बदायूं सांसद आदित्य यादव साथ मौजूद रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिवपाल सिंह यादव दोपहर करीब 12 बजे डीएम रोड स्थित सांसद आदित्य यादव के आवास पर पहुंचेंगे। इसके बाद शाम करीब चार बजे वह श्यामनगर स्थित सपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी हाजी रईस अहमद के आवास पर पहुंचेंगे। यहां उनकी पत्नी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार से मुलाकात करेंगे और परिजनों को ढांढस बंधाएंगे। इसके बाद शिवपाल सिंह यादव शाम करीब 4:30 बजे श्यामनगर से लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में 15 वर्षीय किशोरी लापता

**अलापुर।** थाना क्षेत्र से 15 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों के अनुसार, किशोरी आठ सितंबर की सुबह अपनी नानी के घर ईकरी से मामा के साथ आई थी। कुछ देर बाद परिजन घर पहुंचे तो वह गायब मिली। आसपास और रिश्तेदारी में तलाश के बावजूद सुराग नहीं लगा। घर पर उसकी कपड़ों की थैली, टूटा मोबाइल और दो मोबाइल नंबर लिखी पर्ची मिली, जिसे पुलिस को सौंप दिया गया है। परिजनों ने पुलिस से किशोरी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर मारपीट, दो घायल

**बिल्सी।** थाना क्षेत्र के गांव कटिन्ना में गाली-गलौज का विरोध करने पर तीन लोगों ने एक महिला और युवती के साथ मारपीट कर दी। गांव निवासी नरेंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 28 अगस्त की शाम करीब चार बजे गांव के रामौतार पुत्र नन्हू, चित्तार पाल पुत्र पूर्ण और बृजमोहन पुत्र लक्ष्मण ने उसके छोटे भाई की पत्नी रामभोली के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। बचाने पहुंची उसकी पुत्री मंजूलता के साथ भी मारपीट की गई और आरोपियों ने धमकी दी। मारपीट में रामभोली के दाहिने हाथ और मंजूलता के दाहिने पैर में चोट आई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### रंजिश में परिवार को घेरकर मारपीट और जान से मारने की धमकी का आरोप

**सहसवान।** थाना सहसवान क्षेत्र के ग्राम अमनपुर निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही कुछ लोगों पर पुरानी रंजिश के चलते उसके और उसके परिवार के साथ गाली-गलौज, घेराबंदी, मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार गांव के ही राशिद, इमरान पुत्रगण सब्जे अली, कामरान और सोहेब पुत्रगण राशिद अली दबंग प्रवृत्ति के हैं। शिकायत में कहा गया है कि कामरान और सोहेब के खिलाफ पूर्व में बीएनएस की धाराओं में कार्रवाई हो चुकी है और वे जेल भी जा चुके हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसने कुछ समय पहले प्रशासन से रास्ते को लेकर शिकायत की थी, जिसके बाद से आरोपी उससे और उसके परिवार से रंजिश मानने लगे। आरोप है कि आरोपी आए दिन घर की घेराबंदी कर गाली-गलौज करते हैं और झगड़ा करने पर आमादा रहते हैं। पूर्व में भी घेरकर मारपीट किए जाने की शिकायत की जा चुकी है, लेकिन उनके व्यवहार में सुधार नहीं आया। शिकायतकर्ता के अनुसार 18 सितंबर की शाम करीब छह बजे वह अपने घर पर था, तभी आरोपियों ने उसके साथ विवाद शुरू कर दिया और उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### खेत में महिला और पुत्रवधू से मारपीट, चार पर आरोप

**सहसवान।** थाना क्षेत्र के गांव हिंदौर निवासी नजमा पत्नी मुजम्मिल हुसैन ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही चार लोगों पर खेत में घुसकर गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया है। तहरीर के अनुसार 18 सितंबर की सुबह नजमा अपने खेत में जुताई करा रही थीं। इसी दौरान मुताहिर पुत्र अफसर अली, महराज पत्नी मुताहिर, असलम पुत्र अख्तर और नसीरीन पत्नी असलम कथित रूप से एकराय होकर खेत पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट करने लगे। शोर सुनकर नजमा की पुत्रवधू शबाना उन्हें बचाने पहुंची तो आरोप है कि आरोपितों ने उसे भी गिराकर मारपीट की। घटना में नजमा और शबाना को चोटें आईं। पीड़िता ने पुलिस से दोनों का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मुकदमा दर्जकर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दहेज में कार की मांग पूरी न होने पर विवाहिता से मारपीट, ससुराल से निकाला

**बिल्सी।** इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर पिनौनी निवासी मंजू ने ससुरालियों पर दहेज में कार की मांग को लेकर मारपीट और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। विवाहिता के अनुसार उसकी शादी 22 नवंबर 2024 को बिलारी क्षेत्र के गांव जरगांव निवासी गौरव कुमार से हुई थी। शादी में मायके पक्ष ने करीब 10 लाख रुपये खर्च किए थे। आरोप है कि इसके बाद पति गौरव समेत ससुराल के अन्य लोग अतिरिक्त दहेज में कार की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की जाती रही। तीन जून को भी उसके साथ मारपीट कर जान से मारने का प्रयास किया गया। उसने कमरे में बंद होकर 112 पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया। विवाहिता का आरोप है कि 30 जून को फिर मारपीट की गई और पति उसे पहने हुए कपड़ों में मायके के पास छोड़कर चला गया। 19 जुलाई को वह फूफा के साथ ससुराल पहुंची तो आरोपियों ने उसे घर में प्रवेश नहीं करने दिया। परेशान होकर वह मायके में रहने लगी। पीड़िता ने सीओ बिल्सी को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। पुलिस ने पति समेत सात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# चार अक्टूबर से 11 नवंबर तक राममय रहेगा बदायूं, भव्य श्रीरामलीला महोत्सव में गूंजेगा जय श्रीराम का जयघोष

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** शहर में होने वाले ऐतिहासिक श्रीरामलीला महोत्सव की तैयारियां जोरशोर से शुरू हो गई हैं। श्रीरामलीला कमेटी के तत्वावधान में चार अक्टूबर से शुरू होने वाला महोत्सव 11 नवंबर तक चलेगा। महोत्सव को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए कमेटी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। झांकियों और दुकानों की बुकिंग शुरू हो चुकी है। जल्द ही श्रीरामलीला मैदान में साफ-सफाई, मंच निर्माण, लाइटिंग और मेला सजाने का काम शुरू करा दिया जाएगा।

श्रीरामलीला कमेटी के पदाधिकारी अरविंद कांत ने बताया कि चार अक्टूबर को विधि-विधान के साथ महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। श्रीरामलीला मैदान में साफ-सफाई कराने के साथ आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी। 30 सितंबर के बाद मंच तैयार करने का कार्य शुरू होगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पार्किंग की व्यवस्था के साथ मेले को व्यवस्थित ढंग से लगाने की तैयारी की जा रही है। महोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे।

**श्रीकृष्ण जन्म से शुरू होगा लीला मंचन :** चार अक्टूबर को श्रीकृष्ण जन्म की लीला के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। इसके बाद विभिन्न धार्मिक लीलाओं का मंचन किया जाएगा। 15 अक्टूबर को भगवान श्रीराम की भव्य बारात शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। वहीं 20 अक्टूबर को विजयदशमी के अवसर पर रावण वध की लीला का मंचन किया जाएगा और रावण के पुतले का दहन होगा।

**मधुबनी के कलाकार बांधेंगे भक्ति का समां :** इस बार श्रीरामलीला महोत्सव में बिहार के मधुबनी से कलाकार बुलाए जा रहे हैं। कलाकार गीत-संगीत और धार्मिक प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति के रंग में सराबोर करेंगे। उनकी प्रस्तुतियां महोत्सव में विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

**कई राज्यों की झांकियां बढ़ाएंगी शोभायात्रा की भव्यता :** श्रीराम बारात शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए देश के विभिन्न राज्यों से आकर्षक धार्मिक और सांस्कृतिक झांकियां मंगाई जा रही हैं। नासिक महाराष्ट्र, गढ़वाल, गुजरात, असम, राजस्थान, हरियाणा और छत्तीसगढ़ के अलावा आगरा, हाथरस, बरेली और एटा समेत कई जिलों की झांकियां शोभायात्रा में शामिल होंगी। अलग-अलग राज्यों की संस्कृति और धार्मिक स्वरूप को दर्शाती झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

**श्रीरामलीला मैदान में सजेगा भव्य मेला :** महोत्सव के दौरान श्रीरामलीला मैदान में भव्य मेला भी लगाया जाएगा। दुकानों की बुकिंग शुरू हो चुकी है। खानपान, खिलौने, घरेलू सामान और अन्य वस्तुओं की दुकानें मेले की रौनक बढ़ाएंगी। कमेटी की ओर से दुकानें लगाने, मंच सजाने, लाइटिंग और पार्किंग समेत अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# पंखा ठीक करते समय करंट की चपेट में आया युवक, मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिल्सी।** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव अंबियापुर में शनिवार को पंखा ठीक करते समय करंट की चपेट में आने से 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अंबियापुर निवासी राहुल शर्मा (32) पुत्र राजेश शर्मा गांव में किराने की दुकान चलाते थे। बताया गया कि शनिवार को वह अपने घर में लगे पंखे को ठीक कर रहे थे। इसी दौरान अचानक शॉर्ट सर्किट होने से वह करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्सी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद



राहुल का फाइल फोटो।

उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**तीन छोटे बच्चों के सिर से उठा पिता का साया :** राहुल की अचानक हुई मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटियां और एक बेटा है। तीनों बच्चे अभी छोटे हैं। हादसे से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया।

# जमीन पर कब्जे की शिकायत लेकर डीएम-एसएसपी के पास पहुंची महिला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सहसवान।** तहसील क्षेत्र में जमीन पर कथित अवैध कब्जे और निर्माण को लेकर एक महिला ने स्थानीय स्तर पर कार्रवाई न होने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया है। महिला का आरोप है कि उसकी निजी भूमि पर कुछ दबंग लोग जबरन कब्जा कर निर्माण कराने का प्रयास कर रहे हैं। मामले में कई बार शिकायत के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से वह परेशान है।





जानकारी देती पीड़ित महिला।

**कई बार शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने का आरोप, पुलिस बल के साथ पैमाइश और अवैध निर्माण रुकवाने की मांग**

मोहल्ला नवादा निवासी महिला के मुताबिक उसकी निजी भूमि नवादा स्थित पेट्रोल पंप के पास है। आरोप है कि कुछ लोग अपने सहयोगियों के साथ मिलकर उसकी जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं और वहां निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है। महिला का कहना है कि उसने पहले स्थानीय पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत की, लेकिन उसे कार्रवाई के बजाय आश्वासन ही मिलता रहा। महिला ने आरोप लगाया कि अब विपक्षी पक्ष जमीन पर कब्जा करने की धमकी दे रहा है। इससे वह और उसका परिवार भयभीत हैं। पीड़िता ने डीएम और एसएसपी से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, पुलिस की मौजूदगी में जमीन की पैमाइश कराने, कथित अवैध निर्माण रुकवाने और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, शिकायत में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। प्रशासन और पुलिस की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# थाना गेट के सामने खोखे का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुजरिया।** थाना मुजरिया गेट के सामने स्थित एक खोखे को चोरों ने बीती रात निशाना बना लिया। चोर खोखे का ताला तोड़कर अंदर रखा चाय, पुड़िया मसाले, बीड़ी के बंडल समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। सुबह खोखा स्वामी के दुकान पर पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई। खोखे का ताला टूटा होने के साथ ही एक तख्ता भी टूटा मिला।

ग्राम सगराय निवासी यशपाल थाना मुजरिया गेट के सामने खोखा रखकर चाय की दुकान चलाते हैं। इसी खोखे में वह पुड़िया मसाले, बीड़ी-बंडल समेत अन्य सामान भी रखते थे। रोजाना की तरह वह शुक्रवार रात दुकान बंद कर घर चले गए। रात में किसी समय



रा। -जागरण मोर्चा

अज्ञात चोरों ने खोखे को निशाना बनाया। चोरों ने पहले खोखे का ताला तोड़ा और अंदर प्रवेश करने के लिए एक तख्ता भी तोड़ दिया। इसके बाद खोखे में रखा सामान समेटकर फरार हो गए।

शनिवार सुबह यशपाल जब अपने खोखे पर पहुंचे तो वहां का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। खोखे का ताला टूटा पड़ा था और एक तख्ता भी क्षतिग्रस्त था। अंदर जाकर देखा तो दुकान में रखा सामान गायब था। चोरी की जानकारी होने पर आसपास के दुकानदारों और लोगों को भी घटना के बारे में बताया गया। खोखा स्वामी यशपाल ने थाना मुजरिया पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी और चोरी गए सामान की बरामदगी तथा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है। थाना गेट के सामने हुई चोरी की घटना से आसपास के दुकानदारों में भी चिंता का माहौल है।

**आक्रोश** आपसी विवाद में पुलिस कार्रवाई से था नाराज, दो घंटे से अधिक चला हाईवोल्टेज ड्रामा

# कार्रवाई से नाराज युवक पानी की टंकी पर चढ़ा, सिपाही पर 10 हजार रुपये लेने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सहसवान।** कोतवाली क्षेत्र की डाक बंगला कॉलोनी में शुक्रवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब पुलिस कार्रवाई से नाराज एक युवक पानी की ओवरहेड टंकी पर चढ़ गया। युवक के टंकी पर चढ़ने की सूचना पर मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई। करीब दो घंटे से अधिक समय तक युवक को नीचे उतारने के प्रयास चलते रहे।

डाक बंगला कॉलोनी निवासी तारिक का कुछ दिन पहले एक युवक से विवाद हो गया था। तारिक का आरोप है कि पुलिस ने दूसरे पक्ष के युवक के खिलाफ केवल शांतिभंग की कार्रवाई की और बाद में उसे छोड़ दिया। कार्रवाई से नाराज तारिक शुक्रवार



टंकी पर चढ़कर बैठा युवक। -जागरण मोर्चा

शाम कॉलोनी में स्थित ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ गया।

टंकी के ऊपर पहुंचने के बाद युवक पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए नीचे उतरने से इनकार करता रहा। उसने आरोप लगाया कि कोतवाली में तैनात लोकेंद्र नाम के सिपाही ने दूसरे पक्ष के युवक से 10 हजार रुपये लेकर उसे थाने से छोड़ दिया। हालांकि, रुपये लेने के आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

युवक के टंकी पर चढ़ने की सूचना मिलते ही सहसवान कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिसकर्मियों ने लाउडस्पीकर के माध्यम से युवक को समझाने और सुरक्षित नीचे उतरने के लिए मनाने का प्रयास किया। समाचार लिखे जाने तक युवक को सकुशल नीचे उतारने के प्रयास जारी थे। पुलिस अधिकारियों की ओर से आरोपों पर तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी।

## किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, पिता ने दी पुलिस को तहरीर

**अलापुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 18 सितंबर की सुबह उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी को कुछ लोग बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। परिजनों ने पीछा करने का प्रयास किया तो आरोपियों में से एक ने तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित पिता का आरोप है कि बेटी की तलाश में आरोपी पक्ष के घर पहुंचने पर परिजनों ने भी कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी और गाली-गलौज कर भगा दिया। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर नाबालिग बेटी को बरामद कराने की मांग की है।

# अवैध चाकू समेत एक गिरफ्तार, तीन वारंटी और एक वांछित भी दबोचा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** अपराध नियंत्रण एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को अवैध चाकू समेत गिरफ्तार किया। वहीं तीन वारंटी और एक वांछित अभियुक्त को भी गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

कोतवाली पुलिस ने मोहल्ला खंडसारी मीट वाली मार्केट निवासी आदिल उर्फ आशिफ पुत्र हामिद उर्फ सलीम को एक नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ जीआरपी मुरादाबाद में चोरी एवं चोरी का माल रखने से संबंधित दो मुकदमे भी दर्ज हैं। वजीरगंज पुलिस ने मोहल्ला बनिया निवासी संतोष सिंह पुत्र ओमपाल सिंह को एसएसटी के मामले में वारंट के आधार पर गिरफ्तार किया। बिल्सी पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इनमें ग्राम गढ़ी निवासी श्रीराम पुत्र तोताराम और ग्राम निजामपुर निवासी रानू सिंह पुत्र देवेंद्र शामिल हैं। दोनों संबंधित मामलों में वांछित थे। इसी क्रम में अलापुर पुलिस ने वांछित चल रहे ग्राम म्याऊं निवासी विनोद पुत्र नरेश को गिरफ्तार किया। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया।

### चोरी के सामान समेत आरोपी गिरफ्तार

**बदायूं।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से टिल्लू पंप, स्टार्टर, केबल, टूटा हुआ फर्राटा पंखा और सरिया के टुकड़े बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी तौसीफ उर्फ आरिफ पुत्र जमील कस्बा व थानाअलापुर का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को 19 सितंबर को चित्रांशनगर मोहल्ले से चोरी किए गए सामान के साथ गिरफ्तार किया गया। मामले में वादी की तहरीर पर थाना सिविल लाइन में मुकदमा मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# चमत्कार: स्वयंभू पंचतत्वेश्वर महादेव ने श्रृंगी ऋषि को कराई अनुभूति तो प्रयागराज से सराय पिपरिया पहुंचे

## स्वयंभू पंचतत्वेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, श्रृंगी ऋषि महाराज ने की नंदी स्थापना, सराय पिपरिया में जमीन से प्रकट हुए स्वयंभू महादेव, काल भैरव की स्थापना की तैयारियां शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय

**दातागंज।** सराय पिपरिया गांव में स्वयंभू पंचतत्वेश्वर महादेव मंदिर में शनिवार को श्रद्धा और आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। महा सिद्धेश्वर काल भैरव मठ प्रयागराज के श्रृंगी ऋषि महाराज मंदिर पहुंचे और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर नंदी की स्थापना की। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हर-हर महादेव और जय भोलेनाथ के जयकारों से पूरा वातावरण शिवमय हो गया।



श्रृंगी ऋषि के सानिध्य में खड़े भाजपा नेता डॉक्टर शैलेश पाठक व अंकित पाठक व अन्य।



मंदिर परिसर पहुंचे महाराज हाथ में त्रिशूल लिए। -जागरण मोर्चा

मान्यता है कि सराय पिपरिया में स्वयंभू पंचतत्वेश्वर महादेव जमीन से प्रकट हुए थे। इसी आस्था के चलते आसपास के गांवों के अलावा दूर-दराज क्षेत्रों से भी श्रद्धालु मंदिर में दर्शन और पूजन के लिए पहुंच रहे हैं। शनिवार को श्रृंगी ऋषि महाराज के मंदिर पहुंचने की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु वहां एकत्र हो गए। उन्होंने भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

महादेव की अनुभूति के बाद मंदिर पहुंचे श्रृंगी ऋषि महाराज श्रृंगी ऋषि महाराज ने बताया कि उन्हें अनुभूति हुई, जिसके बाद वह स्वयंभू पंचतत्वेश्वर महादेव के दर्शन के लिए यहां पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह स्थान सामान्य धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि स्वयंभू पंचतत्वेश्वर महादेव की पवित्र भूमि है। उनके अनुसार महादेव ने उन्हें आदेश दिया है और इसी क्रम में नंदी समेत नाग देवता तथा अधर्म के नाश के प्रतीक त्रिशूल भेजे गए हैं। मंदिर परिसर में इन धार्मिक प्रतीकों की स्थापना को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया।

श्रृंगी ऋषि महाराज ने कहा कि स्वयंभू पंचतत्वेश्वर महादेव की महिमा किसी ज्योतिर्लिंग से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव विघ्नों को दूर करने वाले हैं और उनकी शरण में आने वाले भक्तों की आस्था को शक्ति मिलती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से धार्मिक आस्था के साथ सेवा, सद्भाव और सनातन मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। काल भैरव स्थापना को लेकर बढ़ी श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में काल भैरव की स्थापना की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। काल भैरव की स्थापना की जानकारी पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में लोगों ने मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और धार्मिक आयोजनों में भाग लिया। मंदिर परिसर में दिनभर श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहा।

इस दौरान भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक, युवा नेता अंकित पाठक समेत क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और श्रद्धालु मौजूद रहे। दातागंज के एसडीएम विनोद कुमार सिंह भी मंदिर पहुंचे और स्वयंभू पंचतत्वेश्वर महादेव के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने मंदिर परिसर का निरीक्षण भी किया।

मंदिर में धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के जयकारे लगाए। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की भी बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। श्रद्धालुओं का कहना था कि स्वयंभू महादेव के प्रति क्षेत्र के लोगों की आस्था लगातार बढ़ रही है और मंदिर आने वाले दिनों में प्रमुख धार्मिक स्थल के रूप में विकसित हो सकता है। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा।

# स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने पांच वाहनों पर की कार्रवाई

## मिशन सेफ फ्यूचर 3.0 के तहत 30 स्कूली वाहनों की जांच, आठ ओवरलोड वाहन सीज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग का विशेष अभियान मिशन सेफ फ्यूचर 3.0 जारी है। शासन और जिलाधिकारी के निर्देश पर 14 से 19 सितंबर तक चलाए जा रहे छह दिवसीय अभियान के तहत परिवहन विभाग की टीमों ने स्कूली वाहनों की सघन जांच की। इस दौरान कुल 30 स्कूली वाहनों को चेक किया गया। मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर पांच स्कूली वाहनों के खिलाफ चालान और बंद करने की कार्रवाई की गई।






**खनन में लगे आठ ओवरलोड वाहन सीज, तीन लाख रुपये जुर्माना जमा :** अभियान के दौरान एआरटीओ हरिओम ने ओवरलोड माल वाहनों के खिलाफ भी कार्रवाई की। खनन में संलिप्त पाए गए आठ ओवरलोड वाहनों को सीज कर थाना बिसौली और उप संभागीय परिवहन कार्यालय बदायूं में खड़ा कराया गया। इन वाहनों पर कार्रवाई के बाद करीब तीन लाख रुपये जुर्माने के रूप में सरकारी खाते में जमा कराए गए।

इसके अलावा सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने पर 38 दोपहिया और चारपहिया वाहनों के चालान किए गए। इनमें बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, रॉन्ग साइड वाहन चलाने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने वाले वाहन शामिल रहे। परिवहन विभाग ने वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, वाहनों के सभी प्रपत्र पूर्ण रखें और क्षमता से अधिक भार लेकर वाहन न चलाएं। विभाग ने सड़क सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने में परिवहन विभाग और यातायात पुलिस का सहयोग करने की अपील भी की है।

# अंतिम संस्कार से लौट रहे बाइक सवारों को कार ने मारी टक्कर, एक की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

- वितरोई गांव के पास हादसे में साढ़ू गंभीर घायल, जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

**बदायूं।** थाना सहसवान क्षेत्र के गंगापुर गांव निवासी 51 वर्षीय धनवीर पुत्र बाबूराम अपने साढ़ू नया गांव निवासी 35 वर्षीय अजय सिंह पुत्र अमर सिंह के साथ शुक्रवार को कछला से अंतिम संस्कार में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान थाना मुजरिया क्षेत्र में वितरोई गांव के पास तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।



मृतक धनवीर। -जागरण मोर्चा

हादसे में बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने धनवीर को मृत घोषित कर दिया। वहीं अजय सिंह की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने धनवीर के शव को कब्जे में लेकर शनिवार को पोस्टमार्टम कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दुर्घटना के कारणों के साथ कार चालक के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

# संक्षेप समाचार

## घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप, जेवर लेकर फरार

**वजीरगंज।** थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ और मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने गांव के ही राजू यादव पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के मुताबिक, 18 सितंबर को वह घर पर अकेली थी। उसका पति और सास किसी काम से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान आरोपी कथित तौर पर घर में घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसे चारपाई पर पटककर मारपीट की। आरोप है कि शोर मचाने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी उसके कान का कुंडल और नाक की लौंग के अलावा उसकी बेटी की पाजेब भी निकालकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़िता और उसके परिवार ने थाना वजीरगंज पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। सीओ बिसौली अंशुमान श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है।

## राशन दुकान पर कार्रवाई, 21 कट्टे खाद्यान्न दूसरी दुकान पर पहुंचाए



कोटेदार पर कार्रवाई के दौरान मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

**कादरचौक।** ग्राम लभारी में राशन वितरण को लेकर ग्रामीणों की शिकायत के बाद शनिवार को पूर्ति विभाग के अधिकारियों ने राशन की दुकान की जांच की। ग्रामीणों की शिकायत को लेकर भाजपा नेता इंद्रपाल कश्यप भी ग्रामीणों के साथ खड़े रहे और डीएम को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत अधिकारियों तक पहुंचने के बाद सप्लाई इंस्पेक्टर सुमित समेत विभागीय टीम गांव पहुंची और राशन की दुकान की जांच की। जांच के दौरान दुकान में मौजूद गेहूं, चावल और चीनी समेत कुल 21 कट्टे खाद्यान्न दूसरी राशन दुकान पर पहुंचाए गए। भाजपा नेता इंद्रपाल कश्यप ने बताया कि अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की और राशन डीलर कप्तान की दुकान में मौजूद 21 कट्टे खाद्यान्न ओमपाल सागर की दुकान पर पहुंचा दिए गए हैं। अब ओमपाल सागर के माध्यम से ग्रामीणों को राशन का वितरण किया जाएगा। कार्रवाई के बाद ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि नई व्यवस्था में पात्र लाभार्थियों को समय से राशन मिल सकेगा और वितरण में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। विभागीय जांच और कार्रवाई के बाद फिलहाल राशन वितरण की जिम्मेदारी ओमपाल सागर को दी गई है।

## 691 जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ, सामूहिक विवाह समारोह में गूंजी शहनाइयां



नव दंपतियों को आशीर्वाद देते जनप्रतिनिधि। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत शुक्रवार को हाफिज सिद्दीक इस्लामिया इंटर कॉलेज, बदायूं और विकासखंड अम्बियापुर में भव्य सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किए गए। दोनों कार्यक्रमों में कुल 691 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। बदायूं में 408 हिंदू जोड़ों ने सात फेरे लिए, जबकि 21 मुस्लिम जोड़ों का निकाह कराया गया। वहीं बिल्सी में 255 हिंदू जोड़ों ने फेरे लिए और सात मुस्लिम जोड़ों का निकाह हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय बीएल वर्मा रहे। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सामूहिक विवाह समारोह केवल विवाह का आयोजन नहीं, बल्कि जरूरतमंद परिवारों की खुशियों और नई उम्मीदों का उत्सव है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं से गरीब परिवारों को बेटियों के विवाह की चिंता से राहत मिली है। उन्होंने नवदंपतियों के सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की। योजना के तहत प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को एक लाख रुपये का लाभ दिया जाता है। इसमें 21 हजार रुपये की उपहार सामग्री, 15 हजार रुपये आयोजन पर खर्च और शेष 64 हजार रुपये की धनराशि वधू के खाते में भेजी जाती है। विधानसभा सदर के कार्यक्रम में विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने नवदंपतियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बेटियां ससुराल में सभी का सम्मान करें और बेटे भी अपनी पत्नी के साथ उसके मायके वालों का सम्मान करें। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से अनेक जोड़े अपने जीवन के नए अध्याय की शुरुआत कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने भी नवविवाहितों को आशीर्वाद दिया। समारोह के अंत में प्रतीकात्मक रूप से कुछ जोड़ों को विवाह प्रमाणपत्र और उपहार सामग्री वितरित की गई। अतिथियों और अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों पर पुष्पवर्षा कर उनके सुखमय दांपत्य जीवन की कामना की। इस दौरान जिलाधिकारी अवनीश राय, मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला, जिला विकास अधिकारी मनोज कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी मीनाक्षी वर्मा, संबंधित बीडीओ, एमएलसी बागीश पाठक के प्रतिनिधि शारदेंदु पाठक, दीपमाला गोयल सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

# आठ सूत्रीय मांगों को लेकर लेखपालों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के बैनर तले शनिवार को बिसौली तहसील के लेखपालों ने अपनी विभिन्न लंबित एवं न्यायोचित मांगों को लेकर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन को संबोधित आठ सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी प्रियंका गोयल को सौंपा। लेखपालों ने समस्याओं का जल्द समाधान कराने की मांग की।



ज्ञापन देते लेखपाल। -जागरण मोर्चा

तहसील अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि लेखपालों पर लगातार कार्यभार बढ़ रहा है, जबकि पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। इसके अलावा लंबित पदोन्नति, वेतन विसंगति और अवकाश के दिनों में ड्यूटी लगाए जाने समेत कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शासन से इन समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराने की मांग की। तहसील मंत्री संदीप कुमार ने कहा कि स्थानांतरण प्रक्रिया को अविलंब पूरा किया जाए, जिससे गृह जनपद से दूर कार्यरत लेखपालों को राहत मिल सके। उन्होंने अतिरिक्त प्रभार से लेखपालों को तत्काल अवमुक्त करने की मांग भी रखी। कहा कि भूलेख और अन्य सहायक पटलों पर संबद्ध लेखपालों को मूल कार्य पर लौटने का अवसर दिया जाए, ताकि वे अपने दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर सकें। ज्ञापन देने वालों में दीपक भटनागर, शोभित कुमार, रिजवान अली, अरविंद कुमार, सुनील कुमार, सत्यम, अमित कुमार, गौतम कुमार, योगेंद्र कुमार भारती, माहरूफ अली, प्रदीप कुमार, अनमोल मिश्रा, मनीषा, क्रत्यमानी, शिवानी, प्रियांशु पटेल, संभू कुमार, डेविड कुमार, धर्मेश कुमार, सचिन कुमार, दीपक चौधरी, मोनू कुमार, नेम सिंह, लोकपाल सिंह समेत अन्य लेखपाल मौजूद रहे।

# विद्यालयों में बांटे फर्स्ट एड बॉक्स, बच्चों की सुरक्षा को लेकर जागरूक किया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** जायंट्स ग्रुप ऑफ बिसौली स्टार्स की ओर से आयोजित जायंट्स सेवा सप्ताह के तीसरे दिन नगर के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों की सुरक्षा और प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा को लेकर सेवा कार्य किया गया। ग्रुप सदस्यों ने प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व प्रबंधन को फर्स्ट एड बॉक्स (प्राथमिक चिकित्सा किट) वितरित किए।



जागरुक करते बच्चों को अध्यापक। -जागरण मोर्चा

विद्यालय परिसर में खेलकूद अथवा दैनिक गतिविधियों के दौरान बच्चों के चोटिल होने की स्थिति में उन्हें तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल की गई। इस दौरान ग्रुप के सदस्यों ने शिक्षकों और विद्यार्थियों को आपात स्थिति में प्राथमिक चिकित्सा किट के सही प्रयोग, आवश्यक सावधानियों और प्राथमिक उपचार के तरीकों की जानकारी भी दी।

ग्रुप पदाधिकारियों ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए प्राथमिक चिकित्सा किट बेहद उपयोगी साबित होगी। संबंधित विद्यालयों के शिक्षक वर्ग ने इस पहल के लिए जायंट्स ग्रुप की टीम का आभार जताया।

कार्यक्रम में यूनिट डायरेक्टर अनुपम वार्ष्णेय, अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, सचिव शशांक भिल्ला, नितिन वार्ष्णेय, निशांत गोयल, संदीप गुप्ता, शिप्राम शर्मा, विकास गुप्ता, हर्ष रस्तोगी, अमित अग्रवाल और मुकेश यादव मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** कादरचौक में कविता, कहानी, भाषण, वाद-विवाद और सामान्य ज्ञान में बच्चों ने दिखाया हुनर

# उमंग प्रतियोगिता में निखरी परिषदीय स्कूलों के बच्चों की प्रतिभा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सीडीओ गामिनी सिंगला की पहल पर शुरू किए गए 'उमंग-एक पहचान' कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिले के सभी 15 ब्लाकों में ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय और न्याय पंचायत स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके छात्र-छात्राओं ने ब्लाक स्तर पर बाल कविता, कहानी सुनाओ, भाषण, डिबेट, सामान्य ज्ञान और डिक्टेशन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। अब ब्लाक स्तर के विजेता विद्यार्थी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।




कार्यक्रम में मौजूद बच्चों को सम्मानित करतीं सीडीओ। -जागरण मोर्चा

कादरचौक में ब्लॉक संसाधन केंद्र असरासी पर आयोजित प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर की हिंदी बाल कविता में गौरी ने प्रथम, प्रतिज्ञा ने द्वितीय और शिवांगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कहानी सुनाओ में पंचू प्रथम, वैभव द्वितीय और आफरीन तृतीय रहे। अंग्रेजी डिक्टेशन में अंकित प्रथम, अली खान द्वितीय और प्रेशा तृतीय रहीं। सामान्य ज्ञान में कक्षा चार से मनीष, अश्विन और हिमांशु तथा कक्षा पांच से अंकित, राखी कुमारी और वेदांत यादव ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**भाषण और वाद-विवाद में भी बच्चों ने छोड़ी छाप :** जूनियर स्तर की हिंदी भाषण प्रतियोगिता में अनीशा प्रथम, खुशी द्वितीय तथा कविता शर्मा और तनु पाठक तृतीय रहे। अंग्रेजी भाषण में सारेहा खान प्रथम, राफेया खान द्वितीय तथा शिवम, आजाद और तूबा तृतीय स्थान पर रहे। अंग्रेजी डिक्टेशन में सारेहा खान प्रथम, ममता शाक्य द्वितीय और शिवम तृतीय रहे। डिबेट/वाद-विवाद में लुकमान विजेता रहे।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में कक्षा छह से सपने अली प्रथम, लक्ष्मी द्वितीय और काजल राजपूत तृतीय रहीं। कक्षा सात में आशीष गोला, सचिन और तेजेंद्र सागर तथा कक्षा आठ में ओमवीर, राहुल और लता ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार और खंड शिक्षा अधिकारी दिलीप कुमार ने विजेता बच्चों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। संचालन डॉ. जुगल किशोर और जितेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में एआरपी, शिक्षक संघ पदाधिकारियों समेत बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की कैद

**बदायूं।** नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी पर 1.12 लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 21 मई 2023 को आरोपी नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। परिजनों की ओर से मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की और नाबालिग को बरामद करने के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया। विवेचना पूरी होने के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी मानते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 1.12 लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

# बिजली चोरी पर शिकंजा, 85 बकायादारों पर कार्रवाई

## लाइन लॉस कम करने को बढ़ेगी चेकिंग, भुगतान न करने वालों के कनेक्शन काटने के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** विद्युत वितरण खंड तृतीय कार्यालय पर शनिवार को अधिशासी अभियंता नरेंद्र चौधरी ने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की स्थिति की जानकारी लेते हुए उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही लाइन लॉस कम करने और बिजली चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चेकिंग अभियान तेज करने को कहा।

अधिशासी अभियंता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बकायादार उपभोक्ताओं से पहले बिल जमा करने का आग्रह किया जाए। इसके बाद भी भुगतान नहीं करने वालों के कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने राजस्व वसूली में तेजी लाने पर भी जोर दिया।



बिजली बिजली चोरी को लेकर के मंथन करते हुए अधिकारी। -जागरण मोर्चा

इधर, विद्युत विभाग की टीम ने अधिशासी अभियंता नरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में बिसौली और मुड़िया धुरेकी क्षेत्र में मॉर्निंग रेड के तहत सघन बिजली चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान 85 बकायादार उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की गई।

एसडीओ बिसौली विकास राजपूत ने कहा कि बिजली चोरी की रोकथाम और बकाया वसूली के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने बकायादार उपभोक्ताओं से समय से बिल जमा करने की अपील की और भुगतान नहीं करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। इस दौरान एकाउंटेंट करन सिंह, एसडीओ यश कुमार, रनवीर सिंह, मोहसिन, सुरजीत, नवीन, शुभम आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### अधिवक्ता ने संपूर्ण समाधान दिवस में लगाई गुहार: रामपुर मुहाफ़िज़ खाने में नक्शा ट्रेसर न होने से कामकाज ठप

**शाहबाद।** तहसील शाहबाद में आयोजित 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' में अधिवक्ता सुहैल खां ने डीएम अजय कुमार द्विवेदी को शिकायती पत्र देकर मुहाफ़िज़ खाना रामपुर में नक्शा ट्रेसर की नियुक्ति न होने की शिकायत दर्ज कराई है। अधिवक्ता खान सुहैल असरार ने अधिकारियों को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने करीब 6 महीने पहले तहसील शाहबाद के ग्राम घारमपुर की गाटा संख्या 19 का नक्शा ट्रेस बनवाने के लिए आवेदन किया था। जब वह नक्शा लेने पहुंचे, तो उन्हें बताया गया कि वहां नक्शा बनाने वाले कर्मचारी ही नहीं आ रहे हैं। लंबे समय से नक्शा ट्रेसर न होने के कारण अधिवक्ताओं और आम जनता के विधिक व अदालती काम बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

# यूपीआई शुल्क के विरोध में कांग्रेसियों ने घेरा मंत्री का कैंप कार्यालय

## अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** यूपीआई भुगतान व्यवस्था में प्रस्तावित नए शुल्क ढांचे के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के कैंप कार्यालय राजभवन के बाहर प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता और महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान के संयुक्त नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने मंत्री के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपकर नई व्यवस्था पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। इससे पहले कांग्रेस पदाधिकारी टाउनहाल स्थित राजीव भवन में एकत्र हुए। बैठक में जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि नए प्राविधानों के तहत



मंत्री के कैंप कार्यालय का घेराव करते कांग्रेसी। –जागरण मोर्चा

2000 रुपये से अधिक के चिन्हित व्यक्ति से व्यापारी (पी2एम) डिजिटल लेनदेन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू किया जाना है। इससे व्यापारियों की लागत बढ़ने और इसका अप्रत्यक्ष असर पड़ने की आशंका है। उन्होंने कहा कि डिजिटल भुगतान व्यवस्था को सरल और सुलभ बनाए रखना जरूरी है, ताकि आम नागरिकों के साथ छोटे और मध्यम व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ न पड़े। महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान ने कहा कि सरकार ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर व्यापारियों को यह तोहफा दिया है, जिसका कांग्रेस विरोध करती है। उन्होंने कहा कि किसान, नौजवान, महिलाएं, छात्र और व्यापारी परेशान हैं। कांग्रेस गलत फैसलों के खिलाफ आवाज उठाती रहेगी। प्रदर्शन में पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, प्रदेश सचिव अनूप वर्मा, कृष्ण विनोद मिश्रा, पवन सिंह, गायत्री प्रकाश अवस्थी, रामजी अवस्थी, पूनम पांडेय, अनस इकबाल, अरुणोद मिश्रा, नूरे सहर बी, रफी उल हसन, सईद अंसारी, फुरकान अहमद कुरैशी, गौरव त्रिपाठी, इरफान खान, आशीष तिवारी, मनोज वाजपेई, यूसुफ खान, अदीब अहमद, परवेज अहमद, सय्यद रहमान और नीरज अवस्थी समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## यूजीसी नेट में सदफ सिद्दीकी ने हासिल की सफलता

**शाहजहांपुर।** मूड़ा हारिस गांव निवासी मो. आरिफ की पुत्री सदफ सिद्दीकी ने यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए अर्हता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार के साथ ही गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।



सदफ।

परिजनों, रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सदफ ने मेहनत, लगन और नियमित अध्ययन के बल पर यह सफलता हासिल की। उनकी उपलब्धि क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणादायी है। ग्रामीणों ने कहा कि सदफ की सफलता से गांव की युवतियों को उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। सदफ ने प्रारंभिक शिक्षा एमए पब्लिक स्कूल से प्राप्त की। यूजीसी नेट में असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए अर्हता हासिल करने पर उनके शुभचिंतकों ने हर्ष जताते हुए हार्दिक बधाई दी।

## संक्षेप समाचार

### भाकियू अंबाबता ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, कई मुद्दे उठाए



डीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू अंबाबता के कार्यकर्ता। –जागरण मोर्चा

**शाहबाद।** भारतीय किसान यूनियन अम्बावता के पदाधिकारियों ने तहसील समाधान दिवस पर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की छह प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग की है। मंडल सचिव झंडू सिंह के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में शाहबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आँख और नाक-कान-गला विशेषज्ञों की तैनाती करने, ग्राम परैता में नवीन परती व चारागाह की सरकारी भूमि से दबंगों का अवैध कब्जा हटाने और छात्रों के लिए खेल मैदान बनवाने की मांग की गई है। इसके अलावा 17 सितंबर को आए आंधी-तूफान व भारी बारिश से बर्बाद हुई धान की फसल का सर्वे कराकर मुआवजा देने, सड़क किनारे गिरे सरकारी पेड़ों की नीलामी कराने और ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड बनाने के काम में तेजी लाने का आग्रह किया है। इस दौरान अकिल खां, शकील अहमद, आमिर खाँ, सोहनलाल, महिपाल और रामचरन आदि रहे।

### शाहबाद में मारपीट के मामले में केस दर्ज

**शाहबाद।** नगर के मोहल्ला कानून गोयान निवासी श्रीमती सीमा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 16 सितंबर 2026 की रात करीब 8 :30 बजे बच्चों के बीच आपसी कहासुनी हो रही थी। इसी बात को लेकर पड़ोसी तारा, रामपाल उर्फ बबलू, काजल और कुमकुम ने पीड़िता, उनके पुत्र और बहुओं संजना व तान्या के साथ गाली-गलौज की। आरोप है कि इन लोगों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों, लात-घूंसों से उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### शाहबाद में डीएम-एसपी ने सुनी लोगों की फरियादें



जनसुनवाई करते डीएम अजय कुमार द्विवेदी और एसपी अनिल कुमार सिंह।

**शाहबाद।** शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सिंह ने लोगो की जनसमस्याओं को सुना और शिकायतों के गुणवत्तापूर्वक निस्तारण के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 63 शिकायती पत्र आए जिनमें से 7 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि बची हुई शिकायतों को निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। इस मौके पर डीएम ने कहा कि लोगों की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सीएमओ डॉ दीपा सिंह, बीएसए कल्पना देवी, एसडीएम आदेश कुमार, सीओ देवकीनंदन, तहसीलदार अमित कुमार सिंह, नायब तहसीलदार सीमा गंगवार, बीडीओ धीरेन्द्र सिंह चौहान, कोतवाल धनंजय सिंह, एसडीओ अलंकृत मिश्रा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजीव चंदेल, बीईओ बबीता सिंह आदि रहे।

### झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा

**खुदागंज।** स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा जांचोंपरान्त झोलाछाप डॉक्टर के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। ग्रामीणों द्वारा मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी की सथरापुर गांव निवासी श्यामलाल पुत्र राम भरोसे बिना किसी डिग्री व रजिस्ट्रेशन के क्लीनिक का संचालन कर रहे हैं जिसके बाद नोडल अधिकारी डॉक्टर इरफान ने उक्त मामले में बिंदु बार जांच की उन्होंने संबंधित व्यक्ति से शैक्षिक एवं चिकित्सीय योग्यता के प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिए पहले ही नोटिस दिया गया था प्रमाण पत्र प्रस्तुत न किए जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से संबंधित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### नोटिस के एक माह बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

**खुदागंज।** नोडल अधिकारी द्वारा नगर ब ग्रामीण क्षेत्र में अवैध रूप से क्लिनिक संचालित करने वाले आधा दर्जन झोलाछाप डॉक्टरो को नोटिस जारी करते हुए अपने प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था परंतु एक माह बाद भी ना तो नोटिस का जवाब दिया गया और ना ही कोई कार्रवाई हो सकी जिसके चलते नगर में चल रहे झोलाछाप चिकित्सकों के हौसले बुलंद है जो गंभीर बीमारियों का उपचार करते हुए लोगों की जान जोखिम में डाल रहे हैं परंतु स्वास्थ्य महकमा अनजान बना हुआ है।

### उपचार के दौरान महिला की मौत, परिजनों ने गलत इंजेक्शन लगाने का लगाया आरोप

**खुदागंज।** पेट में तेज दर्द के बाद उपचार कराने गई एक महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई परिजनों ने चिकित्सक पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। खुदागंज थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरी निवासी बशीर अहमद अपनी बेटी रुखसार 30 को लेकर अस्पताल गए थे जिसे पेट में तेज दर्द था आरोप है कि नगर के हिंद अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा उसे इंजेक्शन लगाया गया इसके कुछ ही मिनट में उसने दम तोड़ दिया पीड़ित पिता ने मामले में जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

### पुवाया ब्लॉक में निजी कर्मचारियों से काम करने पर रोक, डीएम के निर्देश पर बीडीओ का सख्त रुख

**पुवायां शाहजहांपुर।** विकासखंड में ग्राम पंचायतों के सरकारी कार्यों में प्राइवेट व्यक्तियों एवं लड़कों के हस्तक्षेप को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में खंड विकास अधिकारी, पुवायां ने सभी ग्राम पंचायत सचिवों को कड़ा निर्देश जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि विकासखंड में सचिवों द्वारा अपने कार्यों का संपादन प्राइवेट निजी कर्मचारीओं से कराया जा रहा है, जो कर्मचारी आचरण नियमावली के खिलाफ है। बीडीओ ने सभी सचिवों को निर्देशित किया है कि इस संबंध में प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाए कि उनके द्वारा किसी भी प्राइवेट व्यक्ति अथवा लड़के को सरकारी कार्य के लिए नहीं रखा गया है। यदि जांच में किसी सचिव के स्थान पर कोई प्राइवेट व्यक्ति या लड़का सरकारी कार्य करता पाया जाता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित सचिव की होगी। पत्र में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि ऐसी स्थिति सामने आने पर संबंधित सचिव के खिलाफ उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए विभागीय कार्रवाई की जाएगी। आदेश के बाद विकासखंड के सचिवों में खलबली मची हुई है।

### अपर नगर आयुक्त अजय त्रिपाठी का तबादला, भान सिंह बने नए अपर नगर आयुक्त

**शाहजहांपुर।** नगर निगम में काम के भुगतान से पहले मानकों की जांच और फर्जी दस्तावेजों वाली फर्मों पर शिकंजा कसने वाले अपर नगर आयुक्त अजय कुमार त्रिपाठी का अचानक मऊ तबादला हो गया। उनके कार्यकाल में कई फर्मों पर कार्रवाई और बिना काम वेतन लेने वाले आउटसोर्सिंग कर्मियों को हटाने के फैसले चर्चा में रहे। अब अचानक तबादले ने नगर निगम की कार्यप्रणाली और फैसलों को लेकर नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। भदोही के एसडीएम भान सिंह को शाहजहांपुर का नया अपर नगर आयुक्त बनाया गया है। त्रिपाठी के तबादले के बाद सबसे ज्यादा चर्चा इसी बात की है कि जिन फैसलों से ठेकेदारों और कुछ लोगों में नाराजगी की बातें सामने आती रही थीं, उन्हीं के बीच उनका तबादला क्यों हुआ।

## शाहबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस के बाद डीएम ने दिलाई अंगदान की शपथ



शाहबाद तहसील सभागार में मौजूद अधिकारियों को अंगदान करने की शपथ दिलाते डीएम अजय कुमार द्विवेदी।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद:** सम्पूर्ण समाधान दिवस के समापन पर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने उपस्थित अधिकारियों और नागरिकों को मानवता के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी को अंगदान करने का दृढ़ संकल्प दिलाया। डीएम ने कहा कि हमारे जीवन के बाद हमारे अंग किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकते हैं। उन्होंने सभी से खुद अंगदान के लिए पंजीकरण करने और समाज, परिवार व मित्रों को भी इस महादान के प्रति जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने अंगदान से जुड़े भ्रमों और अंधविश्वासों को दूर करने तथा इस संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। इस मौके कर एसपी अनिल कुमार सिंह, सीएमओ डॉ दीपा सिंह, एसडीएम आदेश कुमार, सीओ देवकीनंदन, तहसीलदार अमित कुमार सिंह, नायब तहसीलदार सीमा गंगवार, कोतवाल धनंजय सिंह आदि रहे।

## व्यापारी नेता को मातृ शोक

**तिलहर शाहजहांपुर।** मोहल्ला विरियागंज निवासी सर्राफ तथा व्यापारी नेता प्रदीप कुमार गुप्ता की मां शकुंतला देवी का गुरुवार को बीमारी के चलते निधन



शकुंतला देवी।

हो गया वह लगभग 90 वर्ष की थी उन्होंने अंतिम सांस बरेली में ली। बेहद मृदुल व्यवहार की धनी शकुंतला देवी अपने छोटे बेटे प्रवीण गुप्ता के साथ बरेली में निवास कर रही थी। प्रति वर्ष तिलहर स्थित बांके बिहारी मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान के बाद विशाल भंडारा का आयोजन करती थी। धार्मिक प्रवृत्ति की शकुंतला देवी अपने पीछे चार पुत्रों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं उनकी अंत्येष्टि फर्रुखाबाद के घटिया घाट पर वैदिक रीति रिवाज के साथ कर दी गई ।

# रोजा की निशा देवी ने लेखन के क्षेत्र में बनाई पहचान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** रोजा क्षेत्र में रह रहीं हरदोई निवासी निशा देवी ने लेखन के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। बीए, एमएसडब्ल्यू और बीएड की शिक्षा प्राप्त निशा ने विभिन्न विषयों पर छह पुस्तकें लिखी हैं। इन पुस्तकों को उन्होंने Amazon KDP के माध्यम से स्वयं प्रकाशित किया है। निशा की प्रकाशित पुस्तकों में Funeral of the Conscience, The Art of Living Happy, It's OK to Fail, Engineer Prashant: Dream Drenched in Sweat, Quiet Motivation और The Girl Who Knitted



रोजा की नवोदित लेखिका निशा।

Clouds शामिल हैं। उनकी पुस्तकों में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, संघर्षों से जूझते हुए आगे बढ़ने और सपनों को पूरा करने जैसे विषयों को प्रमुखता दी गई है। निशा देवी अपनी इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता और परिवार को देती हैं। पिता हरिओम सहित पूरे परिवार के प्रति आभार जताते हुए उन्होंने कहा, ईश्वर से मेरी यही प्रार्थना है कि हर जन्म में मुझे यही मम्मी-पापा और यही परिवार मिले। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के मन में लिखने की इच्छा है, उन्हें अपने विचारों को रोकना नहीं चाहिए। अगर आपके मन में लिखने की इच्छा है तो अपने शब्दों को रोकिए मत, आज से लिखना शुरू कीजिए। एक छोटे से विचार से शुरू हुआ निशा का लेखन सफर छह पुस्तकों तक पहुंच चुका है। उनका यह प्रयास उन लोगों के लिए भी प्रेरणादायी है, जो अपने भीतर के लेखक को दुनिया के सामने लाने का सपना देखते हैं।

# ट्रांसपोर्टर नीरज त्रिवेदी के हमलावर का हाफ एनकाउंटर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र में जानलेवा हमले के मुकदमे में वांछित आरोपित को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपित के पैर में गोली लगी है ।उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक 18 सितंबर को बाकरजई मोहल्ला निवासी पंकज ने तहरीर देकर बताया था कि शीबू उर्फ आजम, नईम और कुछ अज्ञात लोगों ने उसके भाई नीरज के घर में घुसकर चाकू से हमला कर दिया। हमले में नीरज गंभीर रूप से घायल हुआ था। मामले में रामचंद्र मिशन थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। शनिवार को रामचंद्र मिशन



हमलावर शिबू खान घायल अवस्था में।

थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ हरदोई चौराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि मुकदमे में वांछित शीबू उर्फ आजम सफेद रंग की अपाचे बाइक से हरदोई रोड की ओर आ रहा है। पुलिस ने बाइक

- **चाकू से हमला करने वाले शिबू की टांग में पुलिस ने मारी गोली**

सवार को रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो आरोपित हाईवे से बाड़ी गांव वाले कट की ओर कच्चे रास्ते पर मुड़ गया। रास्ता खराब होने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। पुलिस का दावा है कि इसके बाद आरोपित ने तमंचे से पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई। पुलिस ने घायल शीबू उर्फ आजम को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान किला पाखड़ निवासी के रूप में हुई। उसके कब्जे से तमंचा बरामद होने की बात पुलिस ने कही है। घटना में इस्तेमाल बाइक को भी कब्जे में लेकर पुलिस ने आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बाजारों में पैदल गश्त, पुलिस ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

**शाहजहांपुर।** शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी नगर और क्षेत्राधिकारी सदर ने पुलिस बल के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में पैदल गश्त कर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान प्रमुख बाजारों और स्थानों पर भ्रमण कर पुलिस की मुस्तैदी परखी गई। क्षेत्राधिकारी नगर ने कोतवाली पुलिस के साथ कोतवाली क्षेत्र में, जबकि क्षेत्राधिकारी सदर ने निगोही पुलिस के साथ क्षेत्र में पैदल गश्त की। पुलिस अधिकारियों ने दुकानदारों और आमजन से संवाद कर शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। साथ ही संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने के लिए जागरूक किया। गश्त के दौरान पुलिसकर्मियों को सतर्क और मुस्तैद रहकर ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी रखने पर जोर दिया।

# फर्जी मुकदमा दर्ज होने पर विधायक आवास का घेराव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** कस्बा मदनापुर स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दलित समाज के व्यक्ति की मौत के मामले में दर्ज मुकदमे को लेकर शनिवार को लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। बड़ी संख्या में लोगों ने विधायक के आवास का घेराव कर मुकदमे को फर्जी बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि जांच नहीं हुई तो वह आंदोलन करने को मजबूर होंगे। मदनापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी जगवीर की इलाज के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी ममता ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि उसके पति की पवन के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हुई। आरोप है कि घटना के बाद उसके चीखने-चिल्लाने पर पवन ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पवन चौहान के खिलाफ गैर इरादतन हत्या और एससी-एसटी एक्ट समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद शनिवार को बड़ी संख्या में लोग विधायक के आवास पर पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में पवन के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज किया गया है। लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की। सूचना पर सीओ सदर शुभम वर्मा भी विधायक के आवास पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया। सीओ ने कहा कि जांच में यदि मुकदमा झूठा पाया गया तो उसे समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

# सड़कों पर छुट्टा पशुओं के झुंड हुए जानलेवा



जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांट।** सड़क पर घूम रहे छुट्टा पशुओं के झुंड राहगीरों के लिए मुसीबत बन गए हैं। कांट-मदनापुर मार्ग पर मोहनपुर, डीगुरपुर समेत कई स्थानों पर गोवंश सड़क के बीचों-बीच खड़े नजर आते हैं। ऐसे में तेज रफ्तार वाहनों के सामने अचानक पशु आने से हादसे का खतरा बना रहता है।

कांट से मदनापुर जाने वाले मार्ग पर जगह-जगह छुट्टा पशुओं के झुंड देखे जा सकते हैं। कई बार पशु सड़क के बीच में ही बैठ जाते हैं। रात के समय स्थिति और खतरनाक हो जाती है। अचानक सामने आए पशु को बचाने के प्रयास में वाहन अनियंत्रित होने से हादसा हो सकता है। क्षेत्र में नगर और ग्रामीण इलाकों में गोशालाएं होने के बावजूद सड़कों पर छुट्टा गोवंश की समस्या बनी हुई है। खंड विकास अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि सड़कों पर घूम रहे गोवंशों को पकड़वाकर गोशालाओं में जल्द ही भेजा जाएगा।

**आयोजन** | जरूरतमंदों को मिला परामर्श, दवा और चश्मे, 425 मरीजों की जांच, सौ नेत्र रोगियों को बांटे निशुल्क चश्मे

# सत्य विद्या फाउंडेशन ने लगाया निशुल्क चिकित्सा शिविर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** स्वर्गीय विद्यावती जी की छठी पुण्यतिथि पर सत्य विद्या फाउंडेशन की ओर से ददरौल क्षेत्र के लालपुर स्थित विद्या प्लाई एंड बोर्ड प्राइवेट लिमिटेड परिसर में वृहद निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। करीब चार घंटे चले शिविर में 425 मरीजों की जांच कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श और निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गईं। वहीं, 225 नेत्र रोगियों की जांच की गई और जरूरतमंदों को सौ से अधिक चश्मे वितरित किए गए। आयोजक अशोक अग्रवाल ने बताया कि शिविर का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और असहाय लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकों से उचित परामर्श



निशुल्क चिकित्सा शिविर में जिलाधिकारी व आयोजक। –जागरण मोर्चा

उपलब्ध कराना था। वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के सहयोग से सामान्य रोग, सर्जरी, गुप्त रोग, नेत्र, दंत, हड्डी, नाक-कान-गला, छाती एवं श्वास, स्त्री एवं प्रसूति तथा चर्म रोग से संबंधित मरीजों की जांच की गई। दंत रोगियों के उपचार के लिए मोबाइल वैन की व्यवस्था भी की गई थी। शिविर में डॉ. विवेक वर्मा, डॉ. ऋषि पटेल, डॉ. कुश पटेल, डॉ. अनुराग प्रकाश, डॉ. प्रिया मिश्रा, डॉ. सारांश, डॉ. अनस सैफी, डॉ. अर्पित कुमार, डॉ. अंशू यादव और डॉ. धनश्री ने मरीजों का परीक्षण किया। हेल्प लाइन संस्था की ओर से सौ से अधिक नेत्र रोगियों को निशुल्क चश्मे उपलब्ध कराए गए। इस दौरान सांसद मिथलेश कुमार कठेरिया, विधायक अरविंद सिंह, जिलाधिकारी डीपी सिंह, एडीएम रजनीश मिश्रा, जिला कारागार अधीक्षक जेपी तिवारी, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डीपी सिंह राठौर समेत विभिन्न सामाजिक संगठनों और संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने स्वर्गीय विद्यावती जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए ।






## एक नजर

### प्रतियोगिता में आलोक को प्रथम स्थान

**चंदौसी।** नगर पालिका की ओर से स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत गिरीश चंद्र कंपोजिट विद्यालय में स्वच्छता की पाठशाला के अंतर्गत पेंटिंग एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्र-छात्राओं ने पेंटिंग के माध्यम से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्वच्छ सारथी क्लब की छात्राओं ने कचरा पृथक्करण, पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक के अनावश्यक उपयोग से बचने और स्वच्छ वातावरण बनाने में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। छात्राओं ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो भविष्य भी सुरक्षित रहेगा। प्रतियोगिता में आलोक ने प्रथम, गणेश ने द्वितीय और खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाध्यापिका संगीता ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर नगर पालिका की सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह, रिजवान और महेश मौजूद रहे।

# पेड़ पर लटके मिले प्रेमी युगल के शव

## प्रेमी युगल शनिवार की रात 1 बजे घर से था लापता, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजें, एसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव नेहटा में नाबालिक प्रेमी युगल के शव पेड़ पर लटके मिले घटना से इन दोनों परिवारों में कोहराम मच गया और परिजन ग्रामीणों के साथ घटनास्थल पर पहुंच विलाप करने लगे घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई फॉरेंसिक टीम ने पहुंच साक्ष्य जुटाए, पुलिस अधीक्षक ने भी घटना का निरीक्षण किया पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं प्रथम दृश्यटा मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।


अनिल (फाइल फोटो)

कोतवाली क्षेत्र के गांव सैजनी के ग्रामीण शनिवार की सुबह 10:00 बजे खेतों पर जा रहे थे तभी मौलागढ़ मिलक निवासी खूबचंद के खेत पर लगे पेड़ पर नाबालिक लड़की व लड़की का शो दुपट्टे के फंदे पर लटका देखा ग्रामीणों ने अन्य ग्रामीणों व ग्राम प्रधान को घटना की सूचना दी घटना की सूचना मिलने पर थाना बनियाठेर, कोतवाली पुलिस व पुलिस क्षेत्र अधिकारी विवेक जावला मौके पर पहुंच गए घटना स्थल थाना बनियाठेर क्षेत्र का था दोनों की पहचान ग्राम सैजनी निवासी अनिल 17 वर्ष पुत्र योगेंद्र कुमार पाल व सुधा 17 वर्ष पुत्री भगवान दास के रूप में हुई घटना की सूचना मिलने पर परिजन अन्य ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंच गए मामला प्रेम प्रसंग का बताया गया।


पेड़ से लटके मिले प्रेमी युगल के शव की ग्रामीणों से जानकारी करते सीओ।

बताया गया की लड़की के परिजनों को तीन माह पहले दोनों के प्रेम प्रसंग की जानकारी हुई थी इसके बाद से लड़की के घर से निकलने पर पाबंदी लगा दी थी शुक्रवार की रात 1 बजे दोनों घर से निकल आए और गांव से दूर जाकर पेड़ पर दुपट्टे का फंदा लगा लटक गए और आत्महत्या कर ली घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और ग्रामीण व परिजनों से जानकारी की पुलिस ने सब पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं सुरक्षा की दृष्टि से गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।


चंदौसी में प्रेमी युगल की मौत के बाद विलाप करते परिजन।

प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है पुलिस ने ग्रामीणों व परिजनो से जानकारी की है दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही अगली कार्रवाई की जाएगी। -विकास चंद्र त्रिपाठी, एसपी, संभल।

### शादी के खिलाफ थे लड़का और लड़की के परिजन

गांव सैजनी में हुई घटना को लेकर पुलिस ने बताया कि लड़का व लड़की के परिजन उनके प्रेम प्रसंग से नाराज थे जबकि प्रेमी युगल शादी करने की जिद पर अड़ा हुआ था मगर एक ही गांव के होने पर परिजन शादी के खिलाफ थे प्रेमी युगल के घरों में 100 मी का अंतर था लड़का चंदौसी में एक इंटर कॉलेज में कक्षा 11 का छात्र था शुक्रवार की रात लड़की घर से गायब थी तो लड़की के परिजन लड़के के घर पहुंचे लड़के के परियों ने बताया कि उनका पुत्र छत पर सोया है मगर लड़का घर पर नहीं मिला इसके बाद दोनों के परियों ने उनकी तलाश शुरू कर दी मगर दोनों का कहीं कोई सुराग नहीं लगा शनिवार की सुबह दोनों के शव पेड़ पर लटके मिले।

## 88 शिकायतों में से केवल 10 का हुआ निस्तारण

**चंदौसी।** तहसील सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। सुबह नौ बजे से पहुंचे फरियादियों ने दोपहर दो बजे तक 88 शिकायतें दर्ज कराईं, जिनमें मौके पर 10 शिकायतों का निस्तारण किया गया। राजस्व विभाग से संबंधित 26 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें पांच का निस्तारण हुआ। पुलिस विभाग की 10 शिकायतों में एक का समाधान किया गया। चकबंदी विभाग की 15, विकास विभाग की 12, खाद्य एवं रसद विभाग की छह, समाज कल्याण विभाग की पांच और शिक्षा विभाग की दो शिकायतें प्राप्त हुईं। अन्य विभागों से 12 शिकायतें आईं, जिनमें चार का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान एसपी विकास चंद्र त्रिपाठी, सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, सीएमओ डॉ. तरुण पाठक, एसडीएम आशुतोष तिवारी, सीओ विवेक जावला, तहसीलदार रविंद्र विक्रम सहित अधिकारी मौजूद रहे।

# जायंट्स ग्रुप की महिलाओं ने किया पौधारोपण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर संकल्प जीवन धारा ग्रुप ने संयुक्त रूप से सेवा सप्ताह के दूसरे दिन पौधारोपण कार्य किया। जायंट्स ग्रुप की तीनों अध्यक्ष नीतू रस्तोगी संकल्प की अध्यक्ष नूतन अग्रवाल जीवन धारा की अध्यक्ष सुजाता शर्मा ने आज पौधारोपण किया। उन्होंने तुलसी, शामी, नीम, बेलपत्र आदि पौधे लगाए और संकल्प लिया कि हमारा कार्य पौधा लगाना ही नहीं उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। इस मौके पर ग्रुप सचिव शालिनी शर्मा, संकल्प की सुप्रीति गुप्ता, सचिव शीनू शर्मा, कोषाध्यक्ष शोभा शर्मा आदि भी मौजूद रही ग्रुप के अन्य सदस्य का भी भरपूर सहयोग रहा सुमन सैनी, सीमा अग्रवाल, रागिनी सैनी, रंचना, सुमन शर्मा, अंजू शर्मा, विमलेश सैनी आदि सदस्य मौजूद रहे।



चंदौसी में जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर संकल्प जीवन के कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारी।

### जायंट्स ग्रुप ने किया पौधारोपण

**चंदौसी।** जायंट्स ग्रुप ऑफ सखी सहेली ने सेवा सप्ताह के दूसरे दिन संत तुला राम पार्क, आवास विकास में पौधारोपण किया। सदस्यों ने नीम, पीपल, आम सहित विभिन्न पौधे लगाए और पार्क को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। अध्यक्ष डॉ. मधु तोमर, सीमा वर्मा, रीता बुधियाल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### स्कूली बच्चों से किया नशे से दूर रहने का आह्वान

**चंदौसी।** जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला नव शक्ति के सेवा सप्ताह के तीसरे दिन शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर स्टेशन रोड में नशामुक्ति अभियान विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। छात्र-छात्राओं ने नशे के दुष्प्रभाव और इससे समाज को होने वाले नुकसान पर विचार रखे। ग्रुप की सदस्यों ने बच्चों को नशे से दूर रहने तथा शिक्षा, अच्छे संस्कार और खेलों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने नशामुक्त समाज के निर्माण के उपाय बताए। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के उत्साह की सभी ने सराहना की। इस अवसर पर सरोज शर्मा, रेखा शर्मा, माधुरी शर्मा, कांता शर्मा, सपना गुप्ता, अभिलाषा, शालिनी वैश्य, खुशबू, रचना और रश्मि वर्मा सहित शिक्षक मौजूद रहे।

## ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कृषिका सिंह का चयन

**चंदौसी।** एफआर इंटर कॉलेज में जनपद स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें छह विद्यालयों के बालक-बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। 14 वर्षीय बालिका वर्ग में श्री अक्रूर जी कन्या इंटर कॉलेज की कृषिका सिंह चयनित हुईं। 17 वर्षीय बालक वर्ग में कृष्ण कुमार, नैतिक पवार, प्रिंस, आशीष सहित हिंद इंटर कॉलेज संभल के एक खिलाड़ी का चयन हुआ। 19 वर्षीय बालक वर्ग में एसएम इंटर कॉलेज के संतराम चयनित हुए। प्रतियोगिता चयनकर्ता फूलचंद, राकेश कुमार, रेफरी सुरेश कुमार और पर्यवेक्षक अब्दुल सईद खान की देखरेख में हुई। प्रधानाचार्य ने खिलाड़ियों को बधाई दी। मंडल स्तरीय प्रतियोगिता बिजनौर में होगी।

# धूमधाम से मनाई गई राधा अष्टमी


चंदौसी में बद्रीनारायण मंदिर पर भजन कीर्तन करतीं महिलाएं। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** प्राचीन श्री बद्रीनारायण मंदिर में राधाअष्टमी प्रकटोत्सव महोत्सव धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। शनिवार की सुबह राधाअष्टमी महोत्सव राधाकृष्ण की प्रतिमा का पंचामृत अभिषेक पंडित सुरेश चंद्र शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। राधाकृष्ण के श्रंगार दर्शन सुबह 7 बजे से श्रद्धालुओं ने किये। तत्पश्चात राधाकृष्ण की महाआरती करके भजन-कीर्तन मंडली द्वारा राधाकृष्ण के भजनों पर भारी संख्या में उपस्थित महिला श्रद्धालुओं ने जयकारे के साथ मंत्रमुग्ध होकर नृत्य करते हुए राधारानी की अराधना की। उक्त राधाअष्टमी महोत्सव में अनुभव जावा, स्नेह जावा, शकुन जावा, शालिनी, जौली वार्ष्णेय, यामनी आर्य, आरती, महिमा, बादल गुप्ता, नमन जावा, मानसी जावा, चर्चिल जावा, गीतेश जावा, अंतेश जावा, पंकज, रश्मि, राजीव कुमार, संजीव, अजय, वंश गोयल, संचित आदि का विशेष सहयोग रहा।

# रस्साकशी में नियाज इंटर कॉलेज विजेता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** मेला गणेश चौथ महोत्सव के अंतर्गत श्री वार्ष्णेय सेवा समिति द्वारा मेला संस्थापक डॉ. गिरिराज किशोर गुप्ता की पुण्य स्मृति में कैथल गेट स्थित श्री दाऊजी मंदिर परिसर में रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के आठ विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। इनमें लाला गणेशी लाल इंटर कॉलेज ओरछी, नानक चंद आदर्श इंटर कॉलेज चन्दौसी, पं. रामप्रसाद इंटर कॉलेज पंवासा, भीमराव अम्बेडकर इंटर कॉलेज पथरा, बीडी इंटर कॉलेज सरायतरीन, चन्दौसी इंटर कॉलेज, नारायण भट्ट इंटर कॉलेज मुड़िया तथा चौधरी नियाज मोहम्मद इंटर कॉलेज भूड़ बिसौली शामिल रहे। प्रत्येक विद्यालय से 10-10 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में पंजीकरण कराया, जबकि मुकाबले में प्रत्येक विद्यालय के 8-8 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के रोमांचक मुकाबलों के बाद की टीम चौधरी नियाज मोहम्मद इंटर कॉलेज भूड़ बिसौली विजेता तथा नानक चंद आदर्श इंटर कॉलेज की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में हिन्द इंटर कॉलेज के व्यायाम शिक्षक सचिन शर्मा ने रेफरी की भूमिका निभाई। इस दौरान श्री वार्ष्णेय सेवा समिति से विपिन वार्ष्णेय 'बालाजी', मधुर कुमार वार्ष्णेय, रामकिशोर वार्ष्णेय, मुनीश बाबू वार्ष्णेय, दीपक वार्ष्णेय, झषेश कुमार एवं दिव्यांशु नारायण का सहयोग रहा।


फीता काटकर शुभारंभ करती पालिकाध्यक्ष व कमेटी के पदाधिकारी।

## सांप काटने पर झाड़-फूंक छोड़, अस्पताल पहुंचें

**चंदौसी।** सीएचसी पर सर्पदंश जागरूकता अभियान के तहत संगोष्ठी आयोजित की गई। अध्यक्षता डॉ. हरवेंद सिंह ने की। उन्होंने मरीजों, तीमारदारों और स्वास्थ्यकर्मियों को सर्पदंश से बचाव, प्राथमिक उपाय और समय पर अस्पताल पहुंचने के प्रति जागरूक किया। डॉ. दिग्विजय सिंह ने बताया कि सांप के काटने पर घबराने के बजाय मरीज को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाना चाहिए। अस्पताल में चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार एंटी स्नेक वेनम सहित आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने झाड़-फूंक, तांत्रिक उपचार और घरेलू नुस्खों में समय न गंवाने की अपील की। फार्मासिस्ट हमेश नाथ ने सर्पदंश को गंभीर, लेकिन समय पर उपचार से प्रबंधनीय बताया।

# घूर की जमीन पर अवैध मकान, तहसील प्रशासन मौन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** थाना बहजोई क्षेत्र के गांव बमनेटा के ग्रामीणों ने शनिवार को समाधान दिवस में पहुंचकर तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपकर गांव के आम रास्ते से अवैध कब्जे हटवाने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में रविन्द्र के मकान से हीरालाल के मकान तक आम रास्ते पर खाद के गड्ढों में अनधिकृत रूप से बनाए गए मकानों को हटाने के लिए 29 अप्रैल 2023 को बेदखली का आदेश जारी किया गया था, लेकिन तहसीलदार स्तर से इसका अनुपालन नहीं कराया गया।


चंदौसी तहसील परिसर में प्रदर्शन करते गांव बमनेटा के ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

ग्रामीणों के अनुसार, मामले को लेकर पूर्व में कई बार तहसीलदार, उपजिलाधिकारी और जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिए जा चुके हैं, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि रास्ते पर 14 लोगों ने मकान बनाकर कब्जा कर रखा है। इनमें 10 लोग अपने मकान हटाने के लिए सहमति दे चुके हैं और इसके प्रमाण के रूप में हस्ताक्षर व अंगूठे के निशान भी दिए हैं। आरोप है कि चार लोग दबंगई के चलते मकान हटाने को तैयार नहीं हैं। ग्रामीणों ने बताया कि 31 अगस्त को भी शिकायती पत्र दिया गया था। आरोप है कि राजस्व अधिकारियों की रिपोर्ट में चारों लोगों को गरीब, बेघर और भूमिहीन दर्शाकर संरक्षण दे दिया गया, जबकि उनके अनुसार इन लोगों के पास अन्य स्थानों पर मकान और कृषि भूमि मौजूद है। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध कब्जे के कारण रास्ता बेहद संकरा हो गया है। जलभराव और कीचड़ के कारण आवागमन प्रभावित है तथा मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा बना हुआ है। स्कूल जाने वाले बच्चे आए दिन कीचड़ में गिर जाते हैं। प्रसव के दौरान महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने, शादी में बारात निकालने और शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाने में भी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से रास्ते को कब्जामुक्त कराने की मांग की। शिकायतकर्ताओं में राजेश कुमार, राजवाला, सरिता देवी, अंकित कुमार, प्रवेश, रजनी, सोनू कुमार, लक्ष्मी, चन्द्रपाल, वीरवती समेत अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

**मेला गणेश चौथ** — भूपाल रंगमंच पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# एक मिनट प्रतियोगिता में 120 प्रतिभागियों ने लिया भाग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** मेला गणेश चौथ महोत्सव के अंतर्गत श्री गणेश मेला परिषद द्वारा मेला ग्राउंड स्थित भूपाल रंगमंच पर स्व. अंगनलाल, स्व. सत्यवती देवी, स्व. जय नारायण एवं स्व. आशीष नारायण की पुण्य स्मृति में एक मिनट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ नारायण परिवार एवं मेला परिषद के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

प्रतियोगिता में कुल 30 राउंड आयोजित किए गए, जिसमें 120 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रत्येक राउंड में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा, तत्परता और मनोरंजक अंदाज से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। प्रतियोगिता के दौरान एक से बढ़कर एक रोचक एवं मनोरंजनपूर्ण मुकाबले देखने को मिले। कार्यक्रम के सहयोगी के रूप में राम नारायण, श्याम नारायण, जगदीश नारायण, घनश्याम नारायण, दीपक नारायण, गुलशन नारायण वार्ष्णेय, हेमंत वार्ष्णेय, प्रशांत वार्ष्णेय, लकी नारायण वार्ष्णेय, मनीष नारायण, दिव्यांशु नारायण, अक्षत वार्ष्णेय का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन गुलशन नारायण वार्ष्णेय, संदेश कुमार एवं संयोजक दिव्यांशु नारायण ने किया। इस अवसर पर श्री गणेश मेला परिषद के मुख्य सचिव हरिगोपाल वार्ष्णेय, ललित किशोर गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रविंद्र कुमार, मनोज गुप्ता, डॉ. राजीव गुप्ता, विनय सर्राफ, लोकेंद्र शर्मा, प्रजीत कुमार 'लालू', शशिकांत गुप्ता, सतेन्द्र मामा, मुकेश वार्ष्णेय, प्रभात कृष्णा, प्रफुल्ल कुमार, राहुल चौधरी, संजय गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, डॉ. शेखर वार्ष्णेय, सुशांत गुप्ता, प्रतीक वार्ष्णेय, शुभम अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।


मेला गणेश चौथ में शतरंज प्रतियोगिता का मुकाबला खेलते खिलाड़ी।

### खिलाड़ियों ने प्रतिद्वंद्वी को पराजित कर प्राप्त किया क्वाटर फाइनल का टिकट

**चंदौसी।** मेला गणेश चौथ में स्व राजेन्द्र कुमार रज्जु व स्व शिशुपाल वार्ष्णेय की स्मृति में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है प्रतियोगिता के तीसरे दिन द्वितीय चक्र व प्रीक्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। जीके सिल्वर स्टोन स्कूल में श्री गणेश जी प्रतिमा के दीप प्रज्ज्वलन कर प्रतियोगिता आरंभ की गई द्वितीय चक्र के मैचों में चंद्रपाल सिंह ने अनमोल कश्यप, बशर मलिक ने मानविक कठेरिया, दक्ष ने अक्षत, करुणेश ने करन, परमार्ट ने सोनू, कौशल शर्मा ने निशांत,अश्वनी शर्मा ने दीपचंद व हर्षित भरद्वाज को हराकर प्रीक्वार्टर फाइनल में स्थान बनाया। इसके बाद हुए प्रीक्वार्टर फाइनल मुकाबलों में काज़िम ने आयुष दीक्षित, परमार्थ ने ईशान सक्सेना, अभय ने दक्ष, करुणेश ने आदित्य शांख्यधर को पराजित कर क्वाटर फाइनल का टिकट प्राप्त किया। अगले दिन शेष प्रीक्वार्टर व क्वार्टर फाइनल मैच कराए जाएंगे। प्रतियोगिता के दौरान संघर्ष पूर्ण मुकाबलों का आनन्द लेने के लिए डॉ राजीव गुप्ता, मनोज कुमार, शशिकांत, अश्वनी शर्मा, राजू बनर्जी, करुणेश शर्मा, प्रातिभ, शिवम गौड़, प्रभात कृष्णा, प्रजीत लालू, सतेंद्र मामा,चंद्रकांत यादव,चंद्रपाल, शंकरलाल तथा बड़ी संख्या में खिलाड़ी व दर्शक रहे।

# डीएम ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** शनिवार को जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने नगर पालिका चंदौसी क्षेत्र के माल गोदाम रोड का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जल निकासी व्यवस्था और सड़क निर्माण की प्रगति की जानकारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से ली। डीएम ने अधिकारियों को सड़क किनारे की नालियों को दुरुस्त कराने तथा नाला निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नाला निर्माण के एस्टिमेट भी उपलब्ध कराने को कहा।

सड़क चौड़ीकरण में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता विद्युत को विद्युत पोल सड़क किनारे शिफ्ट कराने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने पावर हाउस की भूमि पर प्रस्तावित रोडवेज बस स्टैंड का निरीक्षण किया और प्रस्तावित ड्राइंग का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने रोडवेज के संबंधित अधिकारी को निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने को कहा। डीएम ने एसडीएम चंदौसी को कॉलेज, रोडवेज बस स्टैंड समेत अन्य प्रस्तावित कार्यों के लिए उपलब्ध भूमि और उसके रकबे के संबंध में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर पालिका के वार्डों, सफाई कर्मचारियों और सफाई नायकों की तैनाती की जानकारी भी ली। सफाई नायकों की सूची जिला सूचना कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा। इस दौरान एसडीएम आशुतोष तिवारी, ईओ सतेन्द्र प्रकाश सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।


रोडवेज बस स्टैंड निर्माण को लेकर अधिकारियों से जानकारी करते डीएम।



## गीता सार

भूमिरापोऽनलो वायुः खं मनो बुद्धिरेव च।
अहङ्कार इतीयं मे भिन्ना प्रकृतिरष्टधा॥

**भावार्थ :** पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन, बुद्धि और अहंकार–ऐसे यह आठ प्रकार के भेदों वाली तो मेरी जड़ स्वरूप अपरा प्रकृति है।

# भुगतान स्वतंत्रता

यूपीआई जैसी भारत में सर्वाधिक लोकप्रिय रियल टाइम भुगतान प्रणाली पर भारत सरकार द्वारा लगाने वाले शुल्क पर मचे बवाल और सियासत के बीच यह बात दबकर रह गई है कि सरकार जिसे 'शुल्क' बता रही है, वह वास्तव में एक 'कर' ही है। कहने को इसे व्यापारियों से वसूला जाना है लेकिन यह बात समझने के लिए अर्थशास्त्री होना जरूरी नहीं है कि शुल्क का यह बोझ व्यापारी बड़ी चतुराई से आम लोगों पर शिफ्ट कर देंगे और हमे शायद इसका पता भी न चले। आम लोगों को यह डर भी है कि यदि एमडीआर से सरकार को खासी कमाई होने लगी तो वह सभी यूपीआई पेमेंटों पर टैक्स लगा सकती है। उधर नीट पेपर लीक और ई-20 पेट्रोल मामले में लीड लेने से चूकी



कांग्रेस अब यूपीआई पेमेंट को राष्ट्रीय मुद्दा बनाने की कोशिश में जुटी है। उसे लग रहा है कि चूंकि यूपीआई पेमेंट का मुद्दा आम लोगों से जुड़ा है, इसलिए उसे इसका राजनीतिक लाभ मिल सकता है। गौरतलब है कि देश में अब तक यूपीआई से पेमेंट पूरी तरह फ्री था। इसलिए इसका चलन लगातार बढ़ रहा था। आज देश में प्रतिदिन औसतन 66 करोड़ ट्रांजेक्शन यूपीआई के मार्फत होते हैं। करीब 55 करोड़ लोगों के पास कोई न कोई यूपीआई एप है। मोदी सरकार ने देश में नकदी की जगह डिजीटल पेमेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यूपीआई पेमेंट सिस्टम की शुरुआत 11 अप्रैल 2016 को की थी। यह सरकार की कोशिशों का ही नतीजा है कि डिजिटल पेमेंट मामले में आज भारत दुनिया में नंबर वन है। अकेले पिछले महीने इसके जरिए 29.9 लाख करोड़ रुपए का लेन-देन हुआ। लेकिन लगता है सरकार अपनी ही इस सफलता में सुई चभोना चाहती है, जिसके पीछे कारण यूं तो डिजिटल पेमेंट सिस्टम को ज्यादा मजबूत और प्रभावी बनाने का बताया जा रहा है। लेकिन आम नागरिक इसमें अपनी भुगतान स्वतंत्रता के हरण के संकेत बूझ रहा है। केन्द्र सरकार ने हाल में यूपीआई पेमेंट का नया फ्रेमवर्क जारी करते हुए कहा कि 15 अक्टूबर से इस पर 2000 रुपए से ज्यादा के सामान्य मर्चेंट ट्रांजैक्शन पर 0.4% एमडीआर देना होगा। इस एमडीआर की वसूली पर 18% जीएसटी भी लगेगा। बैंकिंग की भाषा में व्यक्ति से व्यक्ति को किए जाने वाले डिजीटल पेमेंट को 'पीटूपी' और व्यक्ति से व्यापारी को किए जाने वाले पेमेंट को 'पीटूएम' पेमेंट कहते हैं। यहां एमडीआर का अर्थ है 'मर्चेंट डिस्काउंट रेट।' कहने को यह 'छूट' है लेकिन हकीकत में 'शुल्क' है। सरकार का दावा है कि एमडीआर शुल्क आम ग्राहक के बजाय बड़े व्यापारियों को ही देना होगा। यूपीआई भुगतान में मात्रा की दृष्टि से देखें तो जिस हिस्से पर एमडीआर लगेगा, वह 30% ही है। इसकी अधिकतम सीमा 300 रुपए है, जो सरकार की दृष्टि से 'मामूली' है।

### 100 फीसदी टैरिफ का हंटर

# आखिर कब तक डराएगा अमेरिका?



**वीना गौतम**

> आखिरकार अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव ने भी 262-159 मतों से रूस के खिलाफ सेंशन बिल जिसका औपचारिक नाम 'लिंडसे ओ ग्राहम सैंशनिंग रसिया एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026' है, पास कर दिया। अपर सदन ने इसे पहले ही 86-11 वोट से मंजूरी दे चुकी है। अब इसे ट्रंप के हस्ताक्षर के लिए व्हाइट हाउस भेज दिया गया है, ट्रंप के हस्ताक्षर होते ही यह क़ानून बन जाएगा। इसके बाद वह उन देशों पर रूस के साथ व्यापार करते हैं 500 फीसदी तक टैरिफ लगा सकते हैं। फिलहाल भारत तथा और कई देशों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाए जाने की धमकी चर्चा में है। हालांकि भारत ने अभी तक इस धमकी पर कोई पलटवार नहीं किया, लगातार चुप्पी बनाए रखी है, लेकिन धीमे से यह स्पष्ट भी कर दिया है कि हम अपनी ऊर्जा सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं करेंगे, जहां हमें सस्ता तेल मिलेगा, हम खरीदेंगे।

भारत को बेधड़क अपने इस स्टैंड पर अड़े रहना चाहिए। हम पर तथाकथित अमेरिकी प्रतिबंध लग भी गया तो क्या हो जाएगा? हम कोई नमक की डली नहीं हैं कि अमेरकी टैरिफ की बूंदों से घुल जाएंगे। आखिर रूस और ईरान वर्षों से अमेरिकी प्रतिबंधों के बीच जी रहे हैं न, तो भारत क्यों घबराए? वास्तव में असली सवाल टैरिफ से ज्यादा उस कूटनीतिक खेल का है, जिसमें व्यापार, तेल और भू-राजनीति एक ही शतरंज की बिसात पर आ गए हैं। 100 फीसदी टैरिफ का असली भय अमेरिका ने भारत पर अभी 100 फीसदी टैरिफ लगा नहीं दिया है, अभी अमेरिकी कांग्रेस ने ऐसा कानून पारित किया है, जो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की शक्ति देता है। वास्तव में इस टैरिफ हंटर के पीछे छिपा संदेश कुछ और है। वॉशिंगटन केवल यह नहीं चाहता कि 'रूस से तेल मत खरीदिए', अमेरिका यह तय करने की कोशिश भी कर रहा है कि रूस के साथ किसी भी तरह के संबंध रखने की कीमत दुनिया के दूसरे देशों को भी चुकानी पड़े। भारत इस दबाव की सीधी जद में इसलिए आया है; क्योंकि हम रूसी कच्चे तेल केबड़े खरीदार हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी प्रतिबंधों ने वैश्विक तेल व्यापार का नक्शा बदल दिया और भारत ने अपनी ऊर्जा जरूरतों तथा बाजार की परिस्थितियों के आधार पर रूसी तेल खरीदना बढ़ाया। अमेरिका का तर्क है कि रूसी ऊर्जा खरीद से मॉस्को को राजस्व मिलता है और उस राजस्व का इस्तेमाल युद्ध के लिए किया जा सकता है। भारत का तर्क अलग है-भारत को अपने 140 करोड़ लोगों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करनी है और वह तेल खरीद को बाजार की परिस्थितियों तथा अलग-अलग स्रोतों के आधार पर तय करेगा। लेकिन सवाल है भारत अमेरिका के इस रवैये पर खुलकर पलटवार क्यों नहीं करता? क्या हममें अमेरिका को जवाब देने की क्षमता नहीं? ऐसा नहीं है अब भारत ने चुप्पी तोड़ दी है। हमारे विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी विधेयक पर प्रतिक्रिया देते



इमेज

हुए साफ कहा है कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, विविध स्रोतों से खरीद जारी रखेगा और अपने व्यापार तथा आर्थिक हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएगा। भारत ने यह भी कहा है कि उसने पिछले महीनों में अमेरिकी अधिकारियों के सामने इस मुद्दे के द्विपक्षीय रिश्तों और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार पर संभावित प्रभाव स्पष्ट रूप से रखे हैं। लेकिन दिल्ली ने वॉशिंगटन पर उसी भाषा में हमला नहीं किया, जिस भाषा में अमेरिकी राजनीति में टैरिफ की धमकी दी जा रही है। क्यों? क्योंकि कूटनीति में हर लड़ाई प्रेस कॉन्फ्रेंस में नहीं लड़ी जाती। भारत के सामने एक साथ कई बिसातें हैं-अमेरिका के साथ व्यापार, रक्षा और प्रौद्योगिकी संबंध; रूस के साथ ऊर्जा और रक्षा संबंध; पश्चिम एशिया की अस्थिरता; चीन के साथ रणनीतिक प्रतिस्पर्धा और अपनी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए ऊर्जा की जरूरत। ऐसे में दिल्ली शायद सार्वजनिक टकराव के बजाय बातचीत, विकल्प और प्रतिरोध- तीनों को एक साथ चलाने की रणनीति पर काम कर रही है। मगर सवाल है आखिर 100 फीसदी टैरिफ से कितना बड़ा पहाड़ टूटेगा? यदि अमेरिका भारतीय उत्पादों पर वास्तव में 100 फीसदी अतिरिक्त शुल्क लगाता है तो अमेरिकी बाजार में भारतीय सामान की कीमत बढ़ सकती है। इससे निर्यातकों के मार्जिन पर दबाव आ सकता है, कुछ उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता घट सकती है और अमेरिकी आयातक वैकल्पिक आपूर्तिकर्ताओं की तलाश कर सकते हैं। लेकिन इसका दूसरा पहलू भी है। टैरिफ का भुगतान केवल भारत नहीं करता। अमेरिकी आयातक भी ऊंची कीमत चुकाता है। अमेरिकी उपभोक्ता तक उसका असर पहुंच सकता है। जिन उद्योगों को भारतीय उत्पादों की जरूरत है, उनके लिए आपूर्ति श्रृंखला महंगी हो सकती है। कहने का मतलब 100 फीसदी टैरिफ कोई ऐसा हथियार नहीं है जिसे चलाने पर केवल निशाना घायल होता है। यही वजह है कि कानून में शक्ति होना और उसका वास्तविक इस्तेमाल होना- दो अलग-अलग बातें हैं। रूस वर्षों से अमेरिकी और पश्चिमी प्रतिबंधों के बीच अपनी अर्थव्यवस्था चला रहा है। ईरान भी लंबे समय से अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना करता आया है। लेकिन भारत की स्थिति अलग है। भारत पर प्रतिबंध ज्यादा असर डालेंगे, हमारे वित्तीय लेन-देन कठिन कर देंगे, बाजार सीमित कर देंगे, तकनीक और निवेश तक पहुंच प्रभावित हो सकती है और व्यापार की लागत बढ़ सकती है। लेकिन रूस और ईरान का अनुभव एक दूसरा सबक भी देता है, बड़े देश वैकल्पिक बाजार, वैकल्पिक भुगतान व्यवस्था और वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाएं विकसित करके दबाव को पूरी तरह खत्म न सही, लेकिन उसके प्रभाव को कम करने की कोशिश कर सकते हैं। भारत की स्थिति इसलिए थोड़ी अलग है क्योंकि भारत अमेरिकी बाजार से गहराई से जुड़ा है। इसलिए रूस या ईरान के अनुभव को हूबहू भारत पर लागू नहीं किया जा सकता। क्योंकि असली लड़ाई तेल की नहीं, विकल्पों की है। भारत के लिए सबसे बड़ा रणनीतिक सवाल यह नहीं है कि रूसी तेल खरीदा जाए या नहीं।



## श्रीरामचरितमानस

समाचार सब संकर पाए।
बीरभद्रु करि कोप पठाए॥
जग्य बिधंस जाइ तिन्ह कीन्हा।
सकल सुरन्ह बिधिवत फलु दीन्हा॥

**भावार्थ :** ये सब समाचार शिवजी को मिले, तब उन्होंने क्रोध करके वीरभद्र को भेजा। उन्होंने वहां जाकर यज्ञ विध्वंस कर डाला और सब देवताओं को यथोचित फल (दंड) दिया॥

### खेल–खिलाड़ी

# रिकॉर्ड आठवीं बार एशिया चैंपियन बनीं टीम इंडिया

**सारिम अन्ना**



भारत की महिला क्रिकेट टीम ने एशिया कप में रिकॉर्ड आठवीं बार खिताबी जीत हासिल की है। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की स्पिन लेती पिच पर 13 सितम्बर को श्रीलंका के विरुद्ध खेले गए फाइनल में पहले बल्लेबाज़ी करते हुए भारत ने अपने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 183 रन बनाए, जिसके जवाब में श्रीलंका की पूरी टीम मात्र 111 रन पर सिमट गई और भारत ने 2026 का महिला एशिया कप 72 रन के बड़े अंतर से अपने नाम कर लिया। लेकिन कप जीतने के बाद भी भारतीय महिला टीम की ट्रॉफी देश नहीं आ सकी। क्योंकि जैसे एक वर्ष पहले जब दुबई में ही भारत की पुरुष टीम ने एशिया कप में खिताबी जीत हासिल की थी, तब भी भारत ने मोहसिन नकवी के हाथों ट्राफी लेने से इंकार कर दिया था। वजह तब भी और अब भी पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित पहलगाम आतंकी हमले का विरोध रहा। बीसीसीआई ने अपनी टीम से साफ कह दिया था कि हमें मोहसिन नकवी के हाथ से ट्रॉफी नहीं लेना, यह बात मोहसिन को भी पता था, लेकिन न जाने क्यों बेशर्म की तरह वह फिर भी अवार्ड सेरेमनी में आ धमका। नतीजतन भारतीय लड़कियों ने इस फंक्शन का बॉयकॉट कर दिया और वह स्टेज पर गई ही नहीं। आधे घंटे से ज्यादा समय तक बड़ी ढिठाई से यह शख्स स्टेज पर ही खड़ा रहा, फिर वहां से गया, लेकिन जैसे ही वहां से जाने लगा स्टेडियम में मौजूद सैकड़ों लोगों ने उसे 'ट्रॉफी चोर-ट्रॉफी चोर' कहकर हूट किया। लेकिन उसे कुछ फर्क नहीं पड़ा। अभी भी एशिया कप की दोनो ट्रॉफियां जिसे भारतीय पुरुष और महिला खिलाड़ियों ने जीता है, भारत नहीं पहुंची। दरअसल पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत पाकिस्तान के साथ क्रिकेट संबंध रखना नहीं चाहता है, लेकिन सरकार के फैसले की वजह से वह अनेक राष्ट्रों वाली प्रतियोगिताओं में पाकिस्तान के विरुद्ध खेल अवश्य लेता है। मोहसिन नकवी के हाथों भारतीय टीम ने ट्रॉफी नहीं ली, वह श्रीलंका को पुरस्कार प्रदान करके स्टेडियम से बाहर चला गया।

### तिथि विशेष

## सुनीता विलियम्स

19 सितंबर 1965 को अमेरिका के ओहायो राज्य के यूक्लिड में सुनीता लिन विलियम्स का जन्म हुआ। उनके पिता डॉ. दीपक पांड्या भारतीय मूल के थे। सुनीता विलियम्स ने अमेरिकी नौसेना में अधिकारी और पायलट के रूप में सेवाएं देने के बाद वर्ष 1998 में नासा के अंतरिक्ष यात्री दल में चयन हासिल किया। उन्होंने अपने अंतरिक्ष करियर में तीन अभियानों-एक्सपीडिशंस 14/15, 32/33 और 71/72 में हिस्सा लिया। 2024 में वे बोइंग स्टारलाइनर के पहले चालक दल वाले परीक्षण मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचीं। स्टारलाइनर को बिना चालक दल के वापस भेजे जाने के बाद सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विलमोर ने



अंतरिक्ष स्टेशन पर अपना मिशन जारी रखा और मार्च 2025 में स्पेसएक्स क्रू-9 मिशन के जरिए पृथ्वी पर लौटे। उनके तीन अंतरिक्ष अभियानों में 608 दिन अंतरिक्ष में बिताने का रिकॉर्ड दर्ज है। उनके नाम 62 घंटे 6 मिनट का स्पेसवॉक समय भी दर्ज है।

## बेटी होने की सजा क्यों?

आजादी को गुजरे दशकों का लंबा दौर हुआ,
बेटी के जन्म पर क्यों मन में कोई शोर हुआ?
बेटे की चाहत में बेटी यूं बोझ समझ ली जाए,
ममतामई 'कोख से कली' क्यों? मिटाई जाए?

जिस घर बेटी जन्मे, वहाँ खुशियों के दीप जलें,
वह आँगन हँसी से महके, सपनों को पंख मिलें।
बेटा या बेटी, दोनों जीवन की अनमोल सौगात,
फिर क्यों लिंग के तराजू पे तौली जाती है बात?

एक बेटी सिर्फ बेटी नहीं, वह कल की माँ भी है,
किसी घर की रोशनी, दूसरे घरों की शान भी है।
दुर्भाग्य ये नहीं कि लोग आज भी बेटा चाहते हैं,
ये दुर्भाग्य है कुछ लोग बेटी को जीने नहीं देते हैं।

आईए सोच बदलें उन बेटियों को अधिकार मिले,
जिस धरती पर जन्मी, उस धरती पे संसार मिले।
हर एक बेटी को स्नेह व सम्मान का आधार मिले,
नवयुग में बेटी को पाकर परिवार में चेहरे खिले।
(संदर्भ - हाई कोर्ट :'यह दुर्भाग्यपूर्ण कि आज भी लोग बेटा ही चाहते हैं)

**- संजय एम तराणेकर**
**(कवि, लेखक व समीक्षक)**
**इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)**

# स्क्रीन की गुलामी से बचाना होगा बच्चों को



**रवि शंकर शर्मा**

आज के बच्चे किताब, मैदान और दोस्तों के साथ समय बिताने के बजाय जिस दुनिया में सबसे अधिक समय गुजार रहे हैं, वह उनकी हथेली में मौजूद एक छोटी-सी स्क्रीन है। मोबाइल फोन अब केवल पढ़ाई या संवाद का साधन नहीं रहा। शॉर्ट वीडियो, रील्स, गेम और लगातार बदलती सोशल मीडिया फीड ने बच्चों के सामने ऐसा डिजिटल संसार खड़ा कर दिया है, जिसमें एक वीडियो खत्म होते ही दूसरा अपने आप शुरू हो जाता है और स्क्रॉल करने की कोई स्वाभाविक सीमा नहीं होती। यही वह बिंदु है, जहां उपयोग धीरे-धीरे आदत और आदत से निर्भरता में बदल सकता है।

इस चिंता को अब केवल अभिभावकों की बेचैनी मानकर टाला नहीं जा सकता। हाल ही में दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि क्या वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के ऐसे 'एंगेजमेंट मैक्सिमाइजिंग' और कथित रूप से लत बढ़ाने वाले डिजाइन फीचर पर नीति बनाने पर विचार कर रही है ? यह सवाल बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि समस्या केवल यह नहीं है कि बच्चा मोबाइल कितने घंटे देख रहा है। बड़ा सवाल यह है कि मोबाइल और सोशल मीडिया को इस तरह डिजाइन तो नहीं किया गया है कि उपयोगकर्ता बार-बार उस पर लौटता रहे।

स्क्रीन का हर उपयोग हानिकारक नहीं है। ऑनलाइन कक्षा, शैक्षिक वीडियो, डिजिटल पुस्तकें और रचनात्मक गतिविधियां बच्चों के सीखने में उपयोगी हो सकती हैं। इसलिए 'स्क्रीन' को ही खलनायक बना देना समाधान नहीं है।

चिंता तब बढ़ती है जब मनोरंजन का डिजिटल मॉडल लगातार ध्यान खींचने पर आधारित हो। एक रील के बाद दूसरी रील, एक वीडियो के बाद दूसरा वीडियो और एक नोटिफिकेशन के बाद अगला नोटिफिकेशन–बच्चे के लिए यह तय करना कठिन हो जाता है कि उसे कब रुकना है।

अमेरिका में गत वर्ष हुए एक अध्ययन में भी प्रतिदिन चार घंटे या उससे अधिक स्क्रीन समय वाले किशोरों में कम स्क्रीन समय वाले किशोरों की तुलना में अवसाद और चिंता के लक्षण, अपर्याप्त नींद और शारीरिक निष्क्रियता जैसी समस्याएं अधिक पाई गईं।



अलग-अलग देशों ने इस समस्या के लिए अलग-अलग रास्ते अपनाए हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने 10 दिसंबर 2025 से कई प्रमुख सोशल मीडिया सेवाओं पर 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के एकाउंट रोकने की व्यवस्था लागू की। फ्रांस में 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया पंजीकरण को अभिभावकीय अनुमति से जोड़ने का कानूनी प्रावधान है। कानून में उपयोग के समय को नियंत्रित करने वाले उपाय और उम्र की पुष्टि से जुड़े प्रावधान भी शामिल हैं। यूरोपीय संघ ने भी केवल उम्र की सीमा लगाने के बजाय प्लेटफॉर्म के डिजाइन पर ध्यान बढ़ाया है। 2025 में जारी यूरोपीय आयोग के दिशा-निर्देशों में बच्चों के लिए ऐसे फीचर को डिफॉल्ट रूप से बंद करने जैसे उपायों की सिफारिश की गई, जो अत्यधिक उपयोग को बढ़ा सकते हैं। ब्रिटेन में बच्चों की सुरक्षा के लिए विभिन्न प्लेटफॉर्म पर व्यापक जिम्मेदारियां तय की गई हैं।

इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि दुनिया में बहस अब केवल इस प्रश्न तक सीमित नहीं है कि ' बच्चे को सोशल मीडिया देना चाहिए या नहीं ? ' सवाल यह भी है कि अगर बच्चा डिजिटल दुनिया में है तो उस दुनिया को बच्चों के लिए कितना सुरक्षित बनाया जाए ?

सिंगापुर ने एक दिलचस्प रास्ता अपनाया है। सितंबर 2026 में उसके नेशनल लाइब्रेरी बोर्ड ने राष्ट्रीय रीडिंग मूवमेंट शुरू किया है, जिसमें प्रतिदिन केवल 15 मिनट पढ़ने को एक नियमित आदत बनाने पर जोर दिया गया है। यह पहल एक महत्वपूर्ण बात समझाती है, बच्चे को मोबाइल से हटाने के लिए केवल मोबाइल छीन लेना पर्याप्त नहीं है; उसके हाथ में कोई बेहतर विकल्प भी देना होगा। यदि घर में किताबें नहीं होंगी, बातचीत का समय नहीं होगा, खेलने की जगह नहीं होगी और माता-पिता स्वयं लगातार फोन में व्यस्त रहेंगे, तो बच्चे को केवल 'फोन मत देखो' कहना प्रभावी नहीं होगा।

भारत में भी बच्चों के लिए सोशल मीडिया को लेकर उम्र आधारित और चरणबद्ध नियंत्रण पर चर्चा चल रही है। मार्च 2026 में सामने आई सरकारी विचार-विमर्श संबंधी रिपोर्टों के अनुसार 8-12, 12-16 और 16-18 वर्ष जैसे आयु समूहों के लिए अलग-अलग सुरक्षा उपायों पर विचार किया जा रहा है, जिनमें समय आधारित सीमाएं भी शामिल हो सकती हैं।

भारत जैसे विशाल और विविधता भरे देश में किसी दूसरे देश की व्यवस्था को ज्यों का त्यों लागू करना शायद पर्याप्त नहीं होगा। यहां डिजिटल शिक्षा, परिवार की भूमिका, स्कूलों की जिम्मेदारी, बच्चों की निजता और प्लेटफॉर्म की जवाबदेही–इन सभी को साथ लेकर चलना होगा।

सबसे पहले उन डिजाइन फीचर पर ध्यान देना चाहिए, जिनका उद्देश्य उपयोगकर्ता का ध्यान अधिक से अधिक समय तक बांधे रखना है। यदि किसी प्लेटफॉर्म का पूरा व्यावसायिक मॉडल उपयोगकर्ता के अधिकतम समय ऑनलाइन रहने पर निर्भर है, तो बच्चे के हित और प्लेटफॉर्म के व्यावसायिक हित में स्वाभाविक तनाव पैदा हो सकता है। ऐसी स्थिति में केवल अभिभावकों से आत्म संयम की अपेक्षा करना पर्याप्त नहीं है। कानून अपनी जगह है, लेकिन बच्चे की डिजिटल आदत घर में बनती है। इसलिए अभिभावकों को कुछ मूलभूत नियम अपनाने चाहिए, जैसे खाने के समय फोन से दूरी, सोने से पहले स्क्रीन-मुक्त समय, पढ़ाई के दौरान नोटिफिकेशन बंद रखना, उम्र के अनुसार नियंत्रण और सबसे महत्वपूर्ण, माता-पिता का स्वयं अनुकरणीय व्यवहार। बच्चे को हर समय डांट कर फोन से दूर रखने के बजाय यह समझाना जरूरी है कि फोन एक उपकरण है, जीवन का केंद्र नहीं।

स्क्रीन टाइम की सीमा तय करना उपयोगी है, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है यह देखना कि बच्चा स्क्रीन पर क्या कर रहा है। सोशल मीडिया पर पूर्ण प्रतिबंध सुनने में आसान समाधान लगता है, लेकिन इसकी अपनी सीमाएं हैं। उम्र की सही पहचान, दूसरे के नाम से एकाउंट बनाना, सार्वजनिक सामग्री तक पहुंच और बच्चों की निजता जैसे सवाल किसी भी कठोर व्यवस्था के सामने आएंगे। दूसरी ओर, बिना किसी नियमन के बच्चों को ऐसे डिजिटल डिजाइन के हवाले छोड़ देना भी उचित नहीं माना जा सकता। इसलिए रास्ता शायद पूर्ण स्वतंत्रता बनाम पूर्ण प्रतिबंध के बीच कहीं है, जहां उम्र के अनुसार सुरक्षा, अभिभावकीय नियंत्रण, डिजिटल साक्षरता, प्लेटफॉर्म की जवाबदेही और सुरक्षित डिजाइन साथ-साथ काम करें।

सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या हम बच्चों के ध्यान को केवल बाजार की एक ऐसी वस्तु मान सकते हैं, जिसे अधिक से अधिक समय तक अपने कब्जे में रखने की प्रतिस्पर्धा चलती रहे। बच्चों को तकनीक से दूर करना भविष्य का समाधान नहीं है। उन्हें तकनीक का समझदार उपयोग करना सिखाना होगा। साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्मों को भी यह समझना होगा कि बच्चों के लिए बनाया गया या बच्चों द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला डिजिटल वातावरण केवल मनोरंजन का बाजार नहीं, बल्कि उनके विकास का हिस्सा है।

बच्चों को स्क्रीन से बचाने की लड़ाई वास्तव में स्क्रीन के खिलाफ लड़ाई नहीं है। यह उस डिजिटल संस्कृति को बेहतर बनाने की लड़ाई है, जिसमें बच्चे अपना बचपन जी रहे हैं।

बच्चे को मोबाइल छीनकर कुछ घंटों के लिए शांत किया जा सकता है, लेकिन उसकी आदत तब बदलेगी जब मोबाइल के बाहर की दुनिया उसे अधिक रोचक, जीवंत और अर्थपूर्ण लगेगी। किताब, खेल, परिवार, मित्र, प्रकृति, कला और संवाद, यदि ये बच्चे के जीवन में पर्याप्त जगह पाएंगे, तो स्क्रीन अपने आप जीवन का केंद्र बनने से रुक सकती है।

बच्चों का बचपन एल्गोरिद्म के हवाले नहीं किया जा सकता। डिजिटल दुनिया उन्हें मिले, लेकिन उनका ध्यान, समय और बचपन केवल डिजिटल दुनिया का हिस्सा बनकर न रह जाए।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं )

**संपर्क:**
**रवि शंकर शर्मा**
**इंजीनियर्स एन्क्लेव**
**पीली कोठी, बड़ी मुखानी**
**हल्द्वानी ( नैनीताल)**
**मोबाइल 901243 2000**

## एक नजर

### लघु फिल्म 'राहत' का हुआ शुभारंभ, विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट ने किया दीप प्रज्वलन

**हल्द्वानी।** सामाजिक सरोकारों और मानवीय संवेदनाओं पर आधारित लघु फिल्म 'राहत' का शनिवार को दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ हुआ। विधायक लालकुआं डॉ. मोहन सिंह बिष्ट ने दीप प्रज्वलित कर फिल्म निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। करीब 12 मिनट की फिल्म ग्रामीण और शहरी परिवेश की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें पारिवारिक संबंधों, संघर्ष, संवेदना और मानवीय सहयोग को दर्शाया गया है। फिल्म का निर्देशन किशोर श्रीवास्तव कर रहे हैं। इसमें साहित्य एवं कला क्षेत्र से जुड़े आशा शैली, ललिता कापड़ी, यशोदा जोशी, तुलिका सेठ और कैलाश चंद्र समेत कलाकार भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म का निर्माण 'हम सब साथ–साथ लघु फिल्म प्रोडक्शन' के बैनर तले किया जा रहा है।

# बहुचर्चित अंकिता हत्याकांड के वीआईपी कनेक्शन की निष्पक्ष हो जांच

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** बहुचर्चित अंकिता हत्याकांड की चौथी पुण्यतिथि पर शुक्रवार शाम नगर के मुख्य चौक के समीप शहीद स्मारक स्थल पर कांग्रेसियों ने दीप जलाकर कर अंकिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस विधायक एवं उपनेता प्रतिपक्ष भुवन चंद्र कापड़ी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता तथा क्षेत्रवासियों ने कार्यक्रम में प्रतिभा किया। इस दौरान अंकिता को तत्काल न्याय दिलाने, हत्याकांड में सामने आए तथाकथित वीआईपी कनेक्शन की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों को कठोर सजा दिलाने की मांग उठाई गई। कांग्रेसियों ने अंकिता को न्याय देने और वीआईपी एंगल की जांच कराने बाबत नारे भी लगाए।




अंकिता को श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेस विधायक भुवन चंद्र कापड़ी एवं पार्टी कार्यकर्ता।

कार्यक्रम में विधायक कापड़ी ने कहा कि अंकिता हत्याकांड एक जघन्य अपराध है। घटना के चार वर्ष बाद भी पीड़िता को न्याय नहीं मिल पाना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने हत्याकांड से जुड़े महत्वपूर्ण साक्ष्यों को मिटाने और आरोपियों को बचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक चले आंदोलन और संघर्ष के बाद भी अंकिता को न्याय नहीं मिला। नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक कापड़ी ने आरोप लगाया कि हत्याकांड में कथित रूप से शामिल वीआईपी को भी संरक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि अंकिता के माता-पिता की तहरीर के आधार पर सीबीआई जांच कराने के बजाय ऐसे व्यक्ति की तहरीर पर जांच की संस्तुति की गई, जिसका घटना से कोई लेना-देना नहीं था। उन्होंने कहा कि इससे सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होते हैं। उनका दावा है कि आज तक सीबीआई जांच की स्थिति भी स्पष्ट नहीं हुई है। विधायक कापड़ी ने कहा कि अंकिता की चौथी पुण्यतिथि पर खटीमा सहित पूरे प्रदेश में दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता यह जानना चाहती है कि हत्याकांड में कथित वीआईपी कौन है। उसका नाम सार्वजनिक कर उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। कांग्रेसियों ने कहा कि अंकिता को न्याय मिलने तक उनकी आवाज उठाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरे उत्तराखंड की जनता में अंकिता को न्याय न मिलने पर आक्रोश है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बॉबी राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष सतपाल राणा, विनोद चंद, अरविंद कुमार, नासिर खान, शांति सामंत, कृष्णा नेगी, ज्योति देवी, बिना राणा, विक्रम सिंह, वीरेंद्र राज, पूरन मेहता, नरेंद्र आर्य, नीरज सिंह कन्याल, दीपक चंद, हिमांशु भट्ट, दीपक मुंडेला, युवराज प्रताप आदि उपस्थित रहे।




अंकिता को श्रद्धांजलि अर्पित करते आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी।

## अंकिता भंडारी को श्रद्धांजलि, न्याय में देरी पर आप ने उठाए सवाल

**खटीमा।** आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने दिवंगत अंकिता भंडारी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने अंकिता भंडारी हत्याकांड में अब तक न्याय नहीं मिलने को लेकर सरकार पर सवाल उठाए। आप पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता दया कृष्ण कॉलोनी ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड को कई वर्ष बीत जाने के बावजूद पीड़ित परिवार को न्याय का इंतजार है। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति के नाम से अंकिता के माता–पिता ने एफआईआर दर्ज कराई थी, उसकी गिरफ्तारी को लेकर भी सवाल बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी प्रदेशभर में आवाज उठा रही है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि अंकिता भंडारी को न्याय मिलना प्रदेश की जनता की मांग है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता करम राणा, ब्लॉक अध्यक्ष जसपाल सिंह, कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राजू सामंत, ब्लॉक सचिव संजय, नगर प्रभारी सुखदेव सिंह, विनीता शर्मा, ललित सामंत, विनीता देवी, हेमराज पांडे, प्रकाश चंद सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मौसमी रोगों का बचाव को स्वास्थ्य विभाग का एक्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**नैनीताल।** जलजनित एवं मौसमी रोगों की रोकथाम तथा प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। आज आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में कुल 101 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार औषधियों का वितरण किया गया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योलिकोट में 46 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। इस दौरान 36 लोगों के ब्लड सैंपल लिए गए, 69 लोगों की स्वास्थ्य संबंधी काउंसलिंग की गई तथा 10 लोगों को टेलीकंसल्टेंसी के माध्यम से चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया गया। गंभीर अथवा



रोगों की रोकथाम को स्वास्थ्य विभाग का अभियान। -जागरण मोर्चा

आवश्यकता वाले 6 मरीजों को उपचार के लिए भर्ती किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा सरियाताल, भल्यूटी, चोपड़ा एवं बेलवाखान में भी स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। टीमों ने लोगों को आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ जलजनित एवं मौसमी रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि पंत ने जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला चिकित्सालय एवं बेस चिकित्सालय के चिकित्सा अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से अपील की है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों से संबंधित जो भी मरीज अस्पतालों में पहुंच रहे हैं, उनका संवेदनशीलता के साथ समुचित उपचार एवं आवश्यक परामर्श सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी स्वास्थ्य संस्थानों को अपने-अपने क्षेत्र में स्वास्थ्य शिक्षा एवं जनजागरूकता गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए हैं। विशेष रूप से मौसमी एवं जलजनित रोगों के लक्षण, बचाव, स्वच्छ पेयजल के उपयोग, हाथों की स्वच्छता, ओआरएस के उपयोग तथा समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने के संबंध में आमजन को जागरूक करने पर जोर दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर लोग स्वयं उपचार करने के बजाय नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर चिकित्सकीय सलाह लें। स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी, स्वास्थ्य परीक्षण एवं जनजागरूकता का कार्य कर रही हैं।

## एसके पब्लिक स्कूल के खिलाड़ी चमके

**खटीमा।** चकरपुर स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय खेल महाकुंभ चयन ट्रायल में एसके पब्लिक स्कूल के छात्र-खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। बैडमिंटन में उत्कृष्ट खेल के दम पर विद्यालय की तीन खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। इनमें कक्षा 11 की गौरी यादव, कक्षा 8 की गौरांसी सेमवाल और कक्षा 7 की जसन प्रीत कौर शामिल हैं। वहीं विद्यालय की खो-खो टीम ने भी विभिन्न टीमों के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान बनाया। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने खुशी जताई और सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी। इस अवसर पर प्रबंधक जगजीत सिंह, प्रधानाचार्य आरसी सेनवाल, कोच जयदीप सिंह सहित शिक्षक मौजूद रहे।

# कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत ने स्ट्रीट लाइटों की वार्डवार जांच के दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**नैनीताल।** कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत ने नगर पालिका परिषद् नैनीताल क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद् नैनीताल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

आयुक्त ने निर्देशित किया कि नगर पालिका परिषद् क्षेत्रान्तर्गत स्थापित सभी स्ट्रीट लाइटों का वार्डवार विवरण तैयार किया जाए। इसमें प्रत्येक वार्ड में लगाई गई कुल स्ट्रीट लाइटों की संख्या, वर्तमान में सुचारू रूप से संचालित लाइटों की संख्या तथा खराब पड़ी लाइटों की संख्या का स्पष्ट विवरण तैयार किया जाए। उन्होंने खराब पड़ी



कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत।

स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराने के लिए की गई कार्रवाई का भी वार्डवार विवरण तैयार करने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने कहा कि शहर में स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था नियमित रूप से क्रियाशील रहना आवश्यक है, ताकि नागरिकों को रात्रि के समय आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। कुमाऊँ आयुक्त ने प्रत्येक दिन की कार्ययोजना तैयार कर नगर पालिका परिषद् के दो कार्मिकों की ड्यूटी निर्धारित करने के निर्देश दिए। दोनों कार्मिक प्रतिदिन वाहन के माध्यम से नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर स्ट्रीट लाइटों की स्थिति की जांच करेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि निरीक्षण के दौरान वार्डवार खराब मिली स्ट्रीट लाइटों तथा उनमें से ठीक कराई गई लाइटों की संख्या का विवरण प्रतिदिन तैयार कर आयुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। आयुक्त ने स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने तथा खराब लाइटों को प्राथमिकता के आधार पर ठीक कराने के निर्देश दिए हैं।



मां नंदा सुनंदा का भव्य डोला। -जागरण मोर्चा

## नंदाष्टमी का पर्व बड़ी धूमधाम और भक्तिमय माहौल में मनाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हल्द्वानी।** भीमताल में नंदाष्टमी का पर्व बड़ी धूमधाम और भक्तिमय माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर ढोल-नगाड़ों की मधुर ध्वनि और माँ के जयकारों के बीच माँ नंदा-सुनंदा का भव्य डोला निकाला गया, जिसमें मंत्री राम सिंह कैड़ा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं रहे शामिल माँ नंदा सुनंदा के भव्य डोला यात्रा में कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा भी विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने माँ नंदा-सुनंदा के दर्शन कर प्रदेश और भीमताल वासियों की सुख, समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की। मंत्री कैड़ा ने सभी श्रद्धालुओं को नंदान्माष्टमी की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व हमारी लोक संस्कृ ति, धार्मिक आस्था और परंपराओं का प्रतीक है। माँ नंदा- सुनंदा का आशीर्वाद सभी प्रदेशवासियों पर बना रहे।

# खटीमा रेंज में अवैध सागौन के लट्ठे बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** तराई पूर्वी वन प्रभाग के खटीमा रेंज में वन विभाग की टीम ने अवैध लकड़ी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सागौन के पांच लट्ठे बरामद किए हैं। बरामद लकड़ी के संबंध में टाल संचालक द्वारा वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर विभाग ने प्रकाष्ठ को कब्जे में लेकर टनकपुर वन चौकी में सुरक्षित रखवा दिया है। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 8:30 बजे खटीमा रेंज के टनकपुर-आमबाग क्षेत्र के समीप स्थित हरीश जोशी के टाल पर वन सुरक्षा दल ने औचक छापेमारी की। इस दौरान टीम को सागौन के पांच लट्ठे मिले। टीम द्वारा लकड़ी से संबंधित वैध कागजात और अभिलेख मांगे गए, लेकिन संचालक कोई



तराई पूर्वी वन प्रभाग ने बरामद किए सागौन के पांच लट्ठे। -जागरण मोर्चा

संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर लकड़ी की नाप-जोख कर उसे अपने कब्जे में ले लिया। सभी लट्ठों को निजी संसाधनों की मदद से टनकपुर वन चौकी में सुरक्षित रखवाया गया है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, मामले में भारतीय वन अधिनियम के तहत नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने कहा कि अवैध कटान, तस्करी और लकड़ी के अवैध भंडारण के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। कार्रवाई करने वाली टीम में वन सुरक्षा दल प्रभारी नवीन रेकवाल, वन दरोगा कृष्ण चंद्र शर्मा, वन दरोगा सीजी गोस्वामी, वन आरक्षी ललित बिष्ट और वाहन चालक चंदन बेदी आदि शामिल रहे।

## सामान्य ज्ञान ओलंपियाड में चमके विद्यार्थी

**खटीमा।** बिगराबाग स्थित सरस्वती एकेडमी में कक्षा पांच के विद्यार्थियों के लिए सामान्य ज्ञान ओलंपियाड का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए विभिन्न विषयों से जुड़े प्रश्नों के उत्तर देकर सामान्य ज्ञान, बौद्धिक क्षमता और तार्किक सोच का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों में प्रतियोगिता को लेकर खासा उत्साह रहा और उन्होंने आत्मविश्वास के साथ प्रश्नों के उत्तर दिए। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ आत्मविश्वास, जिज्ञासा और सीखने की प्रवृत्ति विकसित होती है। चेयरपर्सन ज्योति पाल एवं प्रधानाचार्य रामयश ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# टीबी-एचआईवी जागरूकता एनसीसी कैडेट्स को दी जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत प्रधानमंत्री श्री आदर्श थारू राजकीय इंटर कॉलेज में एनसीसी आर्मी एवं एयरफोर्स विंग के कैडेटों के लिए टीबी-एचआईवी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव गोस्वामी एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संजय पांडेय के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में कैडेटों को टीबी एवं एचआईवी के संक्रमण, लक्षण, जांच, उपचार और बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। आईसीटीसी की परामर्शदाता धर्मेश गुप्ता ने एचआईवी संक्रमण के कारण, बचाव, जांच और उपचार के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के साथ भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। समय पर जांच और नियमित उपचार से संक्रमित व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता है। जिला पीएमडीटी टीबी-एचआईवी समन्वयक नवल किशोर पंडित ने कहा कि एनसीसी कैडेटों को जागरूक करने का उद्देश्य समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना है। वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक संजीव जोशी ने बताया कि दो सप्ताह या अधिक समय तक खांसी, बुखार, रात में पसीना, वजन कम होना और कमजोरी जैसे लक्षण होने पर जांच करानी चाहिए। उन्होंने नियमित उपचार पर जोर दिया। कैडेटों से खांसते-छींकते समय मुंह ढकने और पर्याप्त वेंटिलेशन रखने की अपील की गई। इस दौरान प्रधानाचार्य संतोष कुमार, मनीष राणा, स्वास्थ्यकर्मी, शिक्षक और कैडेट मौजूद रहे।

# शौर्य को नमनः पूर्व सैनिकों ने मनाया 108वां शेरोन डे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** गौरव सैनानी संगठन कुमाऊं राइफल खटीमा के बैनर तले 3 कुमाऊं राइफल्स के भूतपूर्व सैनिकों ने शनिवार को नगर के अमाउं स्थित बारात घर के सभागार में रेजिमेंट का 108वां शेरोन डे हर्षोल्लास और सैन्य गौरव के साथ मनाया। इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री कै गंभीर सिंह धामी ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप भाग लिया।

वहीं पूर्व सैनिकों ने एक-दूसरे को शेरोन डे की बधाई दीं और रेजिमेंट से जुड़ी गौरवशाली स्मरण साझा किए। कार्यक्रम के दौरान सूबेदार आनंद सिंह ने 3 कुमाऊं राइफल्स के गौरवशाली इतिहास, शेरोन डे मनाने की परंपरा और सैन्य सेवा के दौरान जवानों के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रेजिमेंट के लिए यह



कार्यक्रम में मौजूद पूर्व सैनिक। -जागरण मोर्चा

दिन बेहद महत्वपूर्ण है और पूर्व सैनिक आज भी उसी अनुशासन, एकजुटता और देशसेवा की भावना से जुड़े हुए हैं। समारोह में पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान सैन्य सेवा के संस्मरण साझा करते हुए रेजिमेंट के शहीद वीर जवानों को भी श्रद्धापूर्वक याद किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पूर्व सैनिकों को अंग वस्त्र ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम मे बेहद उमंग एवं उत्साह के साथ पूर्व सैनिक पदाधिकारी गणमान्य लोगों ने 3 कुमाऊं राइफल्स की गौरवशाली परंपरा और देश की सेवा में दिए गए योगदान को याद किया। कार्यक्रम का संचालन सूबेदार आनंद सिंह ने किया। मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री कै गंभीर सिंह धामी ने 3 कुमाऊं रेजिमेंट के गौरवशाली इतिहास को याद कर दिवस की सभी पूर्व सैनिकों को शुभकामनाएं दी। वहीं सूबेदार आनंद सिंह ने बताया कि 23 अक्टूबर 1917 को अल्मोड़ा के सिटोली में हुई थी। इस बटालियन को ब्रिटिश भारतीय सेना की पहली कुमाऊनी बटालियन होने का गौरव प्राप्त है। इस बटालियन ने प्रथम विश्व युद्ध 1918 शेरोन की लड़ाई में प्रतिभाग कर अदम्य साहस एवं वीरता के साथ युद्ध में प्रतिभाग किया।

## खटीमा में प्रस्तावित हुआ राज्य जनजाति महोत्सव

**खटीमा।** क्षेत्र में 4, 5 और 6 अक्टूबर को प्रस्तावित जनजाति महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। कार्यक्रम के लिए फिलहाल टीडीसी ग्राउंड को स्थल के रूप में चयनित किया गया है। बरसाती पानी की निकासी के लिए पंपिंग सेट लगाए गए हैं। तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवाण और जल संस्थान के अवर सहायक अभियंता कमल जोशी की देखरेख में पानी बाहर निकाला जा रहा है। एसडीएम तुषार सैनी ने बताया कि देहरादून में होने वाला जनजाति महोत्सव इस बार खटीमा में प्रस्तावित है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के अधीक्षक वीरेंद्र कुमार ने भी तीन दिवसीय आयोजन की पुष्टि की।

# मनरेगाः 3.70 करोड़ का फंड 2024 से अटका

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** वर्ष 2024– 25 से विभिन्न ग्राम सभाओं में ग्राम प्रधानों व बीडीसी सदस्यों द्वारा मनरेगा योजना के तहत किए गए कार्यों का अभी तक लगभग 3 करोड़ 70 लाख से अधिक का भुगतान लंबित है। वर्ष 2024–25 तक मनरेगा योजना के तहत विकासखंड क्षेत्र खटीमा की 64 ग्राम सभाओं में 8 करोड़ 65 लाख 79 हजार का कार्य संपन्न हुआ था। विकास खंड खटीमा में वर्ष 2024– 25 में सर्वाधिक मनरेगा का कार्य ग्राम भड़ा भुड़िया में 46 लाख 91 हजार 595 रुपए, ग्राम बिरिया में 39 लाख तथा ग्राम दियां में 39 लाख 19 हजार का विकास कार्य संपन्न कराया गया था।

खंड विकास अधिकारी कार्यालय एवं ग्रामीण जनप्रतिनिधियों की मानें तो लगभग 8 करोड़ 65 लाख के लंबित मनरेगा योजना के भुगतान मध्ये 3 करोड़ 69 लाख रुपए वर्ष 2024– 25 तथा वर्ष 2025–26 मध्ये 45 लाख तथा वर्ष 2026– 27 में मनरेगा के तहत हुए कार्य का 73 लाख का भुगतान किया जा चुका है। वर्ष 2024–25 में सर्वाधिक भुगतान 25 लाख ग्राम भड़ा भुड़िया, 21 लाख ग्राम सड़ा सडिया तथा दियूरी ग्राम का 17 लाख का भुगतान हुआ है। बावजूद वर्ष 2025 तक के भुगतान मध्ये मनरेगा योजना का अभी 3.70 करोड़ रुपए का भुगतान लंबित है। लंबित भुगतान के लिए ग्राम प्रधान व बीडीसी सदस्य, सांसद अजय भट्ट, सीएम पोर्टल के अलावा कई बार शासन, प्रशासन के समक्ष मामला उठा चुके हैं। हर बार उन्हें शीघ्र भुगतान होने का भरोसा दिया जाता है। मनरेगा के लंबित भुगतान के संबंध में जिला विकास अधिकारी जीएन गोस्वामी ने बताया कि मनरेगा की लंबित भुगतान के संबंध में उचित कार्रवाई की जा चुकी है। इस राशि के शीघ्र मिलने की उम्मीद है। वर्ष 2025 तक किए गए मनरेगा के भुगतान के न मिलने से ग्राम प्रधान एवं बीडीसी सदस्य खासे त्रस्त हैं। कई ग्रामीण जनप्रतिनिधि समय पर भुगतान नहीं होने से हैंड टू माउथ की स्थिति में हैं। निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने वाले व्यावसायिक केन्द्रों के लंबित भुगतान से इन जन प्रतिनिधियों की खासी फजीहत होने लगी है। इन्हें लंबित भुगतान न होने से आर्थिक तंगहाली के दौर से गुजरना पड़ रहा है। मनरेगा योजना के जी राम जी योजना में परिवर्तन होने से भुगतान प्रक्रिया में भी जटिलता का सामना करना पड़ रहा है। जानकार बताते हैं कि सॉफ्टवेयर चेंज होने से भुगतान प्रक्रिया भी जटिल बताई जा रही है।

**एक नजर**

### हिंदी का प्रयोग पूरे देश में बढ़ रहा

**लखनऊ।** हिंदी दिवस के तहत मंजुश्री लखनऊ की ओर से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहयोग से विचार गोष्ठी आयोजित की गई। अध्यक्षता संजीव जायसवाल 'संजय' ने की। उन्होंने कहा कि सभी भाषाओं का अपना महत्व है, लेकिन हिंदी देशभर में तेजी से समझी और बोली जा रही है। पर्यटन के क्षेत्र में भी अहिंदी भाषी क्षेत्रों में हिंदी के बढ़ते प्रयोग से पर्यटकों को सुविधा मिल रही है। मंजुश्री के निदेशक शैलेश श्रीवास्तव ने युवाओं में ऑनलाइन अध्ययन के कारण हिंदी के कम होते प्रयोग पर चिंता जताई। उन्होंने जेन-जी को हिंदी से जोड़ने के लिए योजनाबद्ध प्रयासों की जरूरत बताई। दिनेश कुमार गुप्ता ने हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए सरकारों की ओर से किए गए प्रयासों की जानकारी दी। अलका सक्सेना, सियाराम पांडेय 'शांत' और अजय मिश्र 'अजय श्री' ने भी विचार रखे। प्रियंका चतुर्वेदी ने युवाओं में अंग्रेजी के बढ़ते प्रभाव पर चिंता जताई।

# गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान नहर में डूबा युवक, दूसरे दिन भी नहीं लगा सुराग

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** जिले में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान माधोटांडा निवासी संगम (18) हरदोई ब्रांच नहर में डूब गया था। शनिवार को भी उसका पता नहीं चला। पुलिस, एनडीआरएफ और गोताखोरों ने चार किलोमीटर क्षेत्र में तलाश की।

पीलीभीत जिले की हरदोई ब्रांच नहर में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान डूबे माधोटांडा के वार्ड नंबर सात निवासी संगम (18) पुत्र त्रिवेणी शर्मा का दूसरे दिन शनिवार को भी कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस, एनडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों ने तीन मोटरबोट की मदद से करीब चार किलोमीटर के दायरे में नहर में खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिली। उधर, युवक के नहर में डूबने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। संगम के लापता होने से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

शुक्रवार को गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान कलीनगर पुल के निकट हरदोई ब्रांच नहर में संगम गहरे पानी में चला गया था। साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह पानी में समा गया। सूचना पर पहुंची माधोटांडा पुलिस ने एनडीआरएफ की टीम को बुलाकर तलाश शुरू कराई थी। देर शाम तक खोजबीन के बावजूद युवक का पता नहीं चल सका। शनिवार को भी बचाव दल ने नहर के करीब चार किलोमीटर क्षेत्र में तीन मोटरबोट के जरिए तलाश अभियान चलाया।

स्थानीय गोताखोरों ने भी नहर में खोजबीन की। हादसे की जानकारी मिलने के बाद नहर पुल और आसपास लोगों की भीड़ जुटी रही। परिजन लगातार संगम की तलाश और बचाव अभियान की जानकारी लेते रहे। सीओ विधि भूषण मौर्य ने भी मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई और बचाव अभियान को प्रभावी करने के निर्देश दिए। नहर बंद कराकर तलाशी तेज की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस और बचाव दल की ओर से युवक की तलाश जारी है।

# 25 बच्चों से भरी स्कूली बस में लगी आग, तीन झुलसे-कई हुए बेहोश; नाराज लोगों ने किया RTO पर हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** लखनऊ के इटौंजा के बगहापुर में शार्प ग्लोबल स्कूल की बस में शनिवार सुबह अचानक आग लग गई। बस 25 बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। हादसे में तीन बच्चे झुलस गए। आग बस की इंजन में लगी थी। बस में धुआं भरने से कई बच्चे बेहोश हो गए। ग्रामीणों ने किसी तरह बच्चों को सकुशल बाहर निकाला। घटना की जांच करने पहुंचे एआरटीओ आलोक कुमार यादव को स्कूल प्रबंधन ने घेर लिया। आरोप है कि उनपर हमला किया गया। एआरटीओ ने दो नामजद और 12 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

बस में आग लगते ही बच्चों की चीख पुकार मच गई। शोरगुल सुनकर ग्रामीण दौड़ते हुए वहां पहुंचे और बच्चों को किसी तरह सकुशल बाहर निकाला। इसके बाद बाल्टियों में पानी भरकर आग पर काबू पाया गया। हादसे में दूसरी कक्षा के अभियान अवस्थी और उनकी बड़ी बहन चौथी कक्षा की सृष्टि अवस्थी का हाथ झुलस गया। वहीं तीन वर्ष के वेदांश शुक्ला भी झुलस गए, जिन्हें सीएचसी इटौंजा में भर्ती कराया गया। बस में आग लगने की जानकारी मिलते ही अभिभावक पहुंच गए। जमखनवा निवासी आदित्य प्रकाश मिश्रा, विजय कुमार शुक्ला, संदीप तिवारी, दिलीप शुक्ला, चंद्रशेखर श्रीवास्तव, छोटू शुक्ला और मंटू द्विवेदी ने बताया कि यह बस बच्चों को लेने सुबह गांव में पहुंची थी। बस बंद थी और स्टार्ट नहीं हो रही थी। ग्रामीणों ने धक्का देकर बस को स्टार्ट करवाया। इसके बाद यह बगहापुर के पास पहुंची तो इंजन में आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस में कोई आपातकालीन गेट नहीं था। आग जिस तरफ लगी थी वहीं पर दरवाजा था। बच्चों को उसी दरवाजे से बाहर निकाला गया। परिजनों का कहना है कि अगर गांव वाले सही समय पर नही पहुंचते तो अनहोनी हो सकती थी।

# यूपी भाजपा में बड़ा बदलाव जिलों के नए प्रभारी घोषित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आगामी चुनावों के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को एक अहम कदम उठाया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने प्रदेश के जिलों और महानगरों के लिए नए जिला प्रभारियों की घोषणा कर दी है। अवध क्षेत्र के लिए जारी की गई नई सूची के मुताबिक राजधानी लखनऊ महानगर की कमान त्रयम्बक त्रिपाठी को सौंपी गई है, जबकि लखनऊ जिला का प्रभारी सौरभ मिश्रा को बनाया गया है।

हाईप्रोफाइल सीट रायबरेली की कमान डॉ. नीरज सिंह को सौंपी गई है। इसके अलावा सीतापुर की कमान नीरज सिंह संभालेंगे, लखीमपुर में विजय बहादुर पाठक को जिला प्रभारी की जिम्मेदारी मिली है। हरदोई में कमलेश मिश्रा को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है,अंबेडकरनगर की कमान अवधेश श्रीवास्तव को मिली है, जबकि बाराबंकी के जिला प्रभारी नीरज वर्मा को बनाया गया है। बलरामपुर की कमान रामकिशोर मौर्य संभालेंगे, बहराइच में अर्चना मिश्रा को नियुक्त किया गया है। गोंडा में राहुल राज रस्तोगी को कमान सौंपी गई है, जबकि श्रावस्ती में त्रयम्बक तिवारी को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। अयोध्या जिले की जिम्मेदारी अनूप गुप्ता संभालेंगे, वहीं अयोध्या महानगर से शिवभूषण सिंह को नियुक्त किया गया है। नोएडा महानगर की जिम्मेदारी डीके शर्मा को मिली है, जबकि गौतमबुद्धनगर का जिला प्रभारी कांता कर्दम को बनाया गया है। वहीं बुलंदशहर में पूर्व मंत्री सुरेश राणा को कमान मिली है।

# पीलीभीत टाइगर रिजर्व में अब आठ माह तक घूम सकेंगे सैलानी, एक नवंबर से शुरू होगा पर्यटन सत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय




**पीलीभीत।** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में अब पर्यटन सत्र एक नवंबर से 30 जून तक आठ महीने चलेगा। सरकार ने सभी टाइगर रिजर्व के लिए यह अवधि निर्धारित की है। इससे पर्यटकों को जंगल देखने का एक माह अतिरिक्त समय मिलेगा।

जंगल की हरियाली, बाघों की अठखेलियां और वन्यजीवों की दुनिया करीब से देखने की चाह रखने वाले सैलानियों के लिए अच्छी खबर है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) में अब पर्यटन के लिए सात नहीं, बल्कि पूरे आठ महीने का समय मिलेगा। शासन ने प्रत्येक टाइगर रिजर्व के पर्यटन सत्र की अवधि निर्धारित करते हुए एक नवंबर से 30 जून तक रिजर्व को पर्यटकों के लिए खोलने के निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही हर साल पर्यटन सत्र शुरू करने की तारीख को लेकर बनी रहने वाली असमंजस की स्थिति भी खत्म हो गई है।

देश-दुनिया में अपनी समृद्ध जैव विविधता, घने जंगल और बाघों की मौजूदगी के कारण पहचान बना चुके पीलीभीत टाइगर रिजर्व में अब तक सामान्य तौर पर 15 नवंबर से 15 जून तक पर्यटन संचालित होता रहा है। मानसून के दौरान वन क्षेत्र में पर्यटकों की आवाजाही रोक दी जाती है। हालांकि पिछले वर्ष पहली बार सत्र का आगाज 15 दिन पहले यानी एक नवंबर को किया गया था और 30 जून तक भ्रमण की अनुमति दी गई थी। इससे पहले वर्ष 2024-25 का पर्यटन सत्र छह नवंबर से शुरू हुआ था।

नई व्यवस्था लागू होने से सैलानियों को पहले की अपेक्षा करीब एक माह अतिरिक्त समय मिलेगा। इससे बाहर से आने वाले पर्यटकों को अपनी यात्रा की योजना बनाने में सुविधा होगी। शासनादेश मिलने के बाद रिजर्व प्रशासन ने आगामी सत्र की तैयारियां शुरू कर दी हैं। पीलीभीत टाइगर रिजर्व का वर्ष 2025-26 का पर्यटन सत्र उतार-चढ़ाव से भरा रहा। शुरुआत में जंगल घूमने के लिए बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचे। बाद के महीनों में जर्जर मार्गों और कुछ नियमों की पाबंदियों के कारण पर्यटकों की संख्या में कमी आई। सत्र के अंतिम दौर में एक बार फिर लोगों का रुझान तेजी से बढ़ा।

## संक्षेप समाचार

### गोमती बुक फेयर में एसडीएम प्रमेश कुमार ने साझा की गोमती उद्गम की योजनाएं

**कलीनगर।** लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रहे गोमती बुक फेयर में पत्रकार दीपिका चतुर्वेदी ने कलीनगर एसडीएम प्रमेश कुमार का इंटरव्यू लिया। इंटरव्यू में गोमती नदी से जुड़े मई-जून 2026 के सफाई, तटबंध मरम्मत और मानसून पूर्व तैयारियों पर चर्चा हुई। एसडीएम ने बताया कि तटवर्ती गांवों में नालियों की सफाई, अवरोध हटाने और श्रमदान के माध्यम से अभियान चलाए गए। बाढ़ व जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए नाव, राहत शिविर और बचाव दल की तैयारियों की जानकारी दी गई। उन्होंने गोमती उद्गम परियोजना के तहत प्रस्तावित कार्यों में सीवेज ट्रीटमेंट, तालाबों के कायाकल्प और तटबंध सुदृढ़ीकरण का उल्लेख किया। अतिक्रमण और कूड़ा डंपिंग रोकने के लिए की गई कार्रवाई तथा जनजागरूकता अभियानों की भी जानकारी साझा की गई। प्रमेश कुमार ने कहा कि लक्ष्य केवल सफाई नहीं, बल्कि गोमती की अविरलता और स्थानीय समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इंटरव्यू में गोमती के पर्यावरण, इतिहास, उद्गम क्षेत्र और आगामी कायाकल्प योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

### लारी कॉर्डियोलॉजी में 2डी-ईको के लिए 49 दिन की वेटिंग

**लखनऊ।** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के लारी कार्डियोलॉजी में दिल के मरीजों की जांच कराने की राह आसान नहीं है। मरीजों को दिल की जांच के लिए 49 दिन के बाद की तारीख मिल रही है। ऐसे में मरीज जांच के लिए भटक रहे हैं। गंभीर मरीजों की भी तत्काल जांच नहीं हो पा रही है। उन्हें भी 24 घंटे बाद का समय दिया जा रहा है। इससे मरीजों का समय पर सही इलाज शुरू नहीं हो पा रहा है। यहां 2डी-ईको जांच के लिए काफी समय से वेटिंग चली आ रही है। जिम्मेदारों की हीलाहवाली से मरीजों को दिक्कतों का सामान करना पड़ रहा है। लारी कार्डियोलॉजी में पूरे प्रदेश से हृदय रोगी इलाज के लिए आते हैं। यहां ओपीडी में रोजाना करीब 400 मरीज देखे जाते हैं। इसके आलावा इमरजेंसी का भी 24 घंटे संचालन होता है। केजीएमयू में एमआरआई, सीटी स्कैन और अल्ट्रासाउंड सहित अन्य जांचों के लिए भी लंबी वेटिंग है। जिससे गंभीर मरीजों की परेशानी बढ़ रही है। लाहीमपुर के रहने वाले सुनील कुमार के गले में परेशानी है। उन्होंने शनिवार को केजीएमयू की ओपीडी में दिखाया था। चिकित्सक ने एमआरआई कराने की सलाह दी। सुनील के मुताबिक उन्हें जांच के लिए 25 सितंबर की तारीख दी गई है। उन्होंने इसके लिए 4800 रुपये का शुल्क भी जमा कर दिया है। वहीं मरीज पुष्कर जायसवाल ने पेट में परेशानी होने पर शनिवार को ओपीडी में दिखाया था। चिकित्सक ने अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह दी। पुष्कर के मुताबिक उन्हें छह छह नवंबर की तारीख दी गई।

### यूपी में 15 लाख से अधिक किसानों के सम्मान निधि पर लटकी तलवार! समय पर सत्यापन नहीं हुआ तो अटक सकती है 24वीं किस्त

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-KISAN) योजना के लाभार्थियों के संदिग्ध और अधूरे रिकॉर्ड को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार ने सख्ती बढ़ा दी है। कृषि विभाग ने प्रदेश में लंबित 15,35,858 मामलों का शत-प्रतिशत सत्यापन और डाटा शुद्धीकरण कराने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए सितंबर के अंत तक माइक्रोप्लान तैयार कर इसे चल रहे फार्मर रजिस्ट्री अभियान से जोड़ने को कहा गया है। कृषि विभाग के प्रमुख सचिव रविन्द्र ने शुक्रवार को जारी शासनादेश में अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सभी संदिग्ध और अधूरे रिकॉर्ड का समय से सत्यापन कराया जाए। शासन ने स्पष्ट किया है कि सत्यापन में देरी होने पर आगामी किस्त जारी होने से पहले संबंधित प्रकरण निरस्त हो सकते हैं। ऐसे में पात्र किसानों को भी योजना का लाभ मिलने में परेशानी हो सकती है। कृषि विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, लंबित मामलों में सबसे बड़ी संख्या पिछले भूमि स्वामी की अधूरी पहचान से जुड़े मामलों की है।

# डीएम और एसपी ने वृद्धाश्रम पहुंचकर जाना बुजुर्गों का हाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने बरखेड़ा के ग्राम मचवाखेड़ा स्थित नेकी की दीवार संस्था के आवासीय वृद्धाश्रम में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। दोनों अधिकारियों ने वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं, स्वच्छता, चिकित्सा सुविधाओं और भोजन की जानकारी ली। उन्होंने आश्रम में रह रहे बुजुर्गों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य और मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने बुजुर्गों को फल, खाद्य सामग्री, साड़ी और स्टील की बोतलें वितरित कीं। उन्होंने आश्रम के कक्षों में जाकर बुजुर्ग महिलाओं का हालचाल भी जाना देखभालकर्ताओं को बुजुर्गों की नियमित मेडिकल जांच, दवाओं की उपलब्धता और साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनकी सेवा व सुरक्षा हम सभी का दायित्व है। कार्यक्रम में नेकी की दीवार संस्था के पदाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



वृद्धाश्रम में मौजूद डीएम व एसपी। -जागरण मोर्चा

# 1100 दीप जलाकर प्रधानमंत्री के दीर्घायु व उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, माधोटांडा में प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सेवाकाल के उपलक्ष्य में 1100 दीप प्रज्वलित किए गए। दीपोत्सव एवं आरती के बाद सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा विधायक बाबूराम पासवान, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक सुरकीर्ति माधव समेत अधिकारी मौजूद रहे। प्रधानाचार्य अनिल कुमार सक्सेना ने विद्यालय में शिक्षकों की कमी और बिजली व्यवस्था नहीं होने की समस्या जिलाधिकारी के सामने रखी। उन्होंने बताया कि रात में बिजली न होने से विद्यार्थियों को परेशानी होती है और परिसर व सड़कों पर जहरीले सांपों का खतरा बना रहता है। जिलाधिकारी ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द सौर ऊर्जा व्यवस्था कराने और शिक्षकों की कमी दूर करने का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और अन्य लोग मौजूद रहे।




कार्यक्रम में मौजूद जिलाधिकारी, विधायक व अन्य। -जागरण मोर्चा

**मौसम** 21 सितंबर के बाद नहीं होगी बरसात

# मानसून की विदाई के बीच प्रदेश के कई जिलों में बारिश की चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** प्रदेश में मौसम की स्थिति लगातार बदल रही है। इसको लेकर मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार ने बताया कि शनिवार को प्रदेश के केंद्रीय भागों कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी आदि क्षेत्रों में बारिश हुई। जबकि आज दक्षिण पूर्वी क्षेत्रों बनारस, प्रयागराज में बारिश की संभावना है। बाकी के क्षेत्रों में मौसम सामान्य रहेगा। हालांकि कुछ क्षेत्रों में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी।

अतुल कुमार ने बताया कि निचले एवं मध्य क्षोभमंडल में प्रदेश के उत्तर पूर्वी भाग से उत्तर पूर्वी अरब सागर तक जा रही द्रोणी के कारण अरब सागर से आ रही नमी के अतिरिक्त प्रदेश के उत्तरी पश्चिमी भाग पर अवस्थित पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आज प्रदेश में कुछ स्थानों पर हुई हल्की से मध्यम वर्षा हुई।

इसके साथ ही शनिवार को पश्चिमी राजस्थान से मानसून वापसी आरंभ होने के साथ ही 20 सितंबर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं 21 सितंबर को पूरे प्रदेश में वर्षा का वर्तमान दौर थम जाएगा। इसके उपरांत उत्तरी अंडमान सागर पर बने निम्न दबाव क्षेत्र के उत्तरोत्तर मजबूत होते हुए दक्षिण उड़ीसा-उत्तरी आंध्रप्रदेश तट की ओर बढ़ने की संभावना के दृष्टिगत 23 सितंबर को पूर्वांचल से वर्षा का नया दौर आरंभ होकर 25 सितंबर तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश पहुंचने की संभावना है।

# एलडीए ने काकोरी में पांच अवैध प्लॉटिंग पर चलाया बुलडोजर

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से शनिवार को काकोरी क्षेत्र में पांच अवैध प्लॉटिंग पर बुलडोजर चलाकर निर्माण ध्वस्त किए। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-3 की टीम ने कार्रवाई की। जोनल अधिकारी मान सिंह ने बताया कि अभियान ग्राम-बेहटा में चलाया गया। इसमें सरवन यादव, गोलू यादव, नंद किशोर और राजकुमार सहित अन्य लोग शामिल थे। लगभग 25 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी। सभी प्लॉटिंग एलडीए से लेआउट स्वीकृत कराए बिना हो रही थीं। विहित प्राधिकारी न्यायालय ने इनके ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किए थे। निजी विकासकर्ताओं द्वारा स्थल पर किए गए अवैध निर्माणों को भी ध्वस्त किया गया।

# पद से बड़ा समाजवादी विचारधारा से रिश्ता, 2027 में सपा की सरकार बनाना लक्ष्य: जगदेव सिंह जग्गा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि उनके लिए किसी पद से बड़ा समाजवादी विचारधारा से रिश्ता है। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों से एकजुट रहकर संगठन को मजबूत करने की अपील की। जग्गा ने कहा कि पार्टी में पद और जिम्मेदारियां बदल सकती हैं, लेकिन विचारधारा से उनका रिश्ता जीवनभर कायम रहेगा। उन्होंने सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को अपना नेता और अभिभावक बताते हुए उनके प्रति आभार जताया। जग्गा ने कहा कि करीब पांच वर्ष सात माह तक जिला अध्यक्ष रहते हुए उन्हें कार्यकर्ताओं का भरपूर सहयोग और स्नेह मिला। उन्होंने अपने कार्यकाल में जाने-अनजाने हुई किसी गलती के लिए कार्यकर्ताओं से क्षमा भी मांगी। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष धर्मेश गंगवार को शुभकामनाएं देते हुए उनके साथ मिलकर संगठन मजबूत करने की अपील की। उन्होंने सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं से कार्यकर्ताओं को सावधान रहने को कहा। जग्गा ने कहा कि कार्यकर्ताओं की ऊर्जा आपसी मतभेदों के बजाय संगठन और जनता के मुद्दों पर लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है।



जगदेव सिंह जग्गा। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com








## रास्ते में रोककर युवक पर धारदार हथियार से हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पुलिस से शिकायत कर पीडित ने कार्रवाही की मांग, घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया**

**पूरनपुर।** नगर के नूरी नगर निवासी अरबाज पुत्र इरशाद ने रास्ते में रोककर गाली-गलौज करने और धारदार हथियार से हमला करने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने, मेडिकल परीक्षण कराने और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी गई तहरीर में पीडित ने बताया कि 18 सितंबर की शाम अरबाज पूरनपुर भुर्जी वाली गली से होकर गुजर रहा था। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद सुनैद उर्फ निजामुद्दीन ने उसे रोक कर गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी कथित रूप से आगबबूला हो गया और हाथ में लिए धारदार हथियार से जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। पीड़ित का कहना है कि उसने बचाव के लिए अपना बायां हाथ आगे कर दिया। जिससे हथियार उसके हाथ में लग गया।आरोप है कि आरोपी ने लगातार कई बार हमला किया और मारपीट भी की। जिससे वह घायल हो गया। इसको लेकर खलवली मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गया। पीड़ित ने आरोपी से जान का खतरा बताते हुए पुलिस से मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने वताया कि तहरीर पर मामले की जांच कराई जा रही है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# लेखपाल को हटाने के लिए भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## किसानों को परेशान करने का लेखपाल पर लगा आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय


एसडीएम को ज्ञापन देते भाकियू कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** ग्राम लाह में तैनात लेखपाल पर किसानों को परेशान करने और भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं से अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए भाकियू (अराजनैतिक) ने शनिवार तहसील पहुंच कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने लेखपाल को गांव से हटाकर दूसरे लेखपाल की तैनाती किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में भाकियू तहसील अध्यक्ष कुलवंत सिंह (सोनी) ने आरोप लगाया कि ग्राम लाह में तैनात लेखपाल अतुल कुमार गंगवार संगठन के कार्यकर्ताओं के फोन नहीं उठाते और किसानों की समस्याओं के समाधान में टालमटोल करते हैं। आरोप है कि कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत के दौरान लेखपाल द्वारा आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग भी किया जाता है, संगठन का कहना है कि इससे किसानों और कार्यकर्ताओं में रोष है, भाकियू ने लेखपाल पर बिना सुविधा शुल्क लिए काम नहीं करने का भी आरोप लगाया है। संगठन ने मांग की है कि अतुल कुमार गंगवार को ग्राम लाह से हटाकर पूर्व में तैनात रहे विपिन कुमार शर्मा अथवा ओमप्रकाश को लेखपाल बनाया जाए।ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन तहसील स्तर पर धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होगा। ज्ञापन देने वालों में जिला सचिव सर्वेश कुमार, वरिष्ठ कार्यकर्ता अनिल कुमार, ग्राम अध्यक्ष बालकराम समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## संक्षेप समाचार

### सार्वजनिक रास्ते पर वाहन-चारपाई डालकर कब्जा

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया दुलई निवासी अजय प्रकाश पांडेय ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर सार्वजनिक रास्ते को अवरुद्ध करने और विरोध करने पर गाली-गलौज व मारपीट की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायत में कहा गया है कि अनिल कुमार, अमित कुमार, सुमित कुमार, विकास कुमार समेत कुछ लोग सार्वजनिक रास्ते के दोनों ओर वाहन खड़े कर देते हैं। इसके अलावा रास्ते में चारपाई डालकर दिन में बैठने और रात में सोने का आरोप है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। अजय प्रकाश का कहना है कि रास्ता खुलवाने के लिए थाना स्तर पर पहले भी दो-तीन बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, उनके अनुसार पूर्व में गांव के सम्मानित लोगों की मौजूदगी में रास्ते में वाहन न खड़े करने और अवरोध न करने का निर्णय भी हुआ था। इसके बावजूद स्थिति दोबारा जस की तस हो गई।आरोप है कि रास्ता खाली रखने की बात कहने पर संबंधित लोग गाली-गलौज करते हुए मारपीट की धमकी देते हैं। एसडीएम से मामले की जांच कराकर रास्ते से अवरोध हटवाने, संबंधित लोगों पर कार्रवाई करने और सुरक्षा दिलाने की मांग की है।

### राधा रानी के जन्मोत्सव पर हुआ प्रसाद वितरण

**पूरनपुर।** नगर में राधा रानी के जन्मोत्सव के अवसर पर धार्मिक आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने राधा रानी की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में प्रसाद वितरण भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। राधा रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों समेत कई श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की। आयोजकों की ओर से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने राधा रानी के चरणों में श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना की और सभी के सुख-शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की। प्रसाद वितरण के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। आयोजन को सफल बनाने में आयोजकों और श्रद्धालुओं का सहयोग रहा।

### आयुर्वेद दिवस पर जिलेभर में हुए कार्यक्रम, 1000 लोगों को मिला नि:शुल्क उपचार


उपचार कराने आए मरीज। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** 11वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर जिलेभर में आयुर्वेद एवं स्वस्थ जीवनशैली को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरवंश कुमार के निर्देशन में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष आयुर्वेद दिवस की थीम "स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद" रही। जिले के विभिन्न राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालयों में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाए गए। इन शिविरों में करीब 1000 लाभार्थियों को चिकित्सकीय परामर्श और नि:शुल्क औषधियां वितरित की गईं। 17 सितंबर को चिकित्सालयों में "आशीर्वाद का दिया" कार्यक्रम के तहत दीप प्रज्वलित किए गए। 18 सितंबर को विभिन्न क्षेत्रों में ग्राम चौपालों के माध्यम से ग्रामीणों को आयुर्वेद, दिनचर्या, ऋतुचर्या और योग के महत्व की जानकारी दी गई। प्रकृति परीक्षण ऐप के जरिए लोगों का प्रकृति परीक्षण कर उनकी प्रकृति के अनुरूप स्वस्थ जीवनशैली की जानकारी दी गई। राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालयों में औषधीय एवं उपयोगी पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। नोडल अधिकारी डॉ. नमन शर्मा के समन्वय में चिकित्साधिकारियों, फार्मासिस्टों, योगाचार्यों और स्वास्थ्यकर्मियों ने लोगों को आयुर्वेद एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया।

### बीसलपुर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस में 140 शिकायतें, 15 का मौके पर निस्तारण


समाधान दिवस में मौजूद जिलाधिकारी व फरियादी। -जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में तहसील बीसलपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। समाधान दिवस में कुल 140 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 15 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व मामलों में आवश्यकता पड़ने पर पुलिस को साथ लेकर मौके पर निस्तारण कराने को कहा। आईजीआरएस व जनसुनवाई पोर्टल की शिकायतों की निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान पात्र कृषकों को तोरई की मिनीकिट तथा दैवीय आपदा में मृतकों के परिजनों को सहायता राशि के डेमो चेक वितरित किए गए। समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक, सीएमओ, एसडीएम, जिला विकास अधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# महाविद्यालय में आयोजित की गई रंगोली प्रतियोगिता

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में हुआ कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय


रंगोली बनाते बच्चे। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** नगर के गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डा. सुधीर कुमार शर्मा के निर्देशन में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान मे रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने विभिन्न सामाजिक, राष्ट्रीय एवं महिला सशक्तीकरण से जुड़े विषयों को रंगोली के माध्यम से आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया।प्रतियोगिता में टीम विकसित भारत की ललिता देवी, अनुष्का देवी एवं आरजू बी. ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम एक भारत श्रेष्ठ भारत की नैन्सी राठौर, सरिता देवी एवं सिया चौधरी द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि टीम मिशन शक्ति की दीक्षा गुप्ता,चित्रांशी एवं शीतल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. सुधीर कुमार शर्मा ने कहा कि रंगोली जैसी रचनात्मक गतिविधियां विद्यार्थियों में कला, कल्पनाशीलता, टीम भावना और सामाजिक जागरूकता को विकसित करती हैं। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार बनाना है। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डा. मृदुला शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता यह दर्शाती है कि उनमें सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ सामाजिक संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का अवसर प्रदान करती हैं। कार्यक्रम के अंत में विजेता टीमों को बधाई दी गई तथा सभी प्रतिभागी छात्राओं के उत्साह और रचनात्मक प्रयासों की सराहना की गई। कार्यक्रम मे डा.राजिया शकील का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर डा. अरविंद कुमार दीक्षित एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

## अतिरिक्त कार्य का बहिष्कार करेंगे हल्का लेखपाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

- लंबित मांगों को लेकर शासन को भेजा गया ज्ञापन

**पूरनपुर।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की तहसील पूरनपुर इकाई ने लंबित मांगों को लेकर शासन को शनिवार दोपहर ज्ञापन भेजकर जल्द समाधान की मांग की है। संघ ने चेतावनी दी है कि मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने पर 22 सितंबर से लेखपाल अतिरिक्त हल्के का कार्य नहीं करेंगे।तहसील अध्यक्ष शिशुपाल सिंह और मंत्री आकांक्षा राजपूत के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में अंतर्मंडलीय स्थानांतरण, चयन वर्ष2025-26 की लंबित पदोन्नति सूची जारी करने, प्रशिक्षण परीक्षा का परिणाम व प्रमाणपत्र घोषित करने तथा विभिन्न भत्तों में वृद्धि की मांग उठाई गई है। संघ ने स्टेशनरी भत्ता 100 से बढ़ाकर 500 रुपये, मोटरसाइकिल वाहन भत्ता 1500 रुपये तथा विशेष भत्ते में वृद्धि की मांग रखी है।इसके अलावा भूलेख कार्यालयों में संबद्ध लेखपालों को मूल कार्य पर वापस भेजने, ग्राम सचिवालयों में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध होने तक रोस्टर का बहिष्कार करने, 2800 ग्रेड पे की वेतन विसंगति दूर करने और लेखपाल पद को तकनीकी पद घोषित कर लैपटॉप व मोबाइल उपलब्ध कराने की मांग की गई है।ज्ञापन में कहा गया कि 22 सितंबर से लेखपाल अपने मूल हल्के में कार्य करते हुए अतिरिक्त हल्के का कार्य छोड़ेंगे और आवंटित अतिरिक्त हल्के का बस्ता संबंधित कार्यालय में जमा करेंगे। इसके बाद ऑनलाइन कार्यों के बहिष्कार सहित अन्य निर्णय लिए जाने की चेतावनी भी दी गई है।

# जर्जर विद्युत पोल व ई-रिक्शा अव्यवस्था को लेकर सभासद संघ अध्यक्ष ने उठाई आवाज

जागरण मोर्चा कार्यालय


तहसील दिवस में विद्युत पोल व ई- रिक्शा को लेकर पत्र देते सभासद संघ के लोग।

**पूरनपुर।** नगर पालिका वार्ड 24 के सभासद एवं सभासद संघ अध्यक्ष अनुज कुमार गुप्ता ने सभासद सौरभ सक्सेना, गौरव जयसवाल व सभासद प्रतिनिधि शेर सिंह के साथ तहसील दिवस में दो पत्र देकर नगर की समस्याओं के समाधान की मांग की। उन्होंने मुख्य बाजार, गांधी पार्क, स्टेशन रोड, मेला बाजार रोड, पकड़िया तिराहा व आसाम चौराहा समेत प्रमुख मार्गों पर ई-रिक्शा के अव्यवस्थित संचालन और अतिक्रमण से लगने वाले जाम का मुद्दा उठाया। सुबह 8 से शाम 5 बजे तक मेन बाजार रोड पर चार पहिया वाहनों का प्रवेश नियंत्रित करने की मांग की गई। साथ ही मुख्य बाजार सहित प्रमुख सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने का अनुरोध किया। दूसरे पत्र में वार्ड 24, 13, 17, 9, 22, 8 व लाइनपार क्षेत्र में जर्जर विद्युत पोल और नीचे लटक रहे तारों को बदलवाने की मांग की गई। उन्होंने विद्युत तारों को मानक ऊंचाई पर कराने तथा दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की। नगर में विद्युत कटौती कम करने और शाम 6 से रात 10 बजे तक निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया। सभासद अनुज कुमार गुप्ता ने कहा कि यातायात और विद्युत सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता से समयबद्ध समाधान होना चाहिए।

# भाभी को गलत नीयत से दबोचा, दुष्कर्म की कोशिश पचास हजार के लिए विवाहिता की हत्या की कोशिश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**घटना के बारे में बताया तो सभी ने एक राय होकर विवाहिता को बहरेमी से मारा पीटा और जान से मारने की नीयत से गला दबाया**

**पूरनपुर।** दहेज की मांग पूरी ना करने पर विवाहिता को मार पीटकर प्रताडित करना शुरु कर दिया। आरोप है कि देवर ने कमरे में घुसकर छेंडछाड कर जबरन दुष्कर्म करने का प्रयास किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने बताया कि उसका निकाह पांच माह पहले एक युवक के साथ हुई थी। जिसमे मायके वालों ने अपनी सामर्थ के अनुसार दान दहेज दिया था। लेकिन दिए गए दहेज से ससुराली संतुष्ट नही थे। आरोप है कि शादी के वाले दिन ही ससुरालियों ने पचास हजार रुपये कम देने की बात कहने लगे और विवाद करने लगे, रिस्तेदारों के समझाने पर उसका निकाह हुआ और वह अपनी ससुराल पहुंची, आरोप है कि पचास हजार रुपये को लेकर मारपीट कर प्रताडित करना शुरु कर दिया, सात सितंबर को विवहिता घरेलू काम निपटाकर कमरे में वेड पर लेटी थी। पति बाहर खेत गए थे। आरोप है कि देवर गलत नीयत से कमरे में घुस आया। आरोप है कि वेड पर लेटी विवाहिता को दवोच लिया। और छेडछाड कर जबरन कपडे फाड दिए और दुष्कर्म करने का प्रयास किया। वमुश्किल उसने किसी तरह से अपने आपको बचाया। देवर ने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। इस घटना के वारे में वताया तो सभी ने एक राय होकर विवाहिता को बहरेमी से मारा पीटा। जान से मारने की नीयत से गला दबाया, शोर मचाने पर आस पास के लोगों ने वमुश्किल बचाया। सूचना पर उसके पिता ससुराल पहुंचे और उसको मायके लेकर आए। मामले की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित अन्य ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाही शुरु कर दी गई है।

**सख्ती** डंपरों पर कार्रवाही नही, होमगार्ड से मारपीट का आरोप

# छोटी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर कार्रवाई करने से उठे सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय


मौके पर मौजूद एसडीएम। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के बीच प्रशासन ने शनिवार सुबह कार्रवाई करते हुए एसडीएम ने दो छोटी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पकड़ लीं। दोनों वाहनों को शेरपुर कलां चौकी पर खड़ा कराते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है। बताया गया कि क्षेत्र में अवैध खनन और खनन सामग्री के परिवहन को लेकर स्थानीय लोगों और मीडिया के माध्यम से लगातार शिकायतें प्रशासन तक पहुंच रही थीं। शिकायतों का संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी पूरनपुर मयंक गोस्वामी के निर्देशन में टीम ने सुबह करीब सात बजे कार्रवाई की। मौके से अवैध खनन में इस्तेमाल की जा रही दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पकड़ी गईं। वहीं, क्षेत्र में बड़े डंपरों के जरिए कथित रूप से खनन और खनन सामग्री के परिवहन को लेकर भी सोशल मीडिया पर चर्चाएं तेज हैं। स्थानीय स्तर पर इसको लेकर तरह-तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि छोटी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर कार्रवाई के साथ बड़े वाहनों की गतिविधियों की भी जांच होनी चाहिए।प्रशासन ने पकड़े गए वाहनों के संबंध में नियमानुसार जांच और विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि अवैध खनन और खनन सामग्री के अवैध परिवहन के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। हालांकि डंपर पर कार्रवाई न होने को लेकर चर्चाओ का माहौल है। इस दौरान एसडीएम के साथ पहुंचे होमगार्ड विरेन्द्र से भी खनन माफियाओं के दारा मारपीट का आरोप है और पुलिस से शिकायत की गई है।

# ग्राम समाज की जगह पर खड़े पेड़ दिनदहाड़े काटे बिजली लाइन पर पेड़ गिरने से ग्रामीणों में नाराजगी

जागरण मोर्चा कार्यालय


दिनदहाड़े काटे गए पेड़। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कुरैया खुर्द कला में ग्राम समाज की जमीन पर खड़े पेड़ों को कथित रूप से बिना अनुमति दिनदहाड़े काटे जाने का मामला सामने आया है। पेड़ मंदिर के पास लगे हुए थे। पेड़ों की कटान की जानकारी होने पर गांव के कई लोग मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने मौके पर नाराजगी जताते हुए इसकी सूचना तहसील प्रशासन को दी। मामले की जानकारी मिलते ही हल्का लेखपाल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम समाज की जमीन पर खड़े पेड़ों को बिना किसी अनुमति के काट दिया गया। पेड़ों की कटान को लेकर ग्रामीणों में काफी नाराजगी देखी गई। ग्रामीणों का कहना था कि सार्वजनिक स्थान पर लगे पेड़ों को इस तरह काटे जाने की जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। इसी दौरान काटा गया एक पेड़ बिजली की लाइन के ऊपर जा गिरा। पेड़ के गिरने से बिजली की लाइन टूटकर नीचे गिर गई। अचानक बिजली लाइन टूटने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों में भी हड़कंप की स्थिति बन गई। गनीमत रही कि बिजली की लाइन गिरने के दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। बिजली लाइन टूटने की सूचना बिजली विभाग को दी गई। सूचना मिलने पर विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। टीम ने क्षतिग्रस्त बिजली लाइन को देखा और विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। घटना की जानकारी मिलने पर एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए राजस्व विभाग को जांच के आदेश दिए हैं। ग्राम समाज की जमीन पर पेड़ों की कटान और बिजली लाइन टूटने की घटना के बाद गांव में मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।




# एशियन गेम्स 2026 का शानदार आगाज

## मनु भाकर और पवन सेहरावत ने थामा तिरंगा, ओपनिंग सेरेमनी में दिखी देश की ताकत










**एजेंसी न्यूज**

**आइची नागोया।** आइची-नागोया में एशियन गेम्स 2026 का शानदार आगाज हो गया है। पालोमा मिजुहो स्टेडियम में आयोजित भव्य ओपनिंग सेरेमनी में पूरे एशिया के खिलाड़ी और अधिकारी एक मंच पर नजर आए। इसी दौरान भारतीय दल ने भी पूरे जोश और गर्व के साथ मार्च किया। दो ओलंपिक पदक जीत चुकीं भारतीय शूटर मनु भाकर और स्टार कबड्डी खिलाड़ी पवन सेहरावत हाथों में तिरंगा थामे भारतीय दल की अगुआई करते नजर आए। उनके पीछे भारतीय खिलाड़ियों का बड़ा दल शान से स्टेडियम में पहुंचा और इस खास पल का गवाह बना।

**एशियन गेम्स 2026 में भारत पर एक नजर**

501 भारतीय खिलाड़ी एशियन गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

36 खेलों में भारत के खिलाड़ी पदक के लिए चुनौती पेश करेंगे।

भारतीय दल में 260 से ज्यादा पुरुष और 230 से ज्यादा महिला खिलाड़ी शामिल हैं।

भारत के दल में 15 साल के वैभव सूर्यवंशी सबसे युवा खिलाड़ी हैं।

55 वर्षीय घुड़सवार श्रुति वोरा सबसे उम्रदराज भारतीय खिलाड़ी हैं।

भारत के दल में 40 साल का उम्र का अंतर है, जो युवा जोश और अनुभव का शानदार मेल दिखाता है।

भारत हांगझोउ 2022 के 107 पदकों के रिकॉर्ड प्रदर्शन को दोहराने की चुनौती के साथ उतरेगा।

सात खेलों में लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक के लिए सीधे क्वालिफिकेशन का मौका जुड़ा है।

ये सात खेल हैं, तीरंदाजी, हॉकी, स्क्वैश, टेनिस, सर्फिंग, नौकायन और ट्रायथलॉन।

एशियन गेम्स में भारत के दल में अनुभवी सितारों के साथ कई युवा प्रतिभाएं भी शामिल हैं।

आइची-नागोया में भारतीय खिलाड़ी पदकों की संख्या बढ़ाने के साथ अपनी नई पीढ़ी को बड़े मंच पर साबित करने की कोशिश करेंगे।

**मनु-पवन के हाथों में तिरंगा, पीछे भारतीय दल**

भारतीय दल की एंट्री ओपनिंग सेरेमनी के सबसे खास पलों में रही। मनु भाकर और पवन सेहरावत हाथों में तिरंगा लेकर सबसे आगे रहे। उनके पीछे भारतीय खिलाड़ी और अधिकारी पूरे उत्साह के साथ मार्च करते हुए स्टेडियम में पहुंचे। तिरंगे के साथ भारतीय दल की यह तस्वीर एशियन गेम्स के मंच पर देश की मौजूदगी को खास बनाने वाली रही। मनु भाकर के लिए यह एशियन गेम्स में तीसरी भागीदारी है। वह पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीत चुकी हैं। वहीं पवन सेहरावत 2023 हांगझोउ एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय कबड्डी टीम का हिस्सा रहे थे।

शुरूआत में पुरुष फ्लैग-बेयरर के तौर पर शॉटपुट स्टार तजिंदरपाल सिंह तूर का नाम था, लेकिन समारोह की किट से जुड़ी तकनीकी समस्या के कारण उन्हें आखिरी समय पर बदल दिया गया। उनकी जगह पवन सेहरावत ने भारतीय दल की अगुआई की। तूर हालांकि एशियन गेम्स में भारत की पदक उम्मीदों का अहम हिस्सा हैं। वह पिछली बार की तरह इस बार भी शॉटपुट में अपने प्रदर्शन से भारत के लिए स्वर्ण पदक की चुनौती पेश करेंगे।

ओपनिंग सेरेमनी के दौरान जापान के सम्राट नारुहितो ने 20वें एशियन गेम्स को आधिकारिक रूप से खोलने की घोषणा की। इसके साथ ही आइची-नागोया एशियन गेम्स का औपचारिक आगाज हो गया और अब पूरे एशिया से पहुंचे खिलाड़ी पदकों के लिए मैदान में उतरेंगे। भव्य समारोह में 45 देशों और क्षेत्रों से आए खिलाड़ी और अधिकारी मौजूद रहे। जापान ने पारंपरिक संगीत और नृत्य के साथ समारोह की शुरूआत की। कलाकारों की प्रस्तुति में 'हएछउडटए' संदेश भी दिखाई दिया।

समारोह के दौरान आइची प्रीफेक्चर के गवर्नर ओमुरा हिदेआकी ने पालोमा मिजुहो स्टेडियम में मौजूद खिलाड़ियों और दर्शकों को संबोधित किया। उनका संबोधन जापानी भाषा में हुआ। आइची और नागोया पूरे एशिया से आए खिलाड़ियों की मेजबानी कर रहे हैं और गवर्नर की मौजूदगी ने समारोह के महत्व को और बढ़ाया। इसके बाद ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) के अध्यक्ष शेख जुआन बिन हमद अल थानी ने भी समारोह में मौजूद खिलाड़ियों और दर्शकों को संबोधित किया। उन्होंने पालोमा मिजुहो स्टेडियम से एशियाई खेलों के इस बड़े आयोजन की शुरूआत के मौके पर अपनी बात रखी।

ओपनिंग सेरेमनी के साथ ही एशियन गेम्स 2026 की औपचारिक शुरूआत हो चुकी है। भारतीय खिलाड़ी अलग-अलग खेलों में पदकों के लिए उतरेंगे। भारत इस बार पिछले एशियन गेम्स में किए गए अपने रिकॉर्ड प्रदर्शन को आगे बढ़ाने की कोशिश करेगा। हांगझोउ 2023 में भारत ने कुल 107 पदक जीते थे, जिसमें 28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य शामिल थे।अब आइची-नागोया में भारतीय खिलाड़ियों की नजर एक बार फिर पदक तालिका में मजबूत प्रदर्शन पर होगी। ओपनिंग सेरेमनी में तिरंगा थामे मनु भाकर और पवन सेहरावत की अगुआई में भारतीय दल की तस्वीर ने इस अभियान की शुरूआत को खास बना दिया। अब स्टेडियम की चमक के बाद बारी मैदान पर प्रदर्शन की है, जहां भारतीय खिलाड़ी पदकों के लिए अपना दमखम दिखाएंगे।




## एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह में भव्यता की दिखी कमी

### खाली स्टैंड ने खींचा ध्यान, रंगारंग समारोह के साथ आगाज

**एजेंसी न्यूज**

**नागोया।** एशियाई खेलों के 20वें संस्करण का शनिवार को मिजुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम में रंगारंग और हाई-टेक उद्घाटन समारोह के साथ आधिकारिक आगाज हुआ। आइची- नागोया में हो रहे इन खेलों की शुरूआती ही विवादित हुई है। अव्यवस्थित तैयारियों से एथलीटों का काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस बीच, जापान के सम्राट नारुहितो ने महारानी मासाको, शाही परिवार के सदस्यों, एशियाई ओलंपिक परिषद के अध्यक्ष शेख जोआन बिन हमद अल थानी और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की अध्यक्ष कर्स्टी कोवेंट्री की मौजूदगी में खेलों के शुरू होने की घोषणा की।

दो घंटे के उद्घाटन समारोह की शुरूआत जापान के राष्ट्रगान से हुई जिसके बाद राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। जापान के आत्मरक्षा बल के नौ सदस्यों ने ध्वज को मंच तक पहुंचाया जिसके बाद उसे फहराया गया। इसके बाद



स्टेडियम की रोशनी बुझा दी गई और एक स्पॉटलाइट से राष्ट्रीय ध्वज को रोशन किया गया। उद्घाटन समारोह में आमतौर पर दिखने वाली भव्यता नजर नहीं आई और स्टेडियम में कई सीटें खाली दिखीं। इसके बाद खिलाड़ियों की परेड हुई जिसमें 45 देशों और ओलंपिक परिषद एशिया की शरणार्थी टीम ने हिस्सा लिया। इस तरह कुल 46 दलों ने परेड में भाग लिया।

जापान ने एशियाई खेलों के सादगीपूर्ण लेकिन रंगारंग उद्घाटन समारोह में अपनी तकनीकी और औद्योगिक ताकत के साथ-साथ समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक पेश की जिसने प्रतियोगिता से पहले की अव्यवस्थाओं और लॉजिस्टिक्स समस्याओं के बीच एक उम्मीद की किरण दिखाई। हार्मोनिक हार्ट बीट थीम के साथ जापान ने अपने इतिहास में तीसरी बार एशियाई खिलाड़ियों का स्वागत किया। इससे पहले 1958 में टोक्यो और 1994 में हिरोशिमा में एशियाई खेलों का आयोजन हुआ था। उद्घाटन समारोह का मुख्य आकर्षण दिल के आकार का मुख्य मंच रहा जिसे ह्यवन एशियाह्ल की थीम को दशार्ने के लिए तैयार किया गया था। यह पूरे महाद्वीप के खिलाड़ियों और लोगों के एक-दूसरे से दिल से जुड़ने का प्रतीक था।

खिलाड़ियों की परेड की शुरूआत अफगानिस्तान के दल से हुई, जबकि महाद्वीप की खेल महाशक्ति माने जाने वाले चीन ने 800 से अधिक खिलाड़ियों के बड़े दल के साथ सबका ध्यान खींचा। पेरिस ओलंपिक 2024 की दो पदक विजेता भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और कबड्डी खिलाड़ी पवन सहरावत परेड में भारतीय दल की अगुआई की।







## एशियाई खेल: उद्घाटन समारोह के बाद भावुक हुई मनु भाकर, जसपाल राणा को किया याद; बोलीं- सर की बहुत याद आई

**एजेंसी न्यूज**

**नागोया।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने एशियन गेम्स 2026 की ओपनिंग सेरेमनी में भारतीय दल की अगुआई करते हुए झंडा थामने को एक भावुक अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि इस खास मौके पर उन्हें अपने दिवंगत कोच और मेंटर जसपाल राणा की बहुत याद आई। मनु राणा को याद कर भावुक हो गईं। मालूम हो कि मनु और कबड्डी खिलाड़ी पवन सहरावत उद्घाटन समारोह में भारत के ध्वजवाहक थे।

उद्घाटन समारोह के बाद मनु भाकर ने कहा, 'यह भावुक पल था। मुझे जसपाल राणा सर की बहुत याद आई।' मनु के लिए यह मौका राणा की यादें भी ताजा कर गया, जिन्होंने उनके करियर में अहम भूमिका निभाई थी और टोक्यो 2020 ओलंपिक की निराशा के बाद उन्हें अपनी फॉर्म वापस पाने में मदद की थी। मनु भाकर के कोच राणा, जिनका 11 जून 2026 को 49 साल की उम्र में स्टेंट प्रक्रिया के बाद हुई दिक्कतों के कारण निधन हो गया था, उनके लिए सिर्फ एक मेंटर से कहीं बढ़कर थे। वे एक गाइड और दोस्त थे जिन्होंने खेल के उच्चतम स्तर पर उनकी वापसी में अहम भूमिका निभाई थी।



राणा की देखरेख में भाकर ने टोक्यो ओलंपिक के बाद अपना आत्मविश्वास फिर से हासिल किया और 2024 में हुए पेरिस ओलंपिक गेम्स में इतिहास रचते हुए दो कांस्य पदक जीते।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।